www.navpradesh.com

दैनिक **नवप्रदेश**

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 3 | राजधानी 4 | अभिव्यक्ति 8 | छत्तीसगढ़ 11 | खेल/बिजनेस

RNI NO.CHHHIN/2012/41806 रायपुर, शुक्रवार 21 जून 2024, वर्ष-13 अंक- 72 पृष्ठ-122 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

मुफ्त बिजली और पानी के लालच में आम आदमी पार्टी की प्रचंड बहुमत से सरकार बनाने वाले दिल्ली के बाशिंदे अब पछता रहे हैं। वे बिना पानी पीए ही घुंघरू सेठ को तबीयत से गरिया रहे हैं। जो तिहाड़ जेल में बैठकर सरकार चला रहे हैं। और अंधेर नगरी चौपट राजा वाली कहावत को अक्षरशः चरितार्थ करके दिखा रहे हैं। पत्रकार वार्ता लेने का ही काम करने वाले दिल्ली सरकार के मंत्री अपनी नाकामी पर परदा डालने केन्द्र और पड़ोसी राज्यों को इस विकट समस्या के लिए जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। इसीलिए कहा गया है कि लालच बुरी बला है।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस : साइंस कॉलेज मैदान में 35 हजार साधक करेंगे योगाभ्यास

रायपुर/नवप्रदेश। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के दशम् संस्करण के अवसर पर राजधानी रायपुर में विष्णुदेव सरकार 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन साइंस कॉलेज मैदान में की जाएगी। जिसमें अतिथियों सहित 35 हजार योगसाधक योगाभ्यास करेंगे। कार्यक्रम प्रातः 07.00 से 08.00 बजे तक आयुष मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार छत्तीसगढ़ योग आयोग के प्रशिक्षित एवं अनुभवी योग प्रशिक्षकों द्वारा योगाभ्यास का प्रशिक्षण प्रदान किया जावेगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय होंगे, कार्यक्रम की अध्यक्षता लक्ष्मी राजवाड़े मंत्री समाज कल्याण तथा महिला एवं बाल विकास विभाग करेंगी। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक राजेश मूणत, पुरन्दर मिश्रा, अनुज शर्मा, मोतीलाल साहू, गुरू खुशवंत साहेब, इंद्र कुमार शामिल होंगे। जिसमें राज्य के जन-

प्रतिनिधिगण, शासकीय अधिकारी-कर्मचारी एवं पंतजलि योग संस्थान छत्तीसगढ़, प्रजापिता ब्रम्हकुमारी संस्थान ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सीएम साय ने दी प्रदेशवासियों को बधाई

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रदेशवासियों को दशम् अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की शुभकानाएं दी हैं। योग दिवस की पूर्व संध्या पर यहां जारी अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा है कि योग मूल रूप से शरीर, मन और आत्मा को शुद्ध करने की एक प्रक्रिया है। इससे शारीरिक शक्ति के साथ हमें सकारात्मकता और आंतरिक भावनात्मक मजबूती भी मिलती है। वास्तव में योग स्वस्थ, तनावमुक्त और अनुशासित जीवन जीने की एक शैली है। साय ने कहा है कि योग को निरोग रहने का उत्तम साधन माना गया है। यह भारत की प्राचीन परंपरा है। हमारे ऋषि-मुनियों ने इसके महत्व को बहुत पहले से ही जान लिया था।

बीजेपी सांसद महताब होंगे प्रोटेम स्पीकर

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने प्रोटेम स्पीकर की नियुक्ति कर दी है। ओडिशा से भारतीय जनता पार्टी के सांसद भर्तृहरि महताब को लोकसभा सत्र के मद्देनजर इस पद पर नियुक्त किया गया है। बता दें कि महताब सात बार के सांसद हैं और अगले स्थायी स्पीकर की नियुक्ति तक वे सदन में स्पीकर की सभी जिम्मेदारियां निभाएंगे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संविधान के अनुच्छेद 95(1) के तहत भाजपा सांसद को प्रोटेम स्पीकर नियुक्त किया है।

सुरमा पाढ़ी विस की स्पीकर बनी

भुवनेश्वर। बीजेपी की वरिष्ठ नेता सुरमा पाढ़ी गुरुवार को ओडिशा विधानसभा की स्पीकर निर्विरोध चुनी गयीं। नयागढ़ जिले के रानपुर विधानसभा क्षेत्र से दो बार की विधायक पाढ़ी इस पद के लिए अकेली उम्मीदवार थी। किसी अन्य उम्मीदवार के नहीं होने के कारण पाढ़ी को निर्विरोध चुन लिया गया।

केजरीवाल को मिली जमानत

नई दिल्ली। राउज एवेन्यू कोर्ट ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को बड़ी राहत प्रदान करते हुए आबकारी नीति से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले जमानत प्रदान कर दी। इस मामले में गिरफ्तार केजरीवाल दूसरे राजनेता हैं जिन्हें जमानत मिली है। इससे पूर्व सुप्रीम कोर्ट ने सांसद संजय सिंह को जमानत प्रदान की थी। अवकाश न्यायाधीश नियाय बिंदु ने केजरीवाल और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की दो दिनों तक सुनवाई के बाद यह आदेश पारित किया।

इनामी बदमाश चूहा गिरफ्तार

लखनऊ। नोएडा पुलिस ने चूहा नाम के बदमाश को काफी लंबे समय के बाद गिरफ्तार कर लिया है। यह अक्सर अपने साथियों के साथ मिलकर लूट की वारदात को अंजाम दिया करता था। उत्तर प्रदेश के नोएडा में पुलिस के साथ मुठभेड़ में एक इनामी बदमाश को घायल अवस्था में गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए बदमाश पर करीब एक दर्जन मामले दर्ज हैं।

बस पलटी, कंडक्टर की मौत

बेमेतरा/नवप्रदेश। जिले के चंदनु थाना क्षेत्र में गुरुवार को तेज रफ्तार बस अनियंत्रित होकर पलटने से कंडक्टर की मौके पर ही मौत हो गई और चार अन्य यात्री गंभीर रूप से घायल हो गये। पुलिस को बस दुर्घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल भेजा। उन्होंने बताया कि गुरु कृपा एक निजी बस भाटापारा से नवागढ़ जा रही थी, तभी ग्राम भदराली और पिरैया के बीच अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में बस कंडक्टर की मौके पर ही मौत हो गई।

पाटिल महाविकास अघाड़ी की राह पर

मुंबई। अजित पवार खेमे से एक बड़े नेता महाविकास अघाड़ी में जा रहे हैं। ऐसे में महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव में नए जोश के साथ उतरने की तैयारी कर रहे अजित पवार के मंसूबों को झटका लग सकता है। सूत्रों के मुताबिक कोल्हापुर में बिदरी फैक्ट्री के चेयरमैन और पूर्व विधायक केपी पाटिल महाविकास अघाड़ी की राह पर हैं।

प्रदेश के कई हिस्सों में प्री मानसून का आगमन

राजधानी रायपुर तरबतर...

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी सहित प्रदेश के कई जिलों में गुरुवार देर शाम को हुई झमाझम बारिश ने उमस से हलाकान लोगों को राहत दी। दिन भर धूप-छांव, बिजली की आंख मिचौनी से परेशान राजधानीवासियों को शाम को देने वाली राहत मिली।

मौसम विभाग ने शाम 5 बजे से 8 बजे तक अंधड़ बारिश की चेतावनी भी जारी की थी। छत्तीसगढ़ के कई हिस्सों में अब दक्षिण पश्चिम मानसून के आगे बढ़ गया है। प्रदेश के कुछ हिस्सों में प्री मानसून का आगमन हो चुका है। इससे प्रदेश में बारिश की गतिविधि बनी हुई है। कई जगहों पर गरज चमक के साथ वज्रपात और तेज हवाएं चल रही है। राजधानी रायपुर समेत प्रदेश के कई इलाकों में सुबह से ही बादल छाए हुए हैं। साथ ही बारिश की स्थिति बनी हुई है। प्रदेश में बारिश की वजह से वातावरण ठंडा हो ■ शेष पृष्ठ 6 पर

पूरे देश में प्रचंड गर्मी, सैकड़ों मौतें

नई दिल्ली। जलवायु परिवर्तन का असर पूरी दुनिया पर पड़ता दिखाई दे रहा है। कहीं गर्मी तो कहीं बारिश का तांडव देखा जा सकता है। भारत के कई हिस्सों में गर्मी से कोहराम मचा हुआ है। वहीं प्रचंड गर्मी ने पूरे देश में सौ से ज्यादा जीवन लील लिए। जबकि पूर्वोत्तर के कुछ हिस्से भारी बारिश से बाढ़ से जूझ रहे हैं।

अब तक 110 लोगों की गई जान

स्वास्थ्य मंत्रालय के एक अधिकारी ने कहा कि एक मार्च से 18 जून के बीच हीट स्ट्रोक के 40,000 से अधिक संदिग्ध मामले सामने आए और कम से कम 110 लोगों की मौत की पुष्टि हुई। इस दौरान उत्तर-पश्चिम और पूर्वी भारत में सामान्य से दोगुनी संख्या में गर्म हवाएं चलीं। मौसम विभाग ने इस महीने के लिए भी सामान्य तापमान से अधिक रहने का अनुमान जताया है, क्योंकि अधिकारियों का कहना है कि असंतुलित वृद्धि के कारण भारतीय ■ शेष पृष्ठ 6 पर

नीट को लेकर गरमाई सियासत, राहुल के वार के बाद भाजपा का पलटवार

नई दिल्ली। यूजीसी-नेट परीक्षा रद्द करने पर विपक्ष सत्तारूढ़ दल भारतीय जनता पार्टी पर हमलावर है। इस बीच राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा तो अब भाजपा नेताओं ने कांग्रेस नेता पर पलटवार किया है। प्रेस कांफ्रेस में राहुल गांधी ने कहा था कि 'सभी शिक्षण संस्थानों को भाजपा के लोगों ने कैप्चर कर रखा है। जब तक इन्हें मुक्त नहीं कराया जाएगा, तब तक यह चलता रहेगा। पीएम मोदी इस लीक को रोक नहीं पाए। एक परीक्षा को गड़बड़ियों के बाद आप रद्द कर चुके हैं, पता नहीं दूसरे को रद्द किया जाएगा या नहीं। लेकिन कोई न कोई तो इसके लिए जिम्मेदार है और इसके लिए किसी न किसी को तो पकड़ा जाना चाहिए।

राजस्थान में पेपर लीक पर एक शब्द नहीं बोले राहुल- सुधांशु त्रिवेदी

उधर भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी का कहना है कि सरकार नीट परीक्षा पर पूरी तरह सतर्क और संवेदनशील है। उन्होंने कहा कि ■ शेष पृष्ठ 6 पर

पीएम मोदी 'वार रूकवा' सकते हैं लेकिन पेपर लीक नहीं : राहुल

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को यूजीसी नीट यूजी परीक्षा में कथित पेपर लीक को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस में केंद्र सरकार और पीएम नरेंद्र मोदी का नाम लेकर हमला बोला। राहुल ने कहा, बताया जा रहा था कि पीएम नरेंद्र मोदी ने यूक्रेन की लड़ाई रोक दी थी। इस्राइल और गाजा की लड़ाई को भी नरेंद्र मोदी ने रोक दी थी। लेकिन किसी न किसी कारण में हिंदुस्तान में जो पेपर लीक हो रहे हैं उन्हें नरेंद्र मोदी नहीं रोक पा रहे या फिर रोकना नहीं चाहते। सभी शिक्षण संस्थानों को भाजपा के लोगों ने कैप्चर कर रखा है। जब तक इन्हें मुक्त नहीं कराया जाएगा, तब तक यह चलता ■ शेष पृष्ठ 6 पर

भूपेश का तंज, बोले-योग दिवस कार्यक्रम से भी 'बृजमोहन' दूर

■ **भूपेश ने ट्वीट कर लिखा- पहले विधानसभा से निकाला, फिर मंत्रिमंडल से निकाला और अब रायपुर के सांसद को योग दिवस के कार्यक्रम से भी निकाल दिया**

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश की राजनीति के अजेय योद्धा कहे जाने वाले पूर्व मंत्री, विधायक और सांसद बृजमोहन अग्रवाल की अनदेखी से बीजेपी ने विपक्ष को एक बार फिर बैठे बिठाये मुद्दा दे दी है। योग दिवस के सरकारी कार्ड से बृजमोहन का नाम नदारद है। सुबाई सियासत के धूमकेतु मने जाने वाले सांसद बृजमोहन अग्रवाल को लगातार प्रदेश की सियासत से दूर करने का तंज पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कसा हैं। हालांकि इस राजनीतिक व्यंग्य बाणों के बीच सच्चाई यह है कि सांसद बृजमोहन अग्रवाल को पार्टी संगठन ने कांकेर के योग कार्यक्रम का जिम्मा सौंपा है। हालांकि इस राजनीतिक व्यंग्य बाणों के बीच सच्चाई यह है कि सांसद बृजमोहन अग्रवाल को पार्टी संगठन ने कांकेर के योग कार्यक्रम का जिम्मा सौंपा था।

जानकारी के मुताबिक रायपुर सांसद को कांकेर भेजने का क्या तुक यह तो समझ से परे है। लेकिन यह भी सच है कि उनका नाम इसलिए भी रायपुर साइंस कॉलेज के योग कार्यक्रम के कार्ड में नाम नहीं उल्लेखित किया गया। संभवतयः यह पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को ■ शेष पृष्ठ 6 पर

कांकेर लोकसभा के तीन मतदान केंद्रों की ईवीएम खुलेगी, आयोग का निर्देश

■ **भोजराज नाग ने कांग्रेस के बीरेश ठाकुर को 1884 वोटों से हराया**

रायपुर/नवप्रदेश। कांकेर लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी बीरेश ठाकुर बीजेपी प्रत्याशी भोजराम नाग से मिली पराजय पचा नहीं पा रहे हैं। उन्हें ईवीएम में कांकेर में चुनावी 'खेला' का शक है। खासकर उनके लोकप्रिय बूथों से मिले कमतर वोटों के अलावा कई मामलों के सवाल नहीं मिले हैं। नतीजतन कांग्रेस उम्मीदवार की शिकायत पर ईसीआई ने कांकेर लोकसभा ■ शेष पृष्ठ 6 पर

6 राज्यों की 8 लोस सीटों की ईवीएम चेक होंगे

चुनाव आयोग ने 6 राज्यों की 8 लोकसभा सीटों पर चुनाव में श्क्ड्रूर में गड़बड़ी की जांच के आदेश दिए हैं। इनमें हरियाणा-तमिलनाडु की दो-दो सीटें शामिल हैं। वहीं छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, ■ शेष पृष्ठ 6 पर

मनी लॉन्ड्रिंग : दिल्ली-एनसीआर मुंबई-नागपुर में ईडी की छापेमारी

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में दिल्ली-एनसीआर, मुंबई और नागपुर के 35 परसरों में छापेमारी की। यह छापेमारी 20,000 करोड़ रुपये से अधिक के बैंक लोन में धोखाधड़ी के आरोप में एक कंपनी और उनक प्रोमोटरों के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच के लिए की गई।

ईडी की यह छापेमारी एमटेक ग्रुप और उनके निदेशकों पर की जा रही है, जिसमें अरविंद धाम, गौतम मल्होत्रा और अन्य लोगों का नाम शामिल है। दिल्ली, गुरुग्राम, नोएडा, मुंबई और नागपुर में लगभग 35 व्यावसायिक और आवासीय परिसरों पर छापेमारी की जा रही है। यह जांच एमटेक ग्रुप की एक एकाई एसीआईएल लिमिटेड के खिलाफ सीबीआई की जांच से शुरू हुई। ईडी के अनुसार, ■ शेष पृष्ठ 6 पर

पीएम ने कहा- जल्द जम्मू कश्मीर बनेगा राज्य, विस चुनाव की हो रही तैयारी

जम्मू कश्मीर। तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद नरेंद्र मोदी गुरुवार को जम्मू कश्मीर दौरे पर पहुंचे।

पीएम मोदी ने श्रीनगर में युवाओं का सशक्तिकरण, जम्मू-कश्मीर में बदलाव कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान जम्मू कश्मीर को करीब 3300 करोड़ रुपये का तोहफा दिया। इसके साथ ही शासकीय सेवाओं के लिए 2000 से अधिक लोगों को नियुक्ति पत्र सौंपें। कल श्रीनगर के एसकेआईसीसी में योग दिवस के मुख्य समारोह का नेतृत्व करेंगे।

विश्व मंच पर चमकेगा श्रीनगर

पीएम मोदी ने कहा कि कल श्रीनगर में योग दिवस का मुख्य समारोह होगा, जिसे देश ही नहीं दुनिया भर में देखा जाएगा। विश्व मंच पर एक बार फिर श्रीनगर ■ शेष पृष्ठ 6 पर

एएसपी और डीएसपी के तबादले चार नए अधिकारियों की नियुक्ति

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य शासन ने प्रदेश के एएसपी-डीएसपी के तबादले का आदेश जारी किया है। बलौदाबाजार से और पुलिस अधिकारी हटाए गए हैं। वहीं चार नए अधिकारियों को वहां भेजा गया है।

गृह (पुलिस) विभाग मंत्रालय से जारी आदेश अनुसार अविनाश सिंह, (डीडी-2013) अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, बलौदाबाजार-भाटापारा को तत्काल प्रभाव से आगामी आदेश तक अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, डॉयल 112, जिला रायपुर के पद पर पदस्थ किया गया है। वहीं अभिषेक सिंह, (डीडी-2013) अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, धमतरी को तत्काल अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, बलौदाबाजार-भाटापारा के पद पर पदस्थ किया गया है। हेमसागर सिद्धार (डीडी-2013) अतिरिक्त ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

नई तकनीक

भू-नक्शों के जियो-रिफरेसिंग और डिजिटाईजेशन से आएगी भूमि विवादों में कमी

छत्तीसगढ़ के 20 हजार से अधिक गांवों में भू-सर्वे को बनाया जा रहा है त्रुटि रहित

■ **अब तक 9 जिलों के 4375 गांवों की भूमि का जियो-रिफरेसिंग कार्य पूर्ण**

रायपुर/नवप्रदेश। विष्णुदेव साय सरकार ने अपने 6 महीने के कार्यकाल में अनेक अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल की है।

अब प्रदेश के किसानों की भूमि में होनी वाली गड़बड़ियों को रोकने के लिए साय सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ के कैडस्ट्रल नक्शों का जियो रिफेरेसिंग एवं डिजिटाइजेशन परियोजना भी संचालित की जा रही है। जिसमें राज्य का सम्पूर्ण हिस्सा सर्वेक्षित हो जाएगा और एक डिजिटल डेटा बेस तैयार किया जा सकेगा। यह जियो रिफ्रेंसिंग कार्य डिफरेंशियल ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम (डीजीपीएस) सर्वेक्षण से किया जा कर सैटेलाईट ईमेज से किया जा रहा है।

राज्य में संचालित की जा रही कैडस्ट्रल नक्शों का जियो रिफेरेसिंग एवं डिजिटाईजेशन परियोजना के अंतर्गत 20 हजार से अधिक ग्राम पंचायतों में भूमि का सर्वेक्षण का काम होगा। अब तक महासमुंद, धमतरी, कबीरधाम, मुंगेली, बिलासपुर, जांजगीर-चांपा, सक्ती, बलौदाबाजार, कोरबा सहित 9 जिलों के 4375 गांवों की भूमि

का जियो रिफ्रेंसिंग का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। इस परियोजना में छत्तीसगढ़ में भू-सर्वे को त्रुटि रहित बनाने के लिए अत्याधुनिक तकनीक जियो रिफेरेसिंग का इस्तेमाल किया जा रहा है। इस तकनीक में छोटी से छोटी भूमि का लॉन्गीट्यूड और एटीट्यूड के माध्यम से वास्तविक भूमि चिन्हांकित करना आसान हो जाएगा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इस नई तकनीक के इस्तेमाल को अपनी मंजूरी दी गई है, इसके लिए बजट में प्रावधान भी कर दिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि जियो रिफेरेसिंग एवं डिजिटाईजेशन परियोजना में राज्य का सम्पूर्ण हिस्से का सर्वेक्षण किया जाएगा। प्रत्येक ग्राम की सीमा का सेटेलाईट इमेज पर त्रुटि रहित चिन्हांकन होगा। इससे प्रत्येक ग्राम का राजस्व अभिलेख की उपलब्धता सुनिश्चित होगी। मोबाइल एप के माध्यम से डिजिटल क्रॉप सर्वेक्षण किया जाना संभव हो सकेगा।

न्यायलयीन प्रकरणों में कमी आएगी

परियोजना के माध्यम से भू-सर्वे का कार्य त्रुटि रहित होने के साथ-साथ बंदोबस्त त्रुटि सुधार प्रकरणों का तेजी से निराकण किया जा सकेगा। सीमांकन कार्य में भूमि संबंधी विवादों का सही-सही निराकरण किया जा सकेगा। जियो-रिफेरेसिंग कार्य से वर्तमान में उपलब्ध पटवारी नक्शा तथा स्थल पर भिन्नता का आंकलन कर उनका निराकरण भी किया जा सकेगा। सीमांकन- ■ शेष पृष्ठ 6 पर

नक्शे के साथ स्थल में भिन्नता को दूर करेंगे

भू-सर्वे सत्यापन की प्रक्रिया के लिए राजस्व विभाग द्वारा विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किया जा रहा है, कलेक्टर को सर्वेक्षण अधिकारी के रूप में अधिकृत किया गया है। सर्वेक्षण अधिकारी के मार्ग-दर्शन में उप-सर्वेक्षण अधिकारी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, सहायक सर्वेक्षण अधिकारी तहसीलदार कार्य करेंगे। राजस्व निरीक्षक एवं पटवारी कलेक्टर के परिवेक्षण में तथा एसडीएम, तहसीलदार के निर्देश में जारी प्रपत्र अनुसार सत्यापन कर नक्शे एवं स्थल के मध्य की भिन्नता को दूर करेंगे।

नई दिल्ली। *2500 साल पहले आए एक भयानक भूकंप ने गंगा नदीं का रास्ता बदल दिया था। एक नई स्टडी में यह खुलासा हुआ है। यह छोटा-मोटा भूकंप नहीं था। 7।5 या 8 तीव्रता के इस भूकंप ने पूरे दक्षिण एशिया को हिला दिया था। एक नए रिसर्च में इस बात का खुलासा हुआ है। इससे पहले इस भूकंप के बारे में किसी साइंटिस्ट को नहीं पता था। इस रिसर्च में पता चला है कि बांग्लादेश की राजधानी ढाका के पास जमीन के अंदर इस भूकंप की वजह से आज भी बहुत ज्यादा ऊर्जा छिपी है। 17 जून को Nature Communications जर्नल में यह रिपोर्ट प्रकाशित हुई है। रिपोर्ट के मुताबिक भूकंप ने गंगा नदी के एक हिस्से क 180 किलोमीटर खिसका दिया था। अचानक से नदी के रूट में आए बदलाव को पृथक्करण कहते हैं। न्यूयॉर्क के कोलंबिया क्लाइमेट स्कूल के लैमोंट-डोहर्टी अर्थ ऑब्जरवेटरी के जियोफिजिसिस्ट माइक स्टेकलर ने कहा कि मैंने इससे पहले ऐसा कुछ नहीं देखा था। भूकंप से धरती हिलती है। लेकिन कोई नदी अपनी पूरी दिशा बदल दे, ये हैरान करने वाला है।*

भूकंप ने 180 किलोमीटर बदला था गंगा नदी का रास्ता...

फिर वैसा जलजला आया तो बड़ा इलाका बाढ़ में डूब जाएगा



सैटेलाइट तस्वीरों से पुख्ता हुई दिशा बदलने की बात

रिसर्च में शामिल नीदरलैंड्स के वेजनिनजेन यूनिवर्सिटी की जियोक्रोनोलॉजिस्ट लिज चैंबरलिन ने बताया कि यह बात पहले भी पुख्ता हो चुकी है कि भूकंप डेल्टा वाले इलाकों में नदियों का रास्ता मोड़ने में सक्षम होते हैं। गंगा जितनी बड़ी नदी क्यों ही न हो। सैटेलाइट तस्वीरों से इस बात की पुष्टि भी हुई है कि गंगा का रास्ता बदला है।

गंगा की दिशा बदलने के ये हैं सबूत

ढाका के दक्षिण में करीब 100 किलोमीटर दूर गंगा नदी का पुराना रूट दिखाई दिया। उसकी जांच-पड़ताल की गई। पता चला कि यहां मिट्टी कटी है। सेसमाइट्स के बैंड हैं। रेत के वर्टिकल कॉलम है। इसका मतलब ये है कि इसी भूकंप की वजह से यह घटना घटी है। केमिकल एनालिसिस करने पर पता चला कि ये भूकंप करीब 2500 साल पहले आया था।

फिर आया वैसा भूकंप तो होगी बड़ी तबाही

ये सभी घटनाएं सेसमाइट्स मिलने वाली जगह से करीब 180 किलोमीटर दूर हैं। यह बताता है कि 7।5 या 8 तीव्रता के एक भयानक भूकंप ने गंगा नदी का रूट बदल दिया था। डर इस बात का है कि शिलॉन्ग मैसिफ और इंडो-बर्मन सबडक्शन जोन फिर से उसी ताकत का भूकंप पैदा कर सकता है। इससे 14 करोड़ लोग प्रभावित हो सकते हैं। इसकी वजह से भारी बाढ़ आ सकती है।

2008 में कोसी नदी ने भी बदला था रास्ता

साल 2008 में बिहार की कोसी नदी में भयानक बाढ़ आई थी। यह गंगा की ही एक शाखा है। इसने बाढ़ के समय अपना रास्ता 120 किलोमीटर तक बदला था। जिसकी वजह से 30 लाख लोग विस्थापित हुए थे और 250 से ज्यादा लोग मारे गए थे।

रूट बदलने के और भी उदाहरण हैं

भूकंप की वजह से कई बार नदियों का रास्ता बदल जाता है। अमेरिका के न्यू मैड्रिड सीस्मिक जोन की वजह से कई नदियों का रास्ता बदल चुका है। इसके अलावा गुजरात के कच्छ के रण में फॉल्ट की वजह से आने वाले भूकंप ने नदियों और नहरों का रास्ता बदल दिया था।

भूकंप की वजह से नदियों के रूट बदले

भूकंप की वजह से कई बार नदियों का रास्ता बदल जाता है। अमेरिका के न्यू मैड्रिड सीस्मिक जोन की वजह से कई नदियों का रास्ता बदल चुका है।

न्यूज गैलरी

तेजस्वी से यादवेंदु से क्या संबंध : उपमुख्यमंत्री सिन्हा

पटना/ए.। नीट यूजी पेपरलीक केस में सियासत गरमाने लगी है। फिर से उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने तेजस्वी यादव और राष्ट्रीय जनता दल पर हमला बोला है। कॉल डिटेल्स दिखाए और तेजस्वी यादव को घेरने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि पेपरलीक केस में गिरफ्तार हुए सिकंदर प्रसाद यादवेंदु का तेजस्वी और लालू यादव से क्या संबंध है? यह उन्हें स्पष्ट करना चाहिए। सचिव प्रीतम कुमार के मोबाइल से रात्रि नौ बजकर सात मिनट में पथ निर्माण विभाग में कार्यरत प्रदीप कुमार के मोबाइल पर एनएचएआई के गेस्ट हाउस में सिकंदर प्रसाद याजवेंदु के कमरे की बुकिंग के लिए फोन आया था।

जहरीली शराब पीने से मरने वालों की संख्या 34 हुई

चेन्नई। तमिलनाडु के कल्लाकुरिची जिले के करुणापुरम गांव में जहरीली शराब पीने से मृतकों की संख्या बढ़कर 34 हो गयी है। राज्य सरकार ने घटना की न्यायिक जांच के आदेश दिए और शोक संतप्त परिवारों को दस-दस लाख रुपये की सहायता राशि देने की घोषणा की है। करीब 70 लोगों ने पैकेट में बिकने वाली नकली शराब पी ली, जिसके बाद सभी की तबियत बिगड़ने लगी तथा इनमें से कुछ लोग बेहोश भी हो गये। जहरीली शराब पीने से मरने वालों की संख्या बढ़कर 34 हो गयी है।

सुरमा पाढ़ी ओडिशा विधानसभा की निर्विरोध स्पीकर निर्वाचित

भुवनेश्वर। ओडिशा में राणापुर से भाजपा विधायक सुरमा पाढ़ी गुरुवार को राज्य विधानसभा की निर्विरोध स्पीकर चुनी गयी। बीजू जनता दल की प्रमिला मलिक के बाद सुश्री पाढ़ी ओडिशा विधानसभा की स्पीकर बनने वाली दूसरी महिला हैं। गृह विज्ञान में स्नातकोत्तर और विधि स्नातक तथा दो बार विधायक रही सुश्री पाढ़ी पहली बार 2004 के चुनावों में राणापुर विधानसभा सीट से विधायक निर्वाचित हुई थी और तत्कालीन बीजद-भाजपा गठबंधन सरकार में 18 मई, 2004 से 09 मार्च, 2009 तक सहकारिता राज्य मंत्री रहीं।

सुको ने दोहराई काउंसलिंग पर रोक नहीं लगाने की बात

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी और अन्य की ओर से दायर याचिका पर संबंधित पक्षों को नोटिस जारी

■ **सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को नोटिस जारी कर केंद्र, एनटीए और अन्य से भी जवाब मांगा**

नई दिल्ली(ए.)। सुप्रीम कोर्ट ने नेशनल टेस्टिंग एजेंसी और अन्य की ओर से दायर याचिका पर संबंधित पक्षों को नोटिस जारी किया है। याचिका में । राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा (स्नातक)-2024 से संबंधित याचिकाओं को हाईकोर्ट से सुप्रीम कोर्ट स्थानांतरित करने की मांग की गई है। सुप्रीम कोर्ट ने इन मामलों में उच्च न्यायालय के समक्ष कार्यवाही पर रोक लगा दी है। सुप्रीम कोर्ट ने फिर दोहराया कि वह काउंसलिंग प्रक्रिया को नहीं रोकेगा। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को नोटिस जारी कर केंद्र, एनटीए और अन्य से भी जवाब मांगा है। नोटिस नीट-यूजी 2024 को रद्द करने और मेडिकल प्रवेश परीक्षा में कथित अनियमितताओं की अदालत की निगरानी में जांच की मांग करने वाली याचिकाओं पर जारी किया गया है। जस्टिस विक्रम नाथ और एसवीएन भट्टी की अवकाश पीठ ने इन याचिकाओं पर सुनवाई के लिए 8 जुलाई की तारीख तय की।

नए सिरे से परीक्षा के निर्देश देने की भी मांग

मेडिकल प्रवेश परीक्षा में शामिल हुए 20 छात्रों की ओर से दायर याचिकाओं में से एक में एनटीए और अन्य को नए सिरे से परीक्षा आयोजित करने का निर्देश देने की भी मांग की गई है। परीक्षा से संबंधित अलग-अलग याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए शीर्ष कोर्ट ने 18 जून को कहा था कि परीक्षा कराने में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जा सकती। भले ही किसी की ओर से 0.001 प्रतिशत की लापरवाही हुई हो, इससे पूरी तरह से निपटा जाना चाहिए।

नीट पेपरलीक केस में परीक्षार्थी का कबूलनामा

नीट यूजी पेपरकेस लीक केस में रोज नए खुलाए हो रहे हैं। बिहार पुलिस ने जिस अनुराग यादव नाम के परीक्षार्थी को गिरफ्तार किया था, उसका कबूलनामा सामने आया है। उसने स्पष्ट कहा कि उसके फूफा सिकंदर प्रसाद यादवेंदु ने ही उसे कोटा से पटना बुलाया था। कहा था कि परीक्षा में सब सेटिंग हो चुका है। इसके बाद चार मई की रात पटना के एक रेस्ट हाउस में अमित आनंद और नीतीश कुमार के पास मुझे छोड़ दिया। इन लोगों ने मुझे नीट के परीक्षा का प्रश्न पत्र एवं उत्तर पुस्तिका दिया। रात भर में पेपर रटवाया गया।

कुछ अन्य छात्रों ने भी लगाई याचिका

सुप्रीम कोर्ट ने कुछ छात्रों की ओर से दायर याचिका पर केंद्र सरकार और एनटीए को भी नोटिस जारी किया। ये छात्र नीट-यूजी परीक्षा के लिए मेघालय केंद्र में उपस्थित हुए थे और कथित तौर पर उनके 45 मिनट बर्बाद हो गए थे। उनकी मांग है कि उन्हें उन 1563 छात्रों में शामिल किया जाना चाहिए, जिन्हें ग्रेस मार्क्स मिले थे और जिन्हें 23 जून को फिर से परीक्षा देने का विकल्प दिया गया है।

सीबीआई जांच की मांग वाली याचिका पर भी मांगा जवाब

नीट-यूजी 2024 को लेकर अलग-अलग याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए शीर्ष अदालत ने पिछले सप्ताह परीक्षा में प्रश्न-पत्र लीक और अन्य गड़बड़ियों के आरोपों की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से कराने की मांग वाली याचिका पर केंद्र और एनटीए से जवाब मांगा था। परीक्षा 5 मई को 4,750 केंद्रों पर आयोजित की गई थी। इसमें करीब 24 लाख उम्मीदवारों ने हिस्सा लिया था।

सिकंदर यादवेंदु ही है अनुराग का फूफा

अनुराग ने यह भी खुलासा किया कि अगले दिन जब मैं परीक्षा देने सेंटर पर पहुंचा तो प्रश्न देखकर दंग रह गया। सभी प्रश्न वही थे जो रात में मैंने पढ़ा था। इसके बाद पुलिस ने अनुराग को गिरफ्तार कर लिया था। अनुराग के कबूलनामे के बाद यह स्पष्ट हो गया कि बिहार में पेपरलीक हुआ था। बता दें कि नीट पेपरलीक केस में जूनियर इंजीनियर सिकंदर प्रसाद यादवेंदु को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गेस्ट हाउस की इंट्री रजिस्टर में जिस अनुराग यादव का नाम दर्ज है, ये वही शख्स है। उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा ने पहले ही सिकंदर प्रसाद यादवेंदु को तेजस्वी प्रसाद यादव के निजी सचिव प्रीतम का करीबी बता चुके हैं। इतना ही नहीं पूर्णिया सांसद पप्पू यादव ने दावा किया है कि पेपर लीक केस के आरोपियों के संबंध राजद के टॉप थ्री लोगों से है।

जम्मू मुठभेड़ में मारे गए दो आतंकी पाक के थे : सेना

श्रीनगर/ए.। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दो दिवसीय कश्मीर यात्रा शुरू करने के दिन गुरुवार को सेना ने कहा कि बुधवार को उत्तरी कश्मीर मुठभेड़ में मारे गये दो आतंकवादी पाकिस्तानी थे और प्रतिबंधित लश्कर-ए-तैयबा समूह से जुड़े थे। कश्मीर के रफियाबाद सोपोर उप जिले के हादीपोरा इलाके में मुठभेड़ के दौरान उस्मान और उमर नाम के दो आतंकवादियों को मार गिराया था, जो दोनों पाकिस्तानी थे। दोनों ओर से हुयी गोलीबारी में दो सुरक्षाकर्मी भी घायल हो गये थे। सेना के 7 सेक्टर राष्ट्रीय राइफल्स के कमांडर दीपक मोहन ने कहा कि दोनों आतंकवादियों का मारा जाना सुरक्षा बलों के लिये एक बड़ी कामयाबी है।

सुरक्षाबलों ने घर में घेरा आतंकियों को

उन्होंने कहा, जम्मू-कश्मीर पुलिस ने 19 जून को राफियाबाद के हादीपोरा गांव में एक घर में आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में विशेष जानकारी प्राप्त की, जिसके बाद सेना, पुलिस और सीआरपीएफ ने एक संयुक्त आतंकवादी अभियान शुरू किया। कुछ ही समय में इलाके की घेराबंदी कर दी गयी। प्रक्रिया के अनुसार, हमने आस-पास के घरों से नागरिकों को सुरक्षित बाहर निकाला। जैसे ही लक्षित घर के चारों ओर घेरा कड़ा किया गया, आतंकवादियों ने सुरक्षा बलों पर गोलीबारी शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में दोनों आतंकवादियों को मार गिराया गया।

बड़ी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद

सेना अधिकारी ने बताया कि मुठभेड़ स्थल से बड़ी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया है। सेना के 7 सेक्टर आरआर के कमांडर ने कहा, उनकी हत्या सुरक्षा बलों के लिये एक बड़ी सफलता है। उन्होंने कहा कि पिछले एक महीने से सुरक्षा बलों ने उच्च परिचालन गति बनाये रखी है, जिसके परिणामस्वरूप कई सफलतायें मिली हैं।

पश्चिम बंगला ट्रेन हादसा का खुलासा

मालगाड़ी चालक दल की लापरवाही बनी जानलेवा

कोलकाता/ए.। पश्चिम बंगाल में कंजनजंघा एक्सप्रेस हादसे की शुरुआती जांच में खुलासा हुआ है कि मालगाड़ी के चालक दल और जलपाइगुड़ी डिवीजन के परिचालन विभाग की लापरवाही से हादसा हुआ। सोमवार को एक मालगाड़ी ने कंचनजंघा एक्सप्रेस को दार्जिलिंग जिले के फांसीदेवा इलाके में पीछे से टक्कर मार दी थी। इस हादसे में 10 लोगों की मौत हो गई थी। मरने वालों में यात्री ट्रेन का गार्ड और मालगाड़ी का चालक भी शामिल है।

जांच समिति के अधिकतर सदस्यों का मानना है कि मालगाड़ी के चालक ने नियमों का पालन नहीं किया और खतरनाक तरीके से ऑटोमैटिक सिग्नल को पार किया, साथ ही ट्रेन की स्पीड की नियमों से ज्यादा रखी, जिस वजह से दोनों ट्रेनों की टक्कर हुई। उल्लेखनीय है कि हादसे के बाद न्यू जलपाइगुड़ी डिवीजन के चीफ लोको इंस्पेक्टर ने बताया कि 17 जून की सुबह 5.50 बजे ऑटोमैटिक और सेमी ऑटोमैटिक सिग्नल काम नहीं कर रहे थे।

दुर्घटना की क्या है जांच रिपोर्ट में

हादसे के बाद रेलवे बोर्ड की चेयरपर्सन जया वर्मा सिन्हा ने कहा था कि मालगाड़ी के ड्राइवर ने सिग्नल को अनदेखा किया, जिस वजह से यह हादसा हुआ। रेलवे सेफ्टी के कमिश्नर ने इस हादसे की विस्तृत जांच कर रहे हैं। वहीं हादसे के तुरंत बाद रेलवे ने छह वरिष्ठ अधिकारियों की एक टीम बनाई, जिसे शुरुआती जांच का जिम्मा दिया गया था। अब जांच समिति ने अपनी रिपोर्ट दाखिल कर दी है। इस रिपोर्ट के मुताबिक पांच अधिकारियों ने पाया है कि हादसे में मालगाड़ी के ड्राइवर ने सिग्नल का उल्लंघन किया, साथ ही स्पीड लिमिट का भी उल्लंघन किया। वहीं एक अधिकारी का कहना है कि न्यू जलपाइगुड़ी रेल डिवीजन के परिचालन विभाग की लापरवाही है और वह रानीपात्रा और चतरहाट जंक्शन के रूट को सुरक्षित करने के लिए पर्याप्त कदम नहीं उठा सका।

प्रधानमंत्री का सलाहकार बताकर 83 लाख ठगे

■ **शहर के तीन लोगों को अपने जाल में फंसाया**

कोल्हापुर/ए.। महाराष्ट्र के सतारा से पुलिस ने प्रधानमंत्री का राष्ट्रीय सलाहकार होने का दावा करके और मोटी सरकारी निविदाएं दिलाने का वादा करके कई लोगों से कम से कम 83 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने के आरोप में एक महिला समेत दो लोगों का गिरफ्तार किया है।

सतारा शहर पुलिस ने गुरुवार को मीडिया को बताया कि गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान सतारा शहर के कश्मीरा संदीप पवार (28) और गणेश हरिबगाउ गायकवाड़ के रूप में हुई है। उन्होंने स्वयं को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का राष्ट्रीय सलाहकार बताते हुए शहर के तीन लोगों को अपने जाल में फंसाया और उन्हें उत्तर प्रदेश सरकार के अलावा लोकसभा सचिवालय कार्यालय तथा गृह मंत्रालय के लिए कपड़ा उपलब्ध कराने के लिए टेंडर दिलाने का वादा किया और उनसे कुल 83 लाख रुपये ले लिए।

पुलिस ने कहा धोखाधड़ी वाले संपर्क करें

अपनी गलती का एहसास होने के बाद पीड़ितों गोरख मराल (50 लाख रुपये की ठगी), चन्द्रशेखर पवार (सात लाख रुपये) और फिलिप भम्बल (26 लाख रुपये) ने पुलिस से संपर्क किया। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि अगर किसी और व्यक्ति के साथ इसी तरह की धोखाधड़ी हुई है तो वे अधिकारियों से संपर्क करें। मामले की आगे जांच की जा रही है।

दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे पुल पर फिर दौड़ी रेलगाड़ी

दूसरा ट्रायल भी सफल, जमकर गूंजे जयघोष

■ **संगलदान से रियासी के लिए दस डिब्बों वाली रेलगाड़ी का ट्रायल किया**

रियासी/जम्मू। उधमपुर-श्रीनगर-बारामुला रेल लिंक परियोजना के तहत ट्रेन के जरिये कश्मीर जाने वालों का सपना पूरा होने में कुछ ही दिन बाकी रह गए हैं। यह सपना धीरे-धीरे वास्तविकता के और करीब आता जा रहा है। गुरुवार को संगलदान से रियासी के लिए दस डिब्बों वाली रेलगाड़ी का ट्रायल किया गया, जो कि पूरी तरह से सफल रहा।

इस दौरान ट्रेन दुनिया के सबसे ऊंचे चिनाब रेलवे पुल से होकर भी गुजरी। यह पुलिस एफिल टावर से भी ऊंचा है। इस पुल की ऊंचाई 359 मीटर है और एफिल टावर की ऊंचाई 300 मीटर है। 1,486 करोड़ की लागत से निर्मित इस पुल के निर्माण में 30 हजार मीट्रिक टन स्टील का उपयोग किया गया है। यह 260 किलोमीटर प्रति घंटे तक की हवा का सामना कर सकता है।

सफल ट्रायल पर गूंजे भारत मां के जयघोष

गुरुवार को बारह बजे के करीब ट्रेन संगदान से रियासी के लिए निकली। दोपहर दो बजे के करीब ट्रेन रियासी रेलवे स्टेशन पर पहुंची। ट्रेन में परियोजना पर काम करने वाले कर्मचारियों को बिठाया गया था। इसके अलावा रेलवे के अधिकारी भी उसमें मौजूद रहे। ट्रेन के रियासी रेलवे स्टेशन पर पहुंचते ही भारत माता की जय के जयघोष गूंज उठे। मौके पर स्थानयी लोग इन पलों का साक्षी बनने के लिए उपस्थित रहे। बताया जाता है कि रियासी से कश्मीर तक ट्रेन को जल्द ही चलाया जा सकता है।

संगलदान से रियासी तक रेल के इंजन का सफल ट्रायल पूरा

संगलदान से रिसासी तक रेल चलाने के सफल ट्रायल के बाद से लोगों, खासकर युवाओं में खुशी की लहर है। रविवार को ट्रैक के निरीक्षण के लिए पहली बार रियासी स्टेशन तक विद्युत चलित इंजन सीटियां बजाता हुआ पहुंचा था। इसे देखने के लिए युवाओं की भीड़ भी रियासी स्टेशन पर एकत्रित हुई थी। युवाओं का कहना है कि इस ट्रैक पर ट्रेन चलने के बाद व्यापार में वृद्धि होगी और रोजगार के साधन भी बढ़ेंगे। इसलिए जम्मू-कश्मीर प्रशासन जल्द से जल्द इस ट्रैक पर ट्रेन चलाए।

न्यूज गैलरी

धमतरी के योगाभ्यास में शामिल होंगे खेल मंत्री टंकराम वर्मा

रायपुर/नवप्रदेश। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर कल 21 जून को खेल एवं युवा कल्याण मंत्री और धमतरी जिले के प्रभारी मंत्री श्री टंक राम वर्मा जिला मुख्यालय धमतरी के हरदिहा साहू समाज भवन में आयोजित योगाभ्यास कार्यक्रम में शामिल होंगे। गौरतलब है कि योग को हर गांव-शहर तक पहुंचाने का संदेश को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 21 जून 2024 को सुबह 6:30 बजे से धमतरी के हरदिहा साहू समाज भवन से सामूहिक योग अभ्यास का कार्यक्रम रखा गया है।

नेता प्रतिपक्ष डॉ. महंत आज भी रहेंगे कोरबा प्रवास पर

कोरबा/नवप्रदेश। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत 21 जून तक कोरबा प्रवास पर रहेंगे। प्रातः 11 बजे वे कटघोरा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न स्थानों में कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे। इसके पश्चात् 20 जून को प्रातः 10 बजे उरगा (सलिहा भाठा) हेतु प्रस्थान करेंगे। प्रातः 10:30 बजे उरगा पहुंचकर कार्यकर्ताओं से सौजन्य मुलाकात करेंगे। प्रातः 11 बजे उरगा से भैंसमा हेतु प्रस्थान, 11:30 बजे भैंसमा आगमन एवं कार्यकर्ताओं से मुलाकात, दोपहर 12:30 बजे भैंसमा से नोनबिर्रा हेतु प्रस्थान, 01:30 नोनबिर्रा रेस्टहाउस आगमन एवं कार्यकर्ताओं से मुलाकात, दोपहर 02:30 बजे नोनबिर्रा से ग्राम घिनारा हेतु प्रस्थान, 03 बजे घिनारा आगमन एवं कार्यकर्ताओं से मुलाकात, 04 बजे घिनारा से कोरबा प्रस्थान, 05 बजे कोरबा आगमन एवं कार्यकर्ताओं से मुलाकात, 06 बजे टी. पी. नगर कोरबा के जिला कांग्रेस कार्यालय में कार्यकर्ताओं से मुलाकात तथा 07:30 बजे रात्रि विश्राम करेंगे।

बलरामपुर में सामरी विधायक के आतिथ्य में होगा जिला योगाभ्यास

बलरामपुर/नवप्रदेश। जिले में दशम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस शुक्रवार 21 जून को उत्साह के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर आयोजित जिला स्तरीय योग कार्यक्रम में सामरी विधायक श्रीमती उद्धेश्वरी पैंकरा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन जिला मुख्यालय बलरामपुर के स्वामी आत्मानंद हाईस्कूल मैदान में प्रातः 7 से 8 बजे तक किया जाएगा जिसमें प्रशिक्षित एवं अनुभवी योग प्रशिक्षकों द्वारा योगाभ्यास का प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा। इस कार्यक्रम में जिले के जनप्रतिनिधिगण, शासकीय अधिकारी-कर्मचारी सहित जन सामान्य सम्मिलित होंगे।

रायपुर रेलवे स्टेशन पर पार्किंग ठेकेदार-ऑटो ड्राइवरों के बीच बवाल

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर के रेलवे स्टेशन पर पार्किंग ठेकेदार और ऑटो ड्राइवरों के बीच पार्किंग के पैसे को लेकर बवाल हो गया। करीब 350 ऑटो ड्राइवरों ने विरोध के चलते हड़ताल कर दी है। जिससे रेलवे स्टेशन में सवारियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। रेलवे के अधिकारी दोनों पक्षों से बातचीत कर मामले को सुलझाने का प्रयास कर रहे हैं। ऑटो संघ के पदाधिकारी कमल पांडेय और राजेश स्वामी ने बताया कि, ऑटो संघ 40 सालों से सरकारी रेट पर सवारियों को सुविधाएं दे रहा हैं। अब तक रेलवे ने कभी भी पार्किंग शुल्क नहीं लिया। अब पार्किंग ठेकेदार ऑटो वालों से पार्किंग वसूलने के लिए लगातार दबाव बना रहे हैं। हम हमेशा रेलवे को सहयोग करते आए हैं। लेकिन उसके बावजूद ऑटो वालों के साथ ऐसा रवैया हो रहा है।

उग्र आंदोलन की दी चेतावनी

रेलवे स्टेशन पर करीब 350 ऑटो ड्राइवरों ने अपनी गाड़ियां खड़ी कर दी है। रेलवे के अफसर ऑटो ड्राइवर और पार्किंग ठेकेदार दोनों पक्षों से बातचीत करने में जुटे हैं। उधर, ऑटो संघ ने चेतावनी दी है कि यदि स्थिति इसी प्रकार की रही तो जल्द ही उग्र आंदोलन किया जाएगा। फिलहाल रेलवे स्टेशन में यात्रियों को ऑटो न मिलने की वजह से परेशानी झेलनी पड़ रही है।

एबीवीटीपीएस मड़वा में कम्युनिटी हॉल लोकार्पित

कोरबा/नवप्रदेश। अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत गृह (एबीवीटीपीएस) मड़वा के सीनियर क्लब परिसर में कम्युनिटी हॉल का लोकार्पण छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री एसके. कटियार द्वारा किया गया। प्रबंध निदेशक अपने तीन दिवसीय प्रवास के अंतिम दिन मड़वा विद्युत संयंत्र पहुंचे हुए थे।

कार्यक्रम के अध्यक्ष कार्यपालक निदेशक एसके बंजारा ने प्रबंध निदेशक का आभार जताते हुए कहा कि कम्युनिटी हॉल लोकार्पित होने के साथ ही कॉलोनीवासियों को अपने विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों को पूर्ण करने के लिए सहूलियतें होंगी। उन्होंने कहा कि यह एक बहुप्रतीक्षित मांग थी, जिसे आज पूरा कर लिया गया है। श्री बंजारा ने प्रबंध निदेशक के समक्ष श्रम कल्याण केंद्र के मरम्मत एवं सुधार का प्रस्ताव रखा, जिस पर उन्होंने सहमति जताई है। कार्यक्रम में प्रबंध निदेशक की धर्मपत्नी श्रीमती प्रभा कटियार, अतिरिक्त मुख्य अभियंता प्रवीण श्रीवास्तव एवं श्रीमती रूबी श्रीवास्तव, अतिरिक्त मुख्य अभियंता एसडी द्विवेदी, भरत गड़पाले, आरके साव और एन. लकरा, अधीक्षण अभियंता वायके. पाटिये समेत बड़ी संख्या में अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

छत्तीसगढ़ में 1 जून से अब तक 47 मिमी कम बारिश

■ 40.8 मिलीमीटर बरसात ही रिकॉर्ड हुई 0 राजनांदगांव-दुर्ग-धमतरी और गरियाबंद तक आगे बढ़ा मानसून

रायपुर/नवप्रदेश। मौसम विभाग के मुताबिक छत्तीसगढ़ में 1 जून से 20 जून तक 47.3 मिलीमीटर बारिश कम हुई है। अब तक महज 40.8 मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई है। जबकि अब तक 88.1 मिलीमीटर वर्षा हो जानी चाहिए थी। वहीं, अगले दो दिनों में बारिश और अंधड़ की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक आज छत्तीसगढ़ में मानसून राजनांदगांव, दुर्ग, धमतरी और गरियाबंद के कुछ हिस्से तक आगे बढ़ गया है। अगले 2 से 3 दिनों में इसके उत्तर की ओर बढ़ने का अनुमान है।

आज रायपुर समेत सभी संभागों में हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। बुधवार को प्रदेश में सबसे ज्यादा अधिकतम तापमान 39.6 डिग्री डोंगरगढ़ में रिकॉर्ड किया गया। वहीं सबसे कम न्यूनतम तापमान 23.5 डिग्री रायपुर में दर्ज किया गया। अगले 5 दिनों में दिन के तापमान में दो से तीन डिग्री की गिरावट की संभावना है।

अगले 24 घंटे में इन जिलों में बारिश के आसार

मौसम विभाग के मुताबिक प्रदेश में आज रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, सरगुजा और बस्तर संभाग के जिलों में बारिश के आसार हैं। आज रायपुर, बलौदा बाजार, गरियाबंद, धमतरी, दुर्ग, बालोद, बेमेतरा, कबीरधाम, राजनांदगांव, बिलासपुर, पेंड्रा रोड, रायगढ़, मुंगेली, कोरबा और जांजगीर में बारिश की संभावना है। वहीं, सरगुजा, जशपुर, कोरिया, सूरजपुर, बलरामपुर, बस्तर, कोंडागांव, दंतेवाड़ा, सुकमा, कांकेर, बीजापुर और नारायणपुर जिले में भी हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। इस दौरान थंडरस्टॉर्म के साथ अंधड़ चलने और वज्रपात होने की भी संभावना है।

मौदहापारा में दो गुटों के बीच विवाद इलाके में पुलिस बल तैनात

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर के मौदहापारा इलाके से वाद विवाद की घटना सामने आई है. जहां पर 2 गुटों में फटाखा फोड़ने की बात को लेकर विवाद हुआ है. दरसअल इस पूरे मामला में दोनों गुटों के लोगों ने एक-दूसरे के घर में घुसकर तोड़-फोड़ और मारपीट की है।

जिसके चलते 7 संदिग्धों को आरोपियों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है. मुस्कान रात्रे की गैंग के लोगों ने दूसरे पक्ष के साथ जमकर मारपीट की और लोगों के घरों में घुसकर तोड़-फोड़ किया है. बता दें इस हादसे के बाद इलाके में दहशत का माहौल बन गया है. इसके साथ ही इस इलाके में बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी को तैनात किया गया है.यहां पूरा मामला राजधानी रायपुर स्थित मौदहापारा थाना इलाके का बताया जा रहा है।

एनीमिया उन्मूलन जागरूकता कार्यक्रम में इसके लक्षण की जानकारी देकर बताए चिकित्सा परामर्श

■ एनीमिया मुक्त समाज के निर्माण में हम सभी की सहभागिता आवश्यक: पटेल

कोरबा/नवप्रदेश। राष्ट्रीय सिकलसेल एनीमिया उन्मूलन अभियान के अंतर्गत सिकल सेल बीमारी के प्रति आम नागरिकों को जागरूक करने के उद्देश्य से विश्व सिकल सेल दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट के नवीन सभाकक्ष में विधायक कटघोरा प्रेमचंद पटेल की उपस्थिति में सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शिवकला छत्रपाल सिंह कंवर, कलेक्टर श्री अजीत वसंत, सीईओ जिला पंचायत श्री संबित मिश्रा, महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद, उपाध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती रीना अजय जायसवाल, सभापति नगर निगम श्री श्यामसुंदर सोनी, श्री हितानंद अग्रवाल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी गण उपस्थित थे।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विधायक कटघोरा श्री प्रेमचंद पटेल ने कहा कि सिकल सेल एनीमिया के उन्मूलन में हम सभी की सहभागिता आवश्यक है। सभी के सहयोग से ही इस बीमारी को समाप्त से पूरी तरह समाप्त किया जा सकता है। इस हेतु समाज के सभी वर्ग के लोगों में इस रोग के प्रति जागरूकता लाना आवश्यक है। समाज जितनी जल्दी इस अनुवांशिक बीमारी के प्रति जागरूक होगा उतनी जल्दी इसे पूरी तरह खत्म किया जा सकेगा।श्री पटेल ने कहा कि हमारे समाज के कुछ समुदाय के लोग इस बीमारी से अधिक पीड़ित है। उन समुदायों में इस बीमारी के प्रति जागरूकता लाना बहुत आवश्यक है। साथ ही हमारा जिला आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है। दूरस्थ वनांचलों पहाड़ी क्षेत्रों में बसे आदिवासी इलाकों में इस वंशानुगत बीमारी की लोगों को अधिक जानकारी भी नहीं होती, जिसकी वजह से इनके बच्चे भी इस रोग से ग्रसित हो जाते है। सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत रोग की इसी श्रृंखला को तोड़ने का प्रयास किया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्रों में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मितानिन एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा लोगो का स्क्रीनिंग किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के 2047 तक भारत को एनीमिया मुक्त बनाने के लक्ष्य को हमे समय रहते हासिल करना है। इसमें आपसभी अपनी सहभागिता निभाएं।

कलेक्टर श्री वसंत ने कहा कि सिकल सेल एनीमिया एक महत्वपूर्ण स्वास्थ्य समस्या है जिसमें पीड़ित के शरीर में लाल रक्त कोशिकाओं की कमी की समस्या होती है। कार्यक्रम का उद्देश्य सिकल सेल विशेषता वाले व्यक्तियों की पहचान करके उनकी अगली पीढ़ी में बीमारी के हस्तांतरण को रोकना है। उन्होंने कहा कि सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत आमजनों को एनीमिया के बारे में बताया जाएगा इस रोग के प्रारंभिक पहचान और उपचारसुनिश्चित किया जाएगा।

कांग्रेसी यूथ संगठनों का प्रदर्शन, कानून व्यवस्था की बदहाली का लगाया आरोप

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर में यूथ कांग्रेस और एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। प्रदेश में बदहाल कानून व्यवस्था का आरोप लगाते हुए उन्होंने गृहमंत्री विजय शर्मा के आवास को घेराव करने की कोशिश की। छत्तीसग? की राजधानी रायपुर में यूथ कांग्रेस और एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। प्रदेश में बदहाल कानून व्यवस्था का आरोप लगाते हुए उन्होंने गृहमंत्री विजय शर्मा के आवास का घेराव करने की कोशिश की। जिन्हें पुलिस बल ने बीच में ही रोक लिया।

दरअसल, यूथ कांग्रेस और एनएसयूआई ने आज प्रदेश में बदहाल कानून व्यवस्था का आरोप लगाते हुए गृहमंत्री आवास का घेराव करने की कोशिश की। जहां बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारी गृहमंत्री निवास का घेराव करने जा रहे थे। जिन्हें बीच में महिला थाना चौक पर बैरिगेट लगाकर रोक लिया गया। साथ ही गृहमंत्री आवास के बाहर ब?ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था। जिसने उन्हें बीच में ही रोक लिया। इसी बीच प्रदर्शनकारियों और पुलिस बल के बीच जमकर झूमा-झपटी हुई।

गृहमंत्री विजय शर्मा के इस्तीफे की मांग

इस प्रदर्शन का नेतृत्व यूथ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा, एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडेय और पूर्व विधायक विकास उपाध्याय अपने कार्यकर्ताओं के साथ कर रहे थे। कांग्रेसी नेता हाथों में तख्ती लेकर गृहमंत्री विजय शर्मा के इस्तीफे की मांग कर रहे थे।

स्कूल प्रबंधन समिति की बैठक होगी साल में 4 बार

■ इस सत्र की पहली मीटिंग 26 जून को होगी, मंत्री तय करेंगे समिति के अध्यक्ष

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में 26 जून से नए सत्र की शुरुआत हो रही है। नए सत्र की तैयारियों के साथ ही विभाग ने शाला प्रबंधन समिति की बैठक की तैयारियां भी शुरू कर दी है। समिति की बैठक 3 महीने में 1 बार यानी एक साल में 4 बार होगी। पहली बैठक 18 जून को नए शिक्षा सत्र के पहले दिन होने वाली थी, लेकिन छुट्टियां के आगे बढ़ने के कारण बैठक की तारीख भी आगे बढ़ा दी गई है। अब 26 जून को बैठक आयोजित की जाएगी।

नए सत्र के पहले दिन पहली बैठक

शाला प्रबंधन एवं विकास समिति की दूसरी बैठक 8 अगस्त, तीसरी 14 नवंबर और चौथी 22 जनवरी को होगी। विभाग की ओर से निर्देश है कि सभी तय तारीखों पर बैठक होनी चाहिए। इसके लिए स्कूल शिक्षा विभाग ने सभी जिलों को निर्देश जारी कर दिए है।

विकास समिति के अध्यक्ष का नाम मंत्री की सहमति से

प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष का मनोनयन प्रभारी मंत्रियों की सहमति से किया जाएगा। नई सरकार के गठन के बाद शाला प्रबंधन एवं विकास समिति भंग करते हुए अध्यक्ष हटा दिए गए थे। अध्यक्ष की जिम्मेदारी स्कूल के प्राचार्य संभाल रहे हैं। अब समिति के नए अध्यक्ष का मनोनयन किया जाएगा।

इसलिए बढ़ाई गई छुट्टियां

प्रदेश में इस बार नया शिक्षा सत्र 18 जून से शुरू होने वाली थी, लेकिन गर्मी के कारण सरकार ने छुट्टियां 25 जून तक बढ़ा दी है। अब 26 से स्कूल खुलेंगे। हर साल की तरह शाला प्रवेशोत्सव मनाया जाएगा। विद्यार्थियों का तिलक लगा स्वागत किया जाएगा।

स्कूल छोड़ चुके छात्रों वो वापस लाने पर रहेगा फोकस

इस बार विभाग का फोकस उन छात्रों पर रहेगा। जिन्होंने पढ़ाई शुरू तो कि लेकिन किसी कारण बीच में ही छो? दिया। पिछले कुछ सालों में शाला त्यागी बच्चों की संख्या बढ़ी है। समिति की बैठकों समेत विभाग ने स्कूलों को शाला त्यागी छात्रों की पढ़ाई फिर से शुरू कराने के निर्देश भी दिए हैं।

सेवा का मौका मिला है, सबके सहयोग से काम करेंगे : ज्योत्सना

■ कटघोरा विधानसभा क्षेत्र में आभार जताने पहुंचे नेता प्रतिपक्ष व सांसद का जगह-जगह स्वागत

कोरबा/नवप्रदेश। कोरबा लोकसभा क्षेत्र से लगातार दूसरी बार निर्वाचित होने के उपरांत सांसद ज्योत्सना चरणदास महंत एवं छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत आम जनता के बीच पहुंच कर आभार जता रहे हैं। लोकसभा क्षेत्र के सभी आठों विधानसभा में पहुंच रहे डॉ. महंत व सांसद का आत्मीय स्वागत हो रहा है। इस कड़ी में आज इन्होंने कटघोरा विधानसभा क्षेत्र के कटघोरा, छुरी, बांकीमोंगरा, जवाली, दीपका में पहुंचकर आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होते हुए आभार प्रदर्शित किया।

कार्यक्रमों में पहुंचे डॉ. महंत व सांसद का पुष्पगुच्छ एवं महामाला से पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं व क्षेत्रवासियों के द्वारा स्वागत किया गया। विजय के केक काटे गए और एक-दूसरे को बधाईयां दी गईं। इन अवसरों पर डॉ. महंत ने उपस्थित जनसमुदाय का आभार व्यक्त करते हुए कार्यकर्ताओं की मेहनत को यह जीत समर्पित की। सांसद ज्योत्सना महंत ने कहा कि जनता ने सेवा करने का एक और मौका दिया है जिसके लिए हम सबके आभारी है और धन्यवाद ज्ञापित करते हैं। चुनाव में जिन्होंने समर्थन दिया और जिन्होंने अपना आशीर्वाद नहीं दिया, उन सभी का हमें समान रूप से काम करना है क्योंकि जनप्रतिनिधि जनता की सेवा करने के लिए चुना जाता है। सांसद ने कहा कि जो कार्य लोकसभा क्षेत्र के आठों विधानसभा क्षेत्र में नहीं हुए हैं, अधूरे रह गए है उन सबको आप सबके सहयोग से पूरा कराने की दिशा में कार्य होगा।

उत्तर प्रदेश के तस्कर रायपुर में गिरफ्तार, ढाई लाख का गांजा जप्त

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर पुलिस ने उत्तर-प्रदेश के अंतर्राज्यीय गांजा तस्कर को 12 किलोग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी भाठागांव न्यू बस स्टैण्ड स्थित गेट नंबर तीन के पास गांजा के साथ खड़ा हुआ था। वह कहीं जाने और बेचने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहा था। इस दौरान पुलिस ने उसे रंगे हाथ पकड़ा है। उसके कब्जे से लगभग दो लाख 40 हजार रुपये का गांजा जब्त किया गया है। पूरा मामला टिकरापारा थाना का है।

एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट अंतर्गत गठित नारकोटिक्स सेल की टीम को सूचना मिली कि थाना टिकरापारा क्षेत्रांतर्गत भाठागांव न्यू बस स्टैण्ड स्थित गेट नंबर तीन पास एक व्यक्ति अपने पास गांजा रखा है। कहीं जाने की फिराक में है। एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट और थाना टिकरापारा पुलिस की टीम ने मुखबिर के बताए जगह पर पहुंचकर व्यक्ति को चिन्हांकित कर पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम शानू सिद्धकी निवासी बाराबंकी (उत्तर-प्रदेश) का होना बताया।

पुलिस ने उसके पास रखें बैग की तलाशी लेने पर बैग में गांजा रखा होना पाया गया। जिस पर टीम के सदस्यों ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 12 किलोग्राम गांजा कीमती लगभग दो लाख 40 हजार रुपये जब्त किया है। साथ ही थाना टिकरापारा में अपराध क्रमांक 478/2024 धारा 20बी नारकोटिक एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्रवाई की गई है।

आज अंतर्राष्ट्रीय योग का आयोजन

नि:शुल्क आयुर्वेद-योग, चिकित्सा परामर्श शिविर

कोरबा/नवप्रदेश। 21 जून अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर इस वर्ष की थीम महिला सशक्तिकरण के लिये योग के अंतर्गत चलो आयुर्वेद की ओर मिशन के तहत निशुल्क अस्थि खनिज घनत्व (बोन मिनरल डेंसिटी) जांच, निःशुल्क मधुमेह रक्त शर्करा जांच, तथा स्त्री, पुरुष एवं बच्चों के सभी सामान्य, साध्य, कष्टसाध्य, एवं असाध्य रोगों हेतु निशुल्क आयुर्वेद-योग, चिकित्सा परामर्श शिविर दिनांक 21 जून 2024 शुक्रवार को पतंजलि युवा भारत, लायंस क्लब कोरबा एवरेस्ट, भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ, विश्व हिंदू परिषद एवं आयुष मेडिकल एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में पतंजलि चिकित्सालय,श्री शिव औषधालय एम.आई.जी. 20, राजेन्द्र प्रसाद नगर निहारिका कोरबा में प्रातः 10 बजे से मध्यान्ह 2 बजे तक आयोजित किया गया है।

शिविर के विषय में पतंजलि युवा भारत के राज्य संवाद प्रभारी संजय कुमकेशी ने बताते हुए कहा कि इस शिविर में छत्तीसगढ़ प्रान्त के सुप्रसिद्ध पतंजलि योगपीठ हरिद्वार से प्रशिक्षित ख्यातिलब्ध चिकित्सिका वैद्या डॉ.नागेश्वरी शर्मा एवं नाड़ीवैद्य डॉ.नागेन्द्र नारायण शर्मा अपनी चिकित्सकीय सेवायें प्रदान करेंगे।जो कैंसर, मधुमेह, थायरायड, ब्लडप्रेशर, श्वास, टी.बी.,लकवा, साइटिका, आस्टियोपोरोसिस, गठियावात, पथरी, पीलिया, मस्तिष्कगत रोग माइग्रेन, डिप्रेशन, अनिद्रा, अम्लपित्त, बवासीर, भगंदर, गैस, दुर्बलता, बन्ध्यत्व (स्त्री-पुरुष), श्वेत प्रदर, रक्त प्रदर, हृदय रोग, चर्मरोग, सोरायसिस, एक्जिमा, शीतपित्त आदि स्त्री, पुरुषों एवं बच्चों के सभी प्रकार के सामान्य, साध्य, कष्टसाध्य एवं असाध्य रोगों का त्रिविध प्रकार से स्वास्थ्य परीक्षण कर संबंधित रोग के निरांत्रण एवं उपचार हेतु परामर्श के साथ साथ उनके लिये उपयोगी योगाभ्यास तथा प्राणायाम का व्यक्तिगत रूप से अभ्यास कराकर विशेष प्रायोगिक प्रशिक्षण भी देंगे। साथ ही रोगियों को उनके लिये उपयोगी जीवनशैली के बारे में भी व्यक्तिगतरूप से परामर्श देंगे। साथ साथ उनके लिये लाभकारी दिनचर्या-ऋतुचर्या, आहार-विहार के विषय में व्यक्तिगतरूप से विस्तार से परामर्श देंगे।

मालवाहन सहित 3 लाख 70 हजार का कबाड़ जप्त

■ 3 जून को पकड़े कबाड़ में रेलवे की संपत्ति मिली, इसलिए इस बार काम नहीं आया सियाराम अग्रवाल का दांवपेंच

कोरबा/नवप्रदेश। पुलिस कप्तान के सख्त निर्देश के बावजूद जिले के चुनिंदा क्षेत्रों में नामचीन कबाड़ियों के द्वारा अवैध कारोबार के साथ-साथ चोरी का माल बेधड़क खरीदा और खपाया जा रहा है। अक्सर कानूनी दांवपेंच में शिथिलता स्क्रैप की बिल्टी,जीएसटी बिल का लाभ उठाकर यह लोग पुलिस की कार्रवाई से बचते आ रहे हैं लेकिन इस बार झगरहा क्षेत्र के नामचीन कबाड़ी सियाराम की चालाकी काम नहीं आई। चोरी का लोहा और कबाड़ खरीदने में माहिर सियाराम ने स्क्रैप की आड़ में रेलवे का चोरी का लोहा जिले से बाहर भेजने की कोशिश की लेकिन इसकी भनक सही समय पर लग जाने और रेलवे पुलिस के सक्रिय हो जाने से उसकी चालाकी काम नहीं आई और वाहन पकड़ लिया गया। वाहन और कबाड़ को जप्त कर चालक से पूछताछ में बताया कि वह सियाराम के यार्ड से कबाड़ लाद कर खपाने ले जा रहा था। सिविल लाइन थाना प्रभारी एसआई सुमन लाल पोया ने बताया कि यह पूरा मामला रेलवे के सुपुर्द कर दिया गया है और वह मामले में अग्रिम कार्रवाई करेगा।

कार्रवाई का विवरण इस प्रकार है कि दिनांक 03.06.2024 को सिविल लाइन थाना में पदस्थ एएसआई परमेश्वर गुप्ता को सिटी चेक में पेट्रोलिंग के दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुआ कि न्यू गोल्डन ब्राउन कलर 06 चक्का आईशर वाहन क्रमांक सीजी 12 बीजे 7229 के चालक गुलशन कुमार महोबे अपने वाहन में अवैध रूप से लोहे का कबाड़ परिवहन कर ले जा रहे वाला है। सूचना पर स्टाफ ने जैन पब्लिक स्कूल के पास गोढ़ी रोड में वाहन को रोका। वाहन में 10 टन लोहे का कबाड़ कीमती करीबन 3 लाख 70 हजार रूपये भरा हुआ पाया गया। वाहन चालक के द्वारा उक्त लोहे के कबाड़ के संबंध में दस्तावेज पेश नहीं करने पर धारा 102 ब्लच्ब् के तहत जप्त किया गया। जशपुदा वाहन में लोहे के कबाड़ में रेलवे का लोहे का भी सामान रखा होना पाया गया। रेल्वे का 2 नग प्रिंस प्लेट मय 4 नग नट बोल्ट सहित 1 हील ब्लाक क्लोसिंग एवं 11 नग रेल स्क्रू होना पाया गया। 3 जून को पकड़े गए इस मामले का खुलासा 15 दिन बाद पुलिस अधिकारियों ने करते हुए बताया कि प्रकरण को बिलासपुर रेल्वे न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में यातायात दुरुस्त करने मंथन

■ यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने सभी विभागों को सौंपे गए दायित्वों का गंभीरता से निर्वहन करने कलेक्टर निर्देश

कोरबा/नवप्रदेश। कलेक्टर अजीत वसंत की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभा कक्ष में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, सड़क सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित हुई।उन्होंने जिले में यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने हेतु सभी विभागों को सौंपे गए दायित्वों का गंभीरता से निर्वहन करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी, जिला परिवहन अधिकारी श्री विवेक सिन्हा, सार्वजनिक उपक्रम एसईसीएल, बाल्को, पीडब्ल्यूडी, नेशनल हाइवे, एनएचएआई, एनएचपीडब्ल्यूडी, इरकॉन, परिवहन, यातायात सहित अन्य विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर ने जिले में सड़क सुरक्षा से संबंधित किए गए प्रयास, सड़क दुर्घटनाओं के प्रमुख कारण, दुर्घटना नियंत्रण के उपाय व सड़क सुरक्षा जागरूकता के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने सड़क दुर्घटना रोकने, ओवर स्पीडिंग को नियंत्रित करने तथा आवश्यक सुरक्षा साधनों का उपयोग करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बताया से पूर्व सड़कों के गड्ढे का भराव, आवश्यक मरम्मत, यथा स्थान संकेतक, ब्लिंकर अनिवार्य रूप से लगाने हेतु सभी अधिकारियों को निर्देशित किया। कलेक्टर ने राष्ट्रीय राजमार्ग में स्थित ब्लैक स्पॉट स्थानों पर होने वाली सड़क दुर्घटना को कम करने के लिए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने इन स्थानों पर रात्रि में प्रकाश की व्यवस्था, स्पीड लिमिट बोर्ड, रंबल स्ट्रीप, कैमरा, रोड मार्किंग जैसी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए कहा। इस हेतु यातायात, परिवहन, एनएचपीडब्ल्यूडी, एनएचएआई, विभागों को संयुक्त टीम बनाकर सभी ब्लैक स्पॉट स्थानों का निरीक्षण करने एवं प्रस्ताव प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया।

सुविचार

जीवन में अधिकांश समस्याएं दो कारणों से आती है। पहला हम बिना सोचे समझे कार्य करते हैं और दूसरा हम सोचते ही रहते हैं और कोई कार्य नहीं करते। - अज्ञात

योग गुरु की भूमिका में आया भारत

हर साल की तरह ही इस वर्ष भी 21 जून को पूरी दुनिया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने जा रही है। भारत में तो अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर लोगों में अपार उत्साह परिलक्षित हो रहा है। स्वयं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस बार कश्मीर की मशहूर डलझील के किनारे 21 जून को योग करने जा रहे हैं। भारत के कोने कोने में 21 जून को योग दिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। भारत के अलावा दुनिया के 175 देशों में भी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा। गौरतलब है कि भारत की इस प्राचीन परंपरा को विश्व पटल पर स्थापित करने में भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अग्रणी भूमिका निभाई है। सितंबर 2014 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में अपने उद्बोधन के दौरान अंतरराष्ट्रीय स्तर पर योग दिवस मनाने का प्रस्ताव रखा था और इसके लिए 21 जून की तारीख को उपयुक्त बताया था। उन्होंने योग के कल्याणकारी लाभों तथा स्वास्थ के प्रति इसके समग्र दृष्टिकोण पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला था। भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के इस प्रस्ताव का दुनिया के 175 देशों ने समर्थन किया था। नतीजतन संयुक्त राष्ट्र ने दिसंबर 2014 इस प्रस्ताव को पारित कर 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने की घोषणा कर दी। इस तरह भारत दुनिया में योग गुरु की भूमिका में आ गया। पिछले दशक के दौरान योग के प्रति पूरी दुनिया में रूझान बढ़ने लगा है। यह हम भारतीयों के लिए गर्व की बात है। हमारे यहां हजारों साल पहले योग की उत्पत्ति हुई है। हमारे ऋषिमुनी योग को अमूल्य उपहार बताते रहे हैं। वास्तव में योग सिर्फ एक व्यायाम नहीं है बल्कि यह मन, शरीर, विचार और क्रिया की एकता का प्रतीक है। इस साल योग दिवस की थीम स्वयं और समाज के लिए योग है। वास्तव में योग न सिर्फ स्वयं की शारीरिक ही नहीं बल्कि मानसिक और आध्यात्मिक कल्याण पर केन्द्रित रहता है बल्कि यह समाज को भी प्रेरित करता है। आज भारत सहित दुनिया भर में करोड़ों लोग योग कर रहे हैं और स्वस्थ जीवन जी रहे हैं। भारत में तो अब योग दिनचर्या का हिस्सा बनता जा रहा है। स्वामी रामदेव सहित अन्य कई योगाचार्य भारत के अलावा पूरी दुनिया में योग का प्रचार प्रसार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। योग को लेकर अब लोगों का दृष्टिकोण भी बदल रहा है जो पहले योग को महत्व नहीं देते थे वे भी अब योग के लाभों को देखकर योगाभ्यास करने लगे हैं। स्कूली पाठ्यक्रम में भी योग को शामिल किया गया है। छोटे छोटे बच्चों को योगाभ्यास कराया जा रहा है। यह सरकार की सराहनीय पहल है बचपन से ही यदि बच्चों को योग कराया जाता है तो निश्चित रूप से वे एक श्रेष्ठ नागरिक बनेंगे और देश के विकास में ज्यादा बेहतर योगदान दे सकेंगे।

पानी को लेकर सत्याग्रह करने की चेतावनी

इस साल भीषण गर्मी के कारण देश के कई राज्यों में पेयजल संकट की स्थिति निर्मित हुई है। लगातार बढ़ती गर्मी की वजह से नदी नालों और जलाशयों का जल स्तर कम होता जा रहा है। वहीं भू-जल स्तर भी लगातार गिरता जा रहा है नतीजतन देश के कई राज्यों में पेयजल और निस्तार की समस्या गंभीर हो गई है। किन्तु देश की राजधानी नई दिल्ली में तो स्थिति भयावह रूप धारण कर चुकी है। नई दिल्ली में लोग बूंद बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं। नई दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जेल में हैं और उनके मंत्री नई दिल्ली के लोगों को पेयजल उपलब्ध कराने में विफल हो रहे हैं। अपनी नाकामी को छुपाने के लिए वे पड़ोसी राज्यों के सिर पर ठीकरा फोड़ रहे हैं। अब तो नई दिल्ली की मंत्री आतिशी ने यह चेतावनी दी है कि यदि 21 जून तक दिल्ली में पानी की समस्या को दूर करने के लिए केन्द्र सरकार ने कारगर कदम नहीं उठाया और हरियाणा ने पानी नहीं छोड़ा तो आम आदमी पार्टी इस मुद्दे को लेकर सत्याग्रह करेगी। यह तो वही बात हुई की नाच न आए आंगन टेढ़ा। नई दिल्ली के लोगों को पेयजल उपलब्ध कराना नई दिल्ली सरकार का काम है। जिसे करने में वह बुरी तरह असफल रही है। और अब इस समस्या का समाधान करने की जगह वह आंदोलन की बात कर रही है। जिस हरियाणा राज्य पर आम आदमी पार्टी के नेता आरोप लगा रहे हैं। उस हरियाणा ने नई दिल्ली को 17 प्रतिशत ज्यादा पानी दिया है। किन्तु नई दिल्ली की आम आदमी पार्टी सरकार जल प्रबंधन का काम सही तरीके से अंजाम नहीं दे पा रही है। राज्य सरकार की अकर्मण्यता के कारण पानी का बेतहाशा दुरुपयोग हो रहा है और टैंकर माफिया इस आपदा को अपने लिए कमाई का बेहतर अवसर मान कर पानी बेचकर अपनी तिजोरी भर रहा है। दिल्ली सरकार टैंकर माफिया की नाक में नकेल कसने की जगह उन्हें प्रोत्साहित कर रही है। अब नई दिल्ली सरकार ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर उनसे नई दिल्ली की इस विकट समस्या का समाधान करने की गुहार लगाई है। वास्तव में नई दिल्ली के लोगों को इस समस्या से छुटकारा दिला पाना नई दिल्ली सरकार के बूते की बात नहीं रह गई है। ऐसी स्थिति में अब केन्द्र सरकार को ही आगे आना होगा और नई दिल्ली के लोगों को पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराने के लिए उसे कारगर कदम उठाना होगा। अन्यथा यदि मानसून मेहरबान नहीं हुआ तो आने वाले दिनों में नई दिल्ली में पेयजल संकट और विकराल रूप धारण कर लेगा। अभी से वहां के कई बड़े अस्पतालों में पेयजल संकट के कारण हालत गंभीर हो रही है। जो गंभीर चिंता का विषय है केन्द्र सरकार को तत्काल इस मामले में हस्तक्षेप करना चाहिए।

प्रेरक प्रसंग

भिक्षा

कविगुरु रवींद्रनाथ टैगोर का स्वास्थ्य ठीक नहीं था। डॉक्टरों का कहना था, पूर्ण स्वास्थ्य लाभ के लिए उन्हें पूर्ण विश्राम करना चाहिए। आवश्यकता से अधिक परिश्रम नहीं करना चाहिए। महाकवि ने अपना नियम न बदला। जो काम जिस समय निर्धारित था, उसे ठीक उसी समय पूरा करने में उन्होंने कोई ढील न दी। शांति-निकेतन के प्रबंधकर्ताओं को इससे काफी चिंता हुई। तार देकर बापू बुलाए गए। गाँधी जी आए और कविगुरु टैगोर से आते ही प्रश्न किया- मुझे आपसे एक भीख चाहिए। गुरुदेव ने बापू की बात मान ली।

बापू ने माँगा आपको भोजन के बाद एक घंटा पूरा आराम करना होगा। राष्ट्रपति कुछ क्षण मौन रहे। फिर उस क्षमायाचना के पत्र को स्वीकार करते हुए उन्होंने लिखा, जिसका कोई मित्र नहीं, उसका मैं मित्र बनता हूँ। अदना से अदना आदमी को भी न्याय मिलना चाहिए। यह मेरा कर्तव्य है।÷ वे राष्ट्रपति थे श्री अब्राहम लिंकन।

आज का पंचांग

सूर्योदय : 05:27, सूर्यास्तः 07:17, चन्द्रोदयः 18:09, चन्द्रास्तः 28:07, अयन : दक्षिणायणे (उत्तरगोलीय), ऋतु : वर्षा, शक सम्वतः 1946 (क्रोधी), विक्रम सम्वतः 2081 (पिंगल), कलियुगाब्दः 5126, मास : ज्येष्ठ, पक्ष : शुक्ल, तिथि : चतुर्दशी, नक्षत्र : ज्येष्ठा, योग : शुभ, प्रथम करण : तैतिल (07:49 तक), द्वितीय करण : गर (19:45 तक)

॥ गोचर ग्रहा॥

सूर्य : मिथुन, चंद्र : वृश्चिक, मंगल : मेष (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध : मिथुन (उदित, पूर्व, वक्री), गुरु : वृष (उदय, पूर्व, मार्गी), शुक्र : मिथुन (अस्त, पूर्व, मार्गी), शनि : कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी), राहु : मीन, केतु : कन्या

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त : 11:50 से 12:47, अमृत काल : 07:26 से 09:05, सर्वार्थसिद्धि योग : 05:16 से 18:10, रवियोग : 05:16 से 18:10, विजय मुहूर्त : 14:39 से 15:36, गोधूलि मुहूर्त : 19:20 से 19:40, सायाह्न सन्ध्या : 19:21 से

योगेश कुमार गोयल

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के लिए 21 जून का ही दिन निर्धारित किए जाने की भी खास वजह रही। दरअसल यह दिन उत्तरी गोलार्ध का पूरे कैलेंडर वर्ष का सबसे लंबा दिन होता है। इस दिन की तिथि को ग्रीष्म संक्रांति के साथ मेल खाने के लिए बनाया गया था, जो उत्तरी गोलार्ध में वर्ष का सबसे लंबा दिन होता है और प्रकाश और स्वास्थ्य का प्रतीक है। भारतीय संस्कृति के नजरिये से देखें तो ग्रीष्म संक्रांति के बाद सूर्य दक्षिणायन हो जाता है तथा यह समय आध्यात्मिक सिद्धियां प्राप्त करने में लाभकारी माना गया है। आधुनिक चिकित्सा विज्ञान भी योग के महत्व को स्वीकारने लगा है। इसलिए स्वस्थ जीवन जीने के लिए जरूरी है कि योग को अपनी दिनचर्या का अटूट हिस्सा बनाया जाए। बहरहाल, योग केवल एक व्यायाम नहीं है बल्कि यह शरीर और मन के साथ-साथ स्वयं को सशक्त बनाने का एक बेहतरीन तरीका है।

तन के साथ मन को भी स्वस्थ रखता है योग

प्रतिवर्ष 21 जून को दुनियाभर के 170 से भी ज्यादा देश अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाते हैं और योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने का संकल्प लेते हैं। संयुक्त राष्ट्र ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के 69वें सत्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा रखे गए प्रस्ताव के जवाब में 11 दिसंबर 2014 को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की स्थापना की थी और वैश्विक स्तर पर पहला अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2015 को मनाया गया था। इस वर्ष पूरी दुनिया 'स्वयं और समाज के लिए योग' थीम के साथ 10वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मना रही है।

प्रतिवर्ष यह दिवस मनाने का उद्देश्य योग को एक ऐसे आंदोलन के रूप में बढ़ावा देना है, जो व्यक्ति की तन्यकता को उन्नत करता है और समाज के प्रत्येक व्यक्ति के लिए कल्याण को बढ़ावा देता है। वैसे तो योग को विश्व स्तर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सतत प्रयासों के चलते वर्ष 2015 में अपनाया गया था किंतु भारत में योग का इतिहास सदियों पुराना है। माना जाता रहा है कि पृथ्वी पर सभ्यता की शुरुआत से ही योग किया जा रहा है लेकिन साक्ष्यों की बात करें तो योग करीब पांच हजार वर्ष पुरानी भारतीय परंपरा है। करीब 2700 ईसा पूर्व वैदिक काल में और उसके बाद पतंजलि काल तक योग की मौजूदगी के ऐतिहासिक प्रमाण मिलते हैं।

महर्षि पतंजलि ने अभ्यास तथा वैराग्य द्वारा मन की वृत्तियों पर नियंत्रण करने को ही योग बताया था। हिंदू धर्म शास्त्रों में भी योग का व्यापक उल्लेख मिलता है। विष्णु पुराण में कहा गया है कि जीवात्मा तथा परमात्मा का पूर्णतया मिलन ही अद्वेतानुभूति योग कहलाता है। इसी प्रकार भगवद्गीता बोध में वर्णित है कि दुःख-सुख, पाप-पुण्य, शत्रु-मित्र, शीत-उष्ण आदि द्वंदों से अतीतय मुक्त होकर सर्वत्र समभाव से व्यवहार करना ही योग है। भारत में योग को निरोगी रहने की करीब पांच हजार वर्ष पुरानी मानसिक, शारीरिक और आध्यात्मिक पद्धति के रूप में मान्यता प्राप्त है, जो भारतीयों की जीवनचर्या का अहम हिस्सा है।

सही मायनों में योग भारत के पास प्रकृति प्रदत्त ऐसी अमूल्य धरोहर है, जिसका भारत सदियों से शारीरिक और मानसिक लाभ उठाता रहा है, लेकिन कालांतर में इस दुर्लभ धरोहर की अनदेखी का ही नतीजा है कि लोग तरह-तरह की बीमारियों के मकड़जाल में जकड़ते गए। वैसे तो स्वामी विवेकानंद ने भी अपने शिकागो सम्मेलन के भाषण में सम्पूर्ण विश्व को योग का संदेश दिया था लेकिन कुछ वर्षों पूर्व योग गुरु स्वामी रामदेव द्वारा योग विद्या को घर-घर तक पहुंचाने के बाद ही इसका व्यापक प्रचार-प्रसार संभव हो सका और आमजन योग की ओर आकर्षित होते गए। देखते ही देखते कई देशों में लोगों ने इसे अपनाना शुरू किया। आज की भागदौड़ भरी जीवनशैली में योग का महत्व कई गुना बढ़ गया है।

योग न केवल कई गंभीर बीमारियों से छुटकारा दिलाने में मददगार साबित होता है बल्कि मानसिक तनाव को खत्म कर आत्मिक शांति भी प्रदान करता है। दरअसल यह एक ऐसी साधना, ऐसी दवा है, जो बिना किसी लागत के शारीरिक एवं मानसिक बीमारियों का इलाज करने में सक्षम है। यह मस्तिष्क की सक्रियता बढ़ाकर दिनभर शरीर को ऊर्जावान बनाए रखता है। यही कारण है कि अब युवा एरोबिक्स व जिम छोड़कर योग अपनाने लगे हैं। माना गया है कि योग तथा प्राणायाम से जीवनभर दवाओं से भी ठीक न होने मधुमेह रोग का भी इलाज संभव है। यह वजन घटाने में भी सहायक माना गया है। योग की इन्हीं महत्ताओं को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 27 सितम्बर 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा से आह्वान किया था कि दुनियाभर में प्रतिवर्ष योग दिवस मनाया जाए ताकि प्रकृति प्रदत्त भारत की इस अमूल्य पद्धति का लाभ पूरी दुनिया उठा सके। यह भारत के बेहद गर्व भरी उपलब्धि रही कि संयुक्त राष्ट्र महासभा में प्रधानमंत्री के इस प्रस्ताव के महज तीन माह के भीतर 177 देशों ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाए जाने के प्रस्ताव पर स्वीकृति की मोहर लगा दी, जिसके उपरांत संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 11 दिसम्बर 2014 को घोषणा कर दी गई कि प्रतिवर्ष 21 जून का दिन दुनियाभर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाया जाएगा।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के लिए 21 जून का ही दिन निर्धारित किए जाने की भी खास वजह रही। दरअसल यह दिन उत्तरी गोलार्ध का पूरे कैलेंडर वर्ष का सबसे लंबा दिन होता है। इस दिन की तिथि को ग्रीष्म संक्रांति के साथ मेल खाने के लिए बनाया गया था, जो उत्तरी गोलार्ध में वर्ष का सबसे लंबा दिन होता है और प्रकाश और स्वास्थ्य का प्रतीक है। भारतीय संस्कृति के नजरिये से देखें तो ग्रीष्म संक्रांति के बाद सूर्य दक्षिणायन हो जाता है तथा यह समय आध्यात्मिक सिद्धियां प्राप्त करने में लाभकारी माना गया है। आधुनिक चिकित्सा विज्ञान भी योग के महत्व को स्वीकारने लगा है। इसलिए स्वस्थ जीवन जीने के लिए जरूरी है कि योग को अपनी दिनचर्या का अटूट हिस्सा बनाया जाए। बहरहाल, योग केवल एक व्यायाम नहीं है बल्कि यह शरीर और मन के साथ-साथ स्वयं को सशक्त बनाने का एक बेहतरीन तरीका है।

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1862 में आज ही के दिन ज्ञानेंद्र मोहन टैगोर 'लिंकन्स इन' से वकालत की डिग्री हासिल करने वाले प्रथम भारतीय बने थे। 1898 में 21 जून को ही अमेरिका ने स्पेन को हराकर गुआम पर कब्जा किया था। 1933 में आज ही के दिन भारत के प्रसिद्ध लेखक, उपन्यासकार, नाटककार, आलोचक तथा व्यंग्यकार मुद्राराक्षस का जन्म हुआ था। 1948 में आज ही के दिन सी. राजगोपालाचारी भारत के गवर्नर जनरल बने और वह देश के अंतिम गवर्नर जनरल थे। 1975 में 21 जून को ही वेस्टइंडीज ने पहला क्रिकेट विश्व कप जीता था। 2008 में आज ही के दिन फ़िलिपीन में विनाशकारी तूफ़ान फेंगसेन से सैकड़ों लोगों की मृत्यु हो गई थी। 2009 में 21 जून को ही भारत की बैडमिंटन स्टार साइना नेहवाल सुपर सीरीज बैडमिंटन टूर्नामेंट का खिताब जीतने वाली पहली भारतीय महिला बनीं थीं। 2012 में आज ही के दिन ऑस्ट्रेलिया जा रही नौका डूबने से 90 शरणार्थियों की मौत हो गई थी। 2013 में आज ही के दिन पाकिस्तान के पेशावर में एक मस्जिद में बम विस्फोट में बड़ी संख्या में लोगों की मौत हुई थी। 2015 में 21 जून को ही पहला अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया था।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

करोगे प्यार अगर

करोगे प्यार अगर ज़ोखिम तो उठाना होगा, दिल का मामला है रूठना और मनाना होगा। किस्मत से मिलती है मौहब्बतें वादा तो निभाना होगा, मुश्किल से मिलती है मंजिलें दरवाजा खटखटाना होगा।

- जे डी कुदाल

मुस्कान के पीछे छिपा

मुस्कान के पीछे छिपा आपका दर्द। गुस्से के पीछे छिपा आपका प्रेम। खामोशी के पीछे छिपा आपका चित्कार। अपने वजूद के साथ अकेले रहने की चाह। जो इंसान आपके इस भाव को समझता है उस इंसान के साथ विश्वास की डोर हर परिस्थिति में आपके साथ एक मजबूत सम्बल बन नजर आएगी।

- मीनू वोहरा

ख़ास पाती. | ### हसीं ख़्वाब अपना सजाते रहो

हसीं ख़्वाब अपना सजाते रहो दुआ है कि तुम मुस्कुराते रहो, फ़लक से सितारों को ला तोड़कर सनम रूठें गर तो मनाते रहो, क़दम को न रोको , न हारो कभी, नज़र मंज़िलों से मिलाते रहो, मिलेगी तुझे मंजिलें एक दिन , ज़रा अपनी हिम्मत बढ़ाते रहो, समंदर की लहरों से खेलो ज़रा, तू खुद को ज़रा आज़माते रहो, ग़ज़ल से लिपटकर रहो रात-दिन, इसे बारहा गुनगुनाते रहो, अँधेरे हैं नफ़रत के छाये हुये, मुहब्बत के दीये जलाते रहो , मैं ये जान 'ऐनुल' तुझे वार दूँ, मेरे ख़्वाब को गुदगुदाते रहो।

- ऐनुल बरौलवी

पिता की दुलारी वह नाना संग खेलकर

पिता की दुलारी वह नाना संग खेलकर। बालपन खेलसारा शस्त्रों से बिताई थी।। आयुधों को खेल खेल आयुधों का वार झेल। रण चण्डी बन कर शौर्य को दिखाई थी।। चमकती सी वो धूप दुर्गा का थी स्वारुप । रानी लक्ष्मीबाई देख सेना घबराई थी।। पीठ पर सुत बांध दांत से लगाम थाम । हाथ तलवार लिये काली बन आई थी।। **- अजय मिश्रा अभिज्ञ**

जिनके नहीं हैं-सिर जिनके नहीं हैं-पैर

जिनके नहीं हैं-सिर जिनके नहीं हैं-पैर उन धड़ों के पास बचे हैं केवल हाथ और बचा है केवल पेट हाथ, केवल और केवल लूट सकने के लिए पेट, केवल और केवल भरने के लिए लूटने से न ये हाथ थकते हैं और न भरने से ये पेट भरते हैं ऐसे बेसिरपैर वाले धड़ों से सावधान! सावधान!! सावधान!!!

- भाऊ राव महंत

इक आरज़ू है मेरी मगर वो तो तू नहीं

इक आरज़ू है मेरी मगर वो तो तू नहीं मुझको फ़लक के चाँद की है जुस्तजू नहीं दिल कह रहा है आपसे है प्यार तो मगर क्यों मुझको आप दिखते हैं फिर चार-सू नहीं हसरत बढ़ी है तेरी ये जबसे ख़बर हुई सब कुछ है इस हथेली में बस एक तू नहीं प्यासे ही रह गये वो भले उम्र भर मगर लब से कभी लगाया था जाम-ओ-सुबू नहीं जीने का लुत्फ़ आता है तब तक हमें कहाँ जब तक के ज़िन्दगी में तनिक हाव-हू नहीं जिस जिस से पूछा ये कभू क्या इश्क़ है किया सबने कहा कभू नहीं सच में कभू नहीं अब दे सकेंगे साथ नहीं आप भी मेरा सहरा में फिर रही हूँ मैं अब कू-ब-कू नहीं **- पुष्प सैनी पुष्प**

पिता के साथ कुछ हिस्सा मेरा भी मर गया

पिता के साथ कुछ हिस्सा मेरा भी मर गया कुछ कहानी मर गई मेरी कुछ किस्सा मेरा भी मर गया मर गये कुछ आस,कुछ विश्वास मर गये कुछ खूबसूरत अहसास मर गया मुख का चिर स्मित हास फैला हर तरफ़इक ह्रास क्षण -क्षण टूटा हौसला आँसूओं में झर गया पिता के साथ कुछ हिस्सा मेरा भी मर गया मन की नदी खारी हो गई ज़िंदगी पहले से अधिक भारी हो गई खिलखालाती मन की वादियों में एक ख़ामोशी एक सन्नाटा पसर गया पिता के साथ कुछ हिस्सा मेरा भी मर गया **- आशा पाण्डेय ओझा 'आशा'**

दासता सिर्फविदेशी हुकूमत की

दासता सिर्फ विदेशी हुकूमत की नही होती। असली दासता होती है अपनी ही पुरानी मानसिकता की। पुरानी धारणाओं और अंधविश्वासो की अपनी ही बुरी आदतों की। मानसिक जंजीरे तभी टूट सकती है जब हम सजग होकर उसके खिलाफ तलवार हाथ मे उठाये। यह तलवार होगी । **- हेमा पांडेय**

QUIZ TIME

1) गाँधीजी दक्षिण अफ्रीका में कितने वर्ष रहे थे?

2) अंतर्राष्ट्रीय नागरिक उड्डयन दिवस कब मनाया जाता है?

3) विश्व का सबसे व्यस्त समुद्री मार्ग कौन-सा है?

4) बीसीसीआई ने हाल ही में किस पूर्व क्रिकेटर की जर्सी को रिटायर करने का फैसला किया है?

5) मिस इंडिया यूएसए 2023 का खिताब किसने जीता?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) 21 वर्ष (2) 7 दिसंबर (3) उत्तरी अटलांटिक महासागर (4) महेंद्र धोनी (5) रिजुल मैनी

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेष : आज के दिन मन कार्य में आ रही बाधा के कारण अशान्त रहेगा। शारीरिक सामर्थ्य भी आज कम ही रहेगा फिर भी जबरदस्ती करेंगे।

वृषः आज का दिन भी आपके लिये अनुकूल बना हुआ है जिस भी कार्य मे हाथ डालेंगे उसमे अन्य लोगो की तुलना में शीघ्र सफलता मिल सकती है।

मिथुन : आज का दिन मिश्रित फल प्रदान करेगा। कभी लाभ होता नजर आएगा अगले पल निराश होने पड़ेगा।

कक : आज के दिन आप पिछली गलतियों से सीख लेंगे। व्यवहार में सुधार करेंगे मीठा बोलकर अपना स्वार्थ सिद्ध कर लेंगे।

सिंहः आज भी बचते बचते कलह होने की संभावना है आज स्वभाव में नरमी रखना अत्यंत आवश्यक है।

कन्याः आज का दिन आपको कोई नई खुशी देकर जाएगा। धन लाभ उम्मीद ना होने पर भी अकस्मात होगा।

तुलाः आज का दिन धैर्य से बिताने में ही भलाई है। मेहनत करने पर तुरंत लाभ की आशा ना रखें आज किया परिश्रम का फल संध्या बाद से दिखने लगेगा ।

वृश्चिक : आज का दिन आपके पक्ष में रहेगा लेकिन आज आपके अंदर समझ की कमी भी रहेगी सही की जगह गलत बातो का समर्थन करना घर अथवा बाहर वैचारिक मतभेद बनाएगा।

धनुः आज के दिन आपकी दिनचर्या संघर्ष वाली रहेगी। दिन के आरम्भ से ही मन किस अरिष्ट की आशंका से व्याकुल रहेगा।

मकरः आज का दिन वैसे तो आपके लिये कुछ ना कुछ लाभ ही देगा लेकिन आज आपके द्वारा कोई ऐसा काम हो सकता है जिसका पछतावा लंबे समय तक रहेगा।

कुंभः आज के दिन सुख शांति में वृद्धि होगी लेकिन शरीर मे कोई नया विकार भी बनेगा।

मीन : आज का दिन थोड़ा उठापटक वाला रहेगा। आज एक समय मे मन दो कार्यो में भटकने के कारण मनचाही सफलता नही मिल पाएगी।

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. चौड़ी और सपाट जमीन, रणभूमि 3. स्वरग्राम, संगीत के सात स्वरों का समूह 6. धूल का कण, किसी वस्तु का सूक्ष्मकण, धूल 7. हिम्मत, सामर्थ्य 8. अभ्यर्थना, रिसेप्शन, यथा अवसर पर पूछे जाने वाला मंगल कुशल 9. आपस का करार, निबटारा 10. वरदान, दुल्हा 12. भोग, ऐश्वर्य 13. कीमत, मूल्य 14. एक वाद्ययंत्र जिसे सपेरे बजाते हैं 16. समता, बराबरी 18. अश्लील, बेहुदा, अभद्र, घटिया 19. युक्ति, उपाय, ढंग 20. रिक्त, अपूर्ण।

ऊपर से नीचे

1. दोस्ती, मित्रता 2. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 4. बचाव, हिफाजत 5. मीठापन, मधुर होने का भाव 7. समुद्र 8. आत्मनिर्भर, जो दूसरे पर आश्रित न हो 9. रसवाला, रसदार 11. मां का बच्चों के प्रति प्रेम 13. खैरात, देने की क्रिया 15. दृष्टि, निगाह 16. वरिष्ठ, बुजुर्ग, चतुर 17. पराजय, हार।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 091 का हल

ला	लू	प्र	सा	द	या	द	व	
प		ति			र	क्ष	क	
र	ह	मा	न					आ
वा			मि	थु	न		दा	स
ह	वा	ला	त		सी	ता		पा
	न				ब	क	वा	स
औ	र	त		म		त		
ला		बे	च	ना		व	च	न
द	ह	ला		ना	ग	र		दी

न्यूज गैलरी

लोकतंत्र सेनानियों के उत्तराधिकारियों को आरक्षण देने की मांग

दुर्ग। लोकतंत्र सेनानी डोमार सिंह चन्द्राकर ने मांग की है कि जिस तरह स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के उत्तराधिकारियों को शिक्षण संस्थानों और सरकारी नौकरी में आरक्षण देने का प्रावधान है उसी तरह लोकतंत्र सेनानियों के उत्तराधिकारियों को भी शिक्षण संस्थानों और सरकारी नौकरी में आरक्षण देने का प्रावधान किया जाना चाहिए। इस बाबत रायपुर में आयोजित लोकतंत्र सेनानियों के सम्मेलन में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय को एक ज्ञापन सौंपकर उनसे छत्तीसगढ़ में ऐसा प्रावधान किए जाने का अनुरोध किया जाएगा।

मुख्य अतिथि होंगे उप सीएम

दुर्ग। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को जिला मुख्यालय दुर्ग के रविशंकर स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय योग कार्यक्रम में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

आज समीक्षा बैठक

दुर्ग। जिले के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा 21 जून को दोपहर 12 बजे कलेक्टोरेट सभाकक्ष में अधिकारियों की विभागीय कार्यों की समीक्षा बैठक लेंगे। समस्त विभाग के जिला प्रमुख अधिकारियों को विभागीय जानकारी के साथ निर्धारित तिथि को एवं समय पर बैठक में उपस्थिति सुनिश्चित करने कहा गया है।

युवक ने की खुदकुशी

भिलाई। लंबी बीमारी से परेशान होकर 57 साल के एक शख्स ने सुबह ट्रेन से कटकर खुदकुशी कर ली। मृतक की पहचान राजेंद्र साव निवासी सूर्या रेसीडेंसी के रूप में हुई है। सुपेला पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक राजेंद्र कुमार साव काफी लंबे समय से किडनी से जुड़ी बीमारी से जूझ रहे थे। डॉक्टर ने उसे रेगुलर डायलिसिस कराने की सलाह दी थी। इसी बीच वे अपनी बाइक से मौर्या टॉकीज के आगे शराब भट्ठी के पास पहुंचे और फिर ट्रेन के आगे कूद गए।

कल साहेब का प्रगटोत्सव

दुर्ग। सद्गुरु कबीर प्रगटोत्सव आयोजित समभाव कबीर सेवा समिति के तत्वाधान में गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी 22 जून को सिविल लाईन शितला तालाब समृद्धि बाजार स्थित कबीर के कुटि प्रांगण में संभागीय स्तर पर सद्गुरु कबीर साहेब का भव्य ढंग से प्रगटोत्सव आयोजित है। समारोह का शुभारंभ प्रातः 8 बजे गुरुमहिमा पाठ के साथ सतसंग प्रवचन का सिलसिला जारी रहेगा। इस तारतम्य में संभाग के महंतो के साथ प्रतिष्ठित राजनैतिक हस्तियों का पदार्पण होगा। अध्यक्ष अजय वर्मा ने कबीर पंथियों को आम सभी भक्तों को उपस्थित होनी की अपील की है।

बाढ़ आपदा से बचाव हेतु शिवनाथ नदी में मॉकड्रिल

■ तैयारियों का कलेक्टर ने तैयारियों का लिया जायजा

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन में बाढ़ आपदा से बचाव की आवश्यक तैयारियों का जायजा लेने के लिए शिवनाथ नदी में आज मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) द्वारा जिला स्तर पर उपलब्ध समस्त बाढ़ बचाव सामग्रियों का मॉकड्रिल किया गया। मॉकड्रिल में अतिवृष्टि के दौरान शिवनाथ नदी में ग्रामीण जन लकड़ी या छोटे-छोटे बोट के माध्यम से नदी पार करते समय बोट पल्टी हो जाने एवं गांव में पानी भर जाने की स्थिति में किस प्रकार से जिले में उपलब्ध मोटर बोट, स्क्यूबा डायविंग, अंडरवाटर कैमरा, लाइफ जैकेट, लाइफ बॉय आस्का लाइट, पेलिकन लाइट, सर्च लाइट विभिन्न प्रकार के वस्तुओं का प्रयोग कर बाढ़ बचाव कार्य का लाइव डेमो (मॉकड्रिल) का आयोजन किया गया। मॉकड्रिल के दौरान, एसडीआरएफ़की टीम ने कई महत्वपूर्ण बचाव अभियानों का अभ्यास किया। इनमें नदी में डूबने वाले व्यक्तियों का बचाव, तेज बहाव में फंसे लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाना और बाढ़ के दौरान क्षतिग्रस्त इमारतों में फंसे लोगों को निकालना शामिल था। इस अभ्यास में आधुनिक बचाव उपकरणों और तकनीकों का भी प्रदर्शन किया गया, जिससे टीम को वास्तविक आपदा के समय इन उपकरणों का सही और प्रभावी उपयोग करने का अनुभव प्राप्त हो सके। मॉकड्रिल के दौरान स्थानीय प्रशासन और नागरिकों को भी शामिल किया गया, ताकि उन्हें आपदा के समय सही कदम उठाने और एसडीआरएफ़ की सहायता करने की जानकारी मिल सके। जिले में शिवनाथ नदी के आस-पास के बहुत से गांव प्रभावित होते है। बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीणों को घरों में उपलब्ध होने वाले सामग्रियों जैसे टीपा, भगोना, ड्रम, मटका, ट्यूब इत्यादि सामग्रियों का राफ्ट बनाना एवं पीने वाले 1 लीटर वाटर बॉटल को ऐयर टाईट कर लाईफ जैकेट बनाकर डूबते हुये व्यक्ति को बचाया जा सकता है का डेमो एसडीआरएफ के जवान और जिले के बाढ़ बचाव दल के जवान द्वारा दिखाया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला, एडीएम अरविंद एक्का, प्रशिक्षु कलेक्टर एम भार्गव, संयुक्त कलेक्टर उत्तम ध्रुव, संयुक्त कलेक्टर हरवंश सिंह मिरी, पुलिस, स्वास्थ्य, राज्य आपदा मोचन बल और नगर सेना के दल एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

नगर निगम द्वारा क्षतिग्रस्त होर्डिंग को हटाने की कार्यवाही

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम क्षेत्रांतर्गत पुराने अवैध होर्डिंग निकालने की कार्यवाही किया जा रहा है। मानसून के आगमन को देखते हुए सभी पुराने होर्डिंग का बारिकी से निरीक्षण किया जा रहा है। तेज आंधी तूफान में होर्डिंग गिरने से किसी प्रकार की दुर्घटना न हो। आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने अधिकारियों को निर्देश दिये है, कि वर्षाॠतु का आगमन हो गया है। जिसे ध्यान में रखते हुए रोड के किनारे, मकानो के ऊपर एवं चैंक चैराहो पर जितने भी होर्डिंग लगाया गया है, उसका स्थल पर जाकर निरीक्षण करें। इस बात का ध्यान रखा जाये की जो पुराने होर्डिंग, कमजोर हो गये है, उसे तत्काल हटाया जावे। अवैध होर्डिंग पर कार्यवाही की जावे। इसी तारतम्य में निगम के सभी जोन के अधिकारियो एवं कर्मचारियो की ड्यूटी लगाई गई है। सभी अपने अपने क्षेत्र में निरीक्षण कर रहे है। तेज हवाओ के चलते कमजोर होर्डिंग या नियम के विपरित लगे होर्डिंग उड़कर सड़को पर गिर जाते है, जिससे दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। निगम आयुक्त ने आम नागरिको से अपील की है कि कहीं भी सड़कों पर लगे पुराने होर्डिंग दिखाई दे तो तत्काल निगम के जोन कार्यालय में सूचित करें। जिसे तत्काल हटाने की कार्यवाही की जावेगी।

विहिप ने कलेक्टोरेट का घेराव कर की कार्रवाई की मांग

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। विश्व हिंदू बजरंग दल के लोगों ने गुरुवार को दुर्ग कलेक्टोरेट का घेराव किया। प्रदर्शन को देखते हुए बड़ी संख्या में पुलिस बल को भी तैनात किया गया था। विश्व हिंदू बजरंग दल की मांग है कि एसडीएम कार्यालय में घुसकर प्रदर्शन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। 17 जून को विशेष समुदाय के लोगों ने सोशल मीडिया पोस्ट पर हुए पोस्ट पर हंगामा किया था। यह पोस्ट एक कार्यकर्ता पुष्पराज नागदेव ने किया था। हालांकि उसे गिरफ्तारी के बाद जमानत मिल गई है। इसका विरोध विशेष समुदाय के लोगों ने किया और कहा कि पुलिस ने जमानती धाराओं के तहत मामला दर्ज किया था। विशेष समुदाय को उस प्रदर्शन को गलत बताते हुए विश्व हिंदू बजरंग दल ने एसडीएम मुकेश रावटे को ज्ञापन दिया है। इससे पहले कार्यकर्ता इंदिरा मार्केट में पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए कलेक्टोरेट पैदल मार्च निकाला। किया। इस दौरान बजरंग दल के प्रांत संयोजक ऋषी मिश्रा और विभाग संयोजक रामलोचन तिवारी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे।

विहिप ने इंदिरा मार्केट से निकाली रैली

कार्यकर्ताओं का कहना है कि, इस तरह से न्यायालय परिसर में ही फैसले के खिलाफ प्रदर्शन करना कानून के खिलाफ है। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने कलेक्टोरेट के सामने सड़क पर बैठकर हनुमान चालीसा का पाठ

पुष्पराज की जमानत का विरोध करना गलत

विश्व हिंदू बजरंग दल के प्रांत संयोजक ऋषी मिश्रा ने कहा कि पुष्पराज नागदेव उनका कार्यकर्ता है। उसने राजस्थान की घटना का विरोध करते हुए सोशल मीडिया में विरोध किया था। उसके द्वारा सोशल मीडिया में आपत्तिजनक फोटो डालने के बाद उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। न्यायालय ने उसे जमानत दी गई, लेकिन जिस तरह से समुदाय विशेष के लोगों ने कोर्ट के निर्णय का विरोध किया वह गलत है। ऋषी मिश्रा ने आरोप लगाया कि, समुदाय विशेष के प्रदर्शन में पाकिस्तान के समर्थन में नारे लगे है। उन्होंने कहा कि अगर उनके खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई तो बजरंगदल भी इसका विरोध करेगा।

पुलिस कर रही जांच

एसएसपी अभिषेक झा ने कहा दुर्ग पुलिस मामले की जांच कर रही है। न्यायालय के घेराव का फुटेज खंगाला जा रहा है। यदि पुलिस कोई भी ऐसा साक्ष्य मिला जो कि कानून के खिलाफ होगा तो पुलिस उनके खिलाफ मामला दर्ज कर कड़ी कार्रवाई करेगी।

अनैतिक संबंध के चलते युवक की हत्या

■ ग्रिन्डर ऐप के माध्यम से एक दिन पहले ही हुई थी दोस्ती

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। वैशाली नगर थाना क्षेत्र में हुए हत्या का खुलासा पुलिस ने गुरुवार को किया है। अनैतिक संबंध बनाने को लेकर हत्या की गई है। ग्रिन्डर ऐप के माध्यम से मृतक और आरोपी की एक दिन पहले ही दोस्ती हुई थी। आरोपी ने किस्म का था। मृतक ने अनैतिक संबंध बनाने से इंकार किया तो उसे मौत के घाट उतार दिया। आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुखनंदन राठौर ने बताया कि प्रार्थी संजय कुमार वैशालीनगर ने 18 जून 2024 को थाना में सूचना दिया कि एमआईजी 34 वैशालीनगर निवासी उसका भतीजा वेदान्त शर्मा 17 जून के रात्रि लगभग 10 बजे अपने माँ की कार लेकर अकेला घर से निकला था जो रात्रि में लगभग 12.30 बजे अपने दोस्त के साथ वापस घर आया और दोनो अपने कमरे में चले गये जब अगले दिन 18 जून को सुबह लगभग 7 बजे वह पेपर लेने के लिये गेट के पास गया और गेट से न्यूज पेपर निकालकर घर में जा रहा था उसी दौरान उसके भतीजे का दोस्त कमरे से बाहर निकलकर नमस्ते करते हुये चला गया। सुबह लगभग 9 बजे मां ने वेदान्त के कमरे के दरवाजा को खटखटाई कोई आवाज नही आने पर दरवाजा खोलकर देखी तो वेदान्त बिस्तर मे न होकर पलंग के नीचे नग्न अवस्था में पड़ा था उसका चेहरा काला पड़ गया था तथा मुह से खुन निकलकर सुख गया था, की रिपोर्ट पर मर्ग क0-23/2024 धारा 174 जा. फौ कायम कर जाँच में लिया गया। मृतक की हत्या होने की शंका होने पर वरिष्ट अधिकारीगण एवं एफ्एसएल टीम ने घटना स्थल का निरीक्षण किया। पंचनामा उपरांत पी.एम. कराया गया। शॉर्ट पीएम रिपोर्ट प्राप्त हुआ जिसमें डॉ. द्वारा मृतक का गला दबाकर हत्या होना बताये जाने से थाना वैशाली नगर में अप.-124/2024 धारा 302 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। वैशालीनगर पुलिस टीम एवं एसीसीयू टीम द्वारा सीसीटीव्ही फुटेज, कॉल डिटेल एवं मोबाईल में किये गये डाउनलोड ऐप के माध्यम से संदेही अनमोल राणा पिता त्रिपाल राणा उम्र 21 वर्ष साकिन सालवन थाना असंध जिला करनाल हरियाणा हाल पता विद्यागिरी हॉस्टल अंजोरा थाना पुलगांव जिला दुर्ग को हिरासत में लेकर पूछताछ पर बताया कि दोनों अनैतिक संबंध बनाने के दौरान आक्रोसित होकर मृतक की गला दबाकर हत्या करना बताया।

युवा कांग्रेस का हल्ला बोल आंदोलन

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। जिला युवा कांग्रेस के सैकड़ो कार्यकर्ता प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा के नेतृत्व में गृह मंत्री विजय शर्मा का आवास घेरने पहुचे। बलौदा बाजार में हुई घटना के विरोध में तथा प्रदेश में भाजपा सरकार के लचर कानून व्यवस्था के विरोध में आज युवा कांग्रेस ने विजय शर्मा के बंगले का घेराव किया पुलिस प्रशासन की भारी भरकम इंतजाम कर बड़े-बड़े बैरी गेटिंग लगाकर व फायर ब्रिगेड की गाड़ियों सहित इंतजाम कर रखा था,लेकिन युवा कांग्रेसियों के हौसले बुलंद थे व पुलिस के साथ झूम झटकी भी हुई। कार्यक्रम में दुर्ग युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव संदीप वोरा, प्रदेश सचिव अनुप वर्मा, शशांक (सन्नी) साहू, जिला अध्यक्ष आयुष शर्मा प्रभारी गौरव उमरे, पृथ्वी चंद्राकर, चिराग शर्मा, वरुण, रमीज राजा, विनोद कुमार, वरुण केवलतानी, शाश्वत पाण्डे, सोनू शर्मा, कौशल सिंह, विक्की राजा, अमोल जैन, तानिष पाटनी सहित सैकड़ों की संख्या में पहुंचे।

आज योग शिविर

रिसाली/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम रिसाली के बड़ा दशहरा ग्राउंड के निकट योग लंगर मैदान में सुबह 7 बजे योग शिविर का कार्यक्रम होगा। आयुक्त मोनिका वर्मा ने बताया कि शिविर में बतौर अतिथि सांसद विजय बघेल, विधायक ग्रामीण ललित चंद्राकर, रिसाली महापौर शशि सिन्हा, सभापति केशव बंछेर, सहित नगर निगम के समस्त एम आई सी और पार्षद गण समेत योग लंगर परिवार के सभी सदस्य योगाभ्यास में सम्मिलित होंगे। योग लंगर मैदान में सुबह 7 बजे योग शिविर का कार्यक्रम होगा।

सिकल सेल ऐनामिया बीमारी के बारे में विस्तारपूर्वक चर्चा

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। आज विश्व सिकल सेल जन जागरण दिवस के उपलक्ष्य में चंदूलाल चंद्राकर मेमोरियल गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज कचांदुर दुर्ग में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संयुक्त तत्वाधान में जन जागरण अभियान का आयोजन किया गया। गौरतलब है कि छग अंचल में एक बड़ी जनसंख्या इस बीमारी से पीड़ित है। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि चंदूलाल चंद्राकर मेमोरियल गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज की अधिष्ठाता डॉ. रंजना आर्या थीं व सेक्टर 9 हॉस्पिटल से डॉ माला चौधरी व राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अधिकारी तुषार वर्मा विशेष रूप से उपस्थित थे। डॉ करन सिंह चंद्राकर, डॉ लोपमुद्रारे व डॉ वर्तिका सिंह ने इस कार्यक्रम का संयोजन किया। कार्यक्रम में सिकल सेल ऐनामिया बीमारी के लक्षणों, दुष्प्रभाव एवम समस्याओं के बारे में विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। इस रोग से संबंधित बातें इसके अनुवांशिक कारको, सिकल कुंडली, सिकल लीट्रेसी एवम इससे बचाव की जानकारी मेडिकल स्टूडेंट्स को दी गई। छात्रों को सिकल सेल परीक्षण की प्रक्रिया का प्रायोगिक ज्ञान से अवगत कराया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उप अस्पताल अधीक्षक डॉ. कुलदीप सिंह सांघा, अस्थिरोग विभाग आचार्य डॉ बीएल चंद्राकर, स्त्री रोग विभाग की प्रमुख डॉ. अंजना चौधरी, नेत्र रोग विभाग प्रमुख डॉ. लिपी चक्रवर्ती, कान नाक गला विभाग प्रमुख डॉ शर्मिष्ठा डे के साथ कई चिकित्सा शिक्षक व चिकित्सा छात्र उपस्थित रहे।

कार्यों की मानिटरिंग कर रहे आयुक्त

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। शहर की सफाई व्यवस्था पर लगातार निगम अमला कार्य कर रहा है। आयुक्त लोकेश चन्द्राकर स्वंय सफाई व्यवस्था पर लगातार निगरानी रखें हुये है। आयुक्त ने चंडी मंदिर रोड, बनिया पारा, महावीर स्कूल सहित लुचकी तालाब का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने शहर में जलभराव क्षेत्रो का निरीक्षण करने अधिकारी को दिए निर्देश दिए। शहर के अन्य जगहों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने निगम के संबंधित अधिकारी को तत्काल तालाब एवं सड़क किनारे नालियों के आस पास से झाड़ियों व घास को हटाने कहा। स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली के साथ शहर में विभिन्न स्थानों पर चल रहे सफाई व्यवस्था की स्थिति का जायजा लिया।

आयुक्त ने सफाई कर्मियों के सफाई कार्य की प्रगति को जाना। इस दौरान साफ सफाई के साथ घर-घर कचरा कलेक्शन कार्य का निरीक्षण किया। मौके पर ही सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए निगम अधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए।

इस्पात संयंत्र में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। इस्पात संयंत्र द्वारा 10वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को भिलाई निवास के बहुउद्देशीय सभागार में प्रातः 7.30 से 8:30 बजे तक योगाभ्यास का भव्य आयोजन किया जायेगा। इस योगाभ्यास में बीएसपी के अधिकारी, कर्मचारी और स्कूली बच्चे भाग ले रहे है। इस वर्ष संयंत्र, योग-स्वयं और समाज के लिए विषय पर केंद्रित अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाएगा। इसके साथ ही संयंत्र के विभिन्न विभागों में भी योगाभ्यास कराया जायेगा। योग दिवस का उद्देश्य स्वास्थ्य, आध्यात्मिक विकास और वैश्विक शांति के लिए योग को बढ़ावा देना है। योग भारत की प्राचीन परम्परा का एक अमूल्य उपहार है। इस प्राचीन योग प्रथा को शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक कल्याण और आध्यात्मिक विकास पर इसके गहन प्रभाव के लिए सम्पूर्ण विश्व में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर इसे स्वीकारा गया है। योग, मनुष्य और प्रकृति के बीच सामंजस्य, विचार, संयम और स्फूर्ति प्रदान करने करने में सहायक है। योग सभी के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देता है। योगाभ्यास को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न कार्यक्रम और सत्र आयोजित किए जाएंगे। समग्र कल्याण में योग की भूमिका पर जोर देती है और प्रत्येक व्यक्ति के जीवन पर परिवर्तनकारी प्रभाव को बढ़ावा देती है।

अब तक 18.5 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। जिले में 1 जून से 19 जून तक 18.5 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। कार्यालय कलेक्टर भू अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून से अब तक सार्वाधिक वर्षा 38.1 मिमी अहिवारा तहसील में तथा न्यूनतम 5.0 मिमी. बोरी तहसील में दर्ज की गई है। इसके अलावा तहसील दुर्ग में 18.6 मिमी, तहसील धमधा में 15.6 मिमी, तहसील भिलाई 3 में 22.2 मिमी और तहसील पाटन में 11.6 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। 19 जून को तहसील दुर्ग में 18.6 मिमी, तहसील धमधा में 15.6 मिमी, तहसील पाटन में 4.4 मिमी, तहसील बोरी में 5.0 मिमी, तहसील भिलाई 3 में 22.2 मिमी और तहसील अहिवारा में 34.3 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।

दो विद्यालय शिक्षक पर्यावरण मित्र से सम्मानित

नव प्रदेश संवाददाता

कुम्हारी। पर्यावरण प्रशिक्षण केंद्र लखनऊ एवं विप्रो अर्थियन फाउंडेशन द्वारा आयोजित अर्थियन पर्यावरण मित्र पुरस्कार 2023 में राष्ट्रीय स्तर पर छग से शा.उ.मा. विद्यालय उरला बीएमवाय एवं राज्य स्तर पर शा.उ.मा. विद्यालय पाहंदा (अ) का चयन हुआ है। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय भोपाल के संचालक अमिताभ पांडे एवं भारत स्काउट गाइड महिला विंग पचमढ़ी की उपसंचालक सुरेखा श्रीवास्तव द्वारा दोनों विद्यालय को पर्यावरण विद्यालय के रूप में सम्मानित किया गया। प्रोफेसर अमिताभ पांडे ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज की सबसे महत्वपूर्ण आवश्यकता है जिसके लिए शिक्षक व विद्यालय बधाई के पात्र हैं। राज्य समन्वयक जितेन्द्र पटेल, प्रियंका एवं गायत्री मैडम ने सभी शिक्षकों के कार्यों की सराहना की। इस वर्ष शिक्षकों को पचमढ़ी मध्यप्रदेश में आयोजित सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया। समारोह में शा.उ.मा. विद्यालय उरला बीएमवाय प्राचार्य मंजू शुक्ला, ललित किशोरी एवं शत्रुघन सिंह ठाकुर मार्गदर्शक एवं शा उ मा विद्यालय पाहन्दा के प्राचार्य जे पी पांडेय उपस्थित थे। प्रोजेक्ट शिक्षिका को ललित किशोरी साहू एवं शत्रुघन सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में पांच विद्यार्थी शिवानी महंत, शेष नारायण बैरागी, संजना राजपूत, नीलम यादव द्वारा प्रोजेक्ट कचरा एवं सस्टेनेबिलिटी को पूर्ण कराया गया।

एनएसयूआई ने जरूरतमंदो के साथ मनाई राहुल का जन्मदिन

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। एनएसयूआई के तत्वाधान मे भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी, छग प्रदेश प्रभारी एवं राष्ट्रीय सचिव आकाश चौधरी, प्रदेश एनएसयूआई अध्यक्ष नीरज पांडे के मार्गदर्शन में प्रदेश उपाध्यक्ष सोनू साहू के नेतृत्व मे रेलवे स्टेशन में कांग्रेस पूर्व अध्यक्ष व सांसद राहुल गांधी को समाज के उन गरीब जरूरतमंद बुजुर्ग महिलाओ के बीच पहुंचकर रात में खाना मिठाई व बच्चों को बिस्किट पैकेट वितरण कर जन्मदिन को मनाया। साहू ने बताया कि श्री गाँधी हमेशा गरीब शोषित वर्गों के साथ खड़े रहे है चाहे वह कोरोना जैसे भयंकर महामारी मे भी आम जनता के बीच जा कर उनके समस्याओं से रूबरू होकर निजात दिलाने हर प्रयास किए पूरे देश में जिन्होंने हमेशा फ्रंट लाइन वर्कर्स के बीच रहकर उनकी आवाज उठाई है। बेखर जरूरतमंद बुजुर्गों जनता के सेवा में इनके सम्मान मे श्री गांधी और कांग्रेस पार्टी सदैव तत्पर रहें है। आज बुजुर्ग माताओं ने देश कि सेवा में जो योगदान कांग्रेस पार्टी कि सरकार कि रही है उन कार्यों को याद करते हुए भावुक मन से सभी ने को शुभकामनाएं दी।

गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दे अधिकारी : महापौर

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। निगम सीमा क्षेत्र के अंतर्गत वार्ड-9 में गिरधारी नगर पुलिया से लेकर आर्या ब्यूटी पार्लर तक सड़क डामरीकरण कार्य का निरीक्षण किया और इसके अलावा महापौर धीरज बाकलीवाल ने भाजपा कार्यालय के पास सड़क डामरीकरण सड़क निर्माण कार्य का भी जायजा लिया। उन्होंने अफसरों से कहा कि गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के साथ रोड पर पानी का जमाव न हो इसके लिए स्लोप मेंटेन पर लापरवाही नहीं बरती जाए। महापौर के साथ एमआईसी सदस्य संजय कोहले, दीपक साहू, पार्षद विजेंद्र भारद्वाज, भास्कर कुंडले, कार्यपालन अभियंता दिनेश नेताम, सहायक अभियंता संजय ठाकुर उपअभियंता विकास दमाहे एवं ठेकेदार मौजूद थे। डामरीकरण कार्य 6.50 लाख की लागत से किया जा रहा है। करीब 250 मीटर लंबी सड़क का डामरीकरण प्रारंभ किया गया है। महापौर धीरज बाकलीवाल ने संबंधित अधिकारियों और ठेकेदार को निर्माण कार्य की गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि डामरीकरण निर्माण कार्य में लापरवाही न करें बरसात का पानी सड़क में जलजमाव न हो। महापौर ने किया डामरीकरण कार्य निरीक्षण के दौरान, क्वालिटी बेहतर रखने दिये सख्त निर्देश दिए।

न्यूज गैलरी

जल्द शिफ्ट होंगे स्पीकर हाउस में डॉ रमन, आज पूजा अर्चना की

रायपुर/नवप्रदेश। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह जल्द स्पीकर हाउस में शिफ्ट होंगे। आज शासकीय आवास स्पीकर हाउस में सपरिवार विधिवत् पूजा अर्चना की।

विधानसभा अध्यक्ष ने ट्वीट कर इसकी जानकारी दी है।

उन्होंने सोशल मीडिया में लिखा कि वक्रतुंड महाकाय, सूर्य कोटि समप्रभ। निर्विघ्नम कुरू मे देव, सर्वकार्येषु सर्वदा।। आज शासकीय आवास ÷स्पीकर हाउस÷ में सपरिवार विधिवत् पूजा उपासना कर परिजनों के साथ नये आवास में भगवान श्री गणेश और श्री हरि का स्मरण किया। प्रभु श्रीरामचन्द्र जी की कृपा से शीघ्र ही स्पीकर हाउस में निवास के लिए आऊंगा।÷

सरेआम शराब सेवन करते 10 पकड़ाए

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी पुलिस ने नशेड़ियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 10 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार राजेन्द्र नगर पुलिस ने मेडिसाइन अस्पताल के पास सरेआम शराब पीते आरोपी राजेश ताण्डेकर 26 वर्ष, तेलीबांधा पुलिस ने आरोपी वैभव जैन 30 वर्ष, नेवरा पुलिस ने आरोपी होमलाल यादव 32 वर्ष, आजाद चौक पुलिस ने आरोपी सूरज चंदेल 25 वर्ष, टिकरापारा पुलिस ने आरोपी विनय जर्नादन 25 वर्ष, खरोरा पुलिस ने आरोपी नरेन्द्र साहू 18 वर्ष एवं माना पुलिस ने आरोपी विक्रम रॉय 22 वर्ष, शम्भूबरमन 31 वर्ष, शैलेन्द्र कुमार साहू 30 वर्ष व देवेन्द्र कुमार विश्वकर्मा 19 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

महिला इंजीनियर से 3 लाख की ठगी

रायपुर/नवप्रदेश। तेलीबांधा पुलिस थाना प्रभारी विनय सिंह बघेल ने बताया कि मौलश्री विहार, वीआइपी रोड निवासी कंचन शर्मा 34) सीएसपीडीसीएल में एई के पद पर नवा रायपुर में कार्यरत है।14 जून को उनके वाट्सएप पर मोबाइल नंबर 7732854771 सेगूगल रिव्यू देने का मैसेज आया, जिसे क्लिक करने पर 210 रुपये का क्रेडिट हुआ। इसके बाद दूसरे दिन सुबह नौ बजे से टेलीग्राम के गूगल रिव्यू के ग्रुप में एड करने पर 700 रुपये मिलना शुरू हुआ। इसके बाद शातिर ठग ने टास्क देने के नाम पर रकम मांगा।

छग लोक आयोग में आग से जरूरी दस्तावेज खाक

■ कवरेज करने गए मीडिया कर्मियों से अफसरों ने गाली-गलौज कर की बदसलूकी

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर के छत्तीसगढ़ लोक आयोग दफ्तर में आग लगने से कई दस्तावेज जल गए। इसे कवरेज करने गए पत्रकारों के साथ अधिकारी-कर्मचारियों ने बदसलूकी की है। जिसके बाद वहां पर जमकर हंगामा हो गया।

बदसलूकी की यह घटना कैमरे में कैद हो गई है। फिलहाल, मौके पर भारी पुलिस बल को तैनात किया गया है। बदसलूकी की घटना को लेकर पत्रकारों में नाराजगी हैं। पुलिस के अधिकारी मामले में बीच-बचाव करने पहुंचे हैं। लेकिन अब तक हंगामा शांत नहीं हो पाया है।

लोक आयुक्त ने जांच के बाद माफी मांगने की बात कही

छत्तीसगढ़ के लोक आयुक्त टीपी शर्मा ने पत्रकारों के साथ हुई बदसलूकी की स्वीकार किया है। उन्होंने घटना में शामिल कर्मचारियों पर सख्त एक्शन लेने की बात की है। उन्होंने आश्वासन दिया है कि जो भी दोषी होगा, वो पत्रकारों से माफी भी मांगेगा।

आशिक मिजाज युवक गिरफ्तार, कई महिलाओं से छेड़छाड़ का आरोप



रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर में एक युवक का कई महिलाओं से छेड़छाड़ करने का मामला सामने आया है। युवक तेज रफ्तार स्कूटी में आकर सड़क में चल रही महिलाओं के साथ छेड़छाड़ कर फरार हो जाता था। आरोपी महिलाओं पर भद्दे कमेंट्स भी किया करता था। इस मामले के बाद मोहल्ले वालों ने आरोपी का पीछा किया और उसके घर को घेर लिया। इसके बाद मौके पर पहुंची सिविल लाइन पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

दरअसल कुछ दिनों से सिविल लाइन, देवेंद्र नगर, पंडरी समेत शहर के कई इलाकों से युवतियों और महिलाओं के साथ छेड़छाड़ की शिकायतें आ रही थीं। जानकारी के अनुसार आदित्य हाइट्स में रहने वाला आरोपी साकेत जैन, वॉक करने वाली युवतियों और महिलाओं के साथ छेड़खानी करता था।

बताया जा रहा है कि आरोपी ने ऐसा शहर के कई इलाकों में किया। बीते रात भी आरोपी ने शक्तिनगर इलाके में वॉक कर रही महिलाओं और युवतियों के साथ छेड़छाड़ की और मौके से फरार हो गया। इलाके के लोगों ने सीसीटीवी की मदद से उसकी पहचान की। इसके बाद उन्होंने गिरफ्तारी की मांग करते हुए आदित्य हाइट्स का घेराव कर दिया। विवाद बढ़ता देख सिविल लाइन थाना पुलिस छेड़छाड़ करने वाले युवक साकेत जैन को गिरफ्तार कर लिया है।

छत्तीसगढ़ कोल स्कैम...हेमंत, चंद्रप्रकाश जायसवाल निखिल की रिमांड 1 जुलाई तक बढ़ी

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में कोल लेवी वसूली मामले में कारोबारी हेमंत जायसवाल, चन्द्रप्रकाश जायसवाल और निखिल चंद्राकर 24 जून तक श्वह्ड्ड की रिमांड पर रहेंगे। गुरुवार को रिमांड खत्म होने पर रायपुर की स्पेशल कोर्ट में पेश किया गया था।

इन कारोबारियों को 13 जून को बिलासपुर और कोरबा से गिरफ्तार किया गया था। जिसके बाद 14 जून से 20 जून तक श्वह्ड्ड को रिमांड मिली थी। पूछताछ के दौरान श्वह्ड्ड की टीम को कई अहम जानकारियां मिली है। इनके इनपुट पर श्वह्ड्ड ने मंगलवार को 5 लोगों की गिरफ्तारी की थी। पांचों आरोपी जेल में बंद कारोबारी सूर्यकांत तिवारी के साथ काम करते थे।

वहीं कोयला घोटाला मामले में जेल में बंद तीन आरोपियों की भी गुरुवार को पेशी थी। शिव शंकर नाग, लक्ष्मीकांत तिवारी, संदीप नायक को पेश किया। सुनवाई के बाद कोर्ट ने तीनों आरोपियों को 1 जुलाई तक न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा दिया है।

22 जून तक 5 आरोपियों से होगी पूछताछ

18 जून को श्वह्ड्ड ने कोल स्कैम से जुड़े मोइनुद्दीन कुरैशी, रोशन कुमार सिंह, पारेख कुमार कुर्रे, राहुल कुमार सिंह और मोंटू उर्फ वीरेंद्र कुमार जायसवाल को गिरफ्तार किया था। सभी 22 जून तक श्वह्ड्ड की रिमांड पर है। जिनसे श्वह्ड्ड लगातार पूछताछ कर रही है।

वनांचल के गांवों में नेटवर्क समस्या से लोग परेशान

नगरी/नवप्रदेश। नगरी ब्लाक के अधिकतर गांवों में आज भी मोबाइल नेटवर्क की समस्याओं से लोगों को जूझना पड़ रहा है। गट्टासिल्ली क्षेत्र के गट्टासिल्ली व करैहा में जियो का नेटवर्क लगाया गया भी है पर वह कभी भी दिन में कई बार बंद हो जाता है व उसका रेंज भी बहुत कम है, जिससे गांवों के लोगों को आनलाइन संबंधित कार्यों के लिए ब्लाक मुख्यालय नगरी तक सफ़र करना पड़ रहा है।

30 ग्राम पंचायतों में खुलेंगे ज्ञानोदय वाचनालय

धमतरी/नवप्रदेश। लोकतांत्रिक संस्थाओं को पारदर्शी और सुदृढ़ बनाने, ग्रामीण युवाओं में ज्ञान एवं कौशल क्षमता विकसित करने आधुनिक संचार सुविधाओं की पहुंच सुनिश्चित करने और वैश्विक परिवर्तन, विभिन्न घटनाक्रम की जानकारी ग्रामीण युवाओं तक पहुंचाने, उनके आत्मविश्वास में वृद्धि तथा विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं में भाग लेने के लिए तत्पर रहने पुस्तकें बहुत उपयोगी है।

शासन के निर्देशानुसार ग्रामीण क्षेत्र में पुस्तकालय (लाइब्रेरी) की स्थापना होनी है। इससे ग्रामीणों को फायदा होगा, साथ ही प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर

रहे युवा लाभान्वित होंगे। इसी कड़ी में जिले के 30 ग्राम पंचायतों में ज्ञानोदय वाचनालय की स्थापना की जाएगी। इनमें धमतरी विकासखंड के ग्राम पंचायत पोटियाडीह के शास.प्रा.शाला, शास.मा.शा.रूद्री, शा.उन्नत प्रा.शा.भटगांव, स्व.भूपालमणी यादव शा.उ.मा.शा.छाती, शा.प्रा.शा.बाजारपारा लोहरसी, शा.उ.मा.शा.देमार, स्वामी आत्मानंद शा.अंग्रेजी माध्यम शाला कण्डेल, शा.उ.मा.शा.मुजगहन, शा.उ.मा.शा.सोरम, शा.उ.मा.शा.रांवा, रतनलाल साहू शा.उ.मा.शा.कुर्रा, कुरूद विकासखंड के ग्राम पंचायत शा.उ.मा.वि.मड़ेली, शा.उ.मा.वि.नारी, शा.उ.मा.वि.सेमरा बी, शा.मा.शा.चर्रा, शा.उ.मा.वि.परखंदा, विज्ञान प्राद्योगिकी भवन सिर्री, शा.उ.मा.वि.कोसमर्रा, मगरलोड विकासखंड के ग्राम पंचायत शा.उ.मा.वि.करेलीबड़ी, शा.उ.मा.वि.भेण्डरी, शा.उ.मा.वि.अतिरिक्त कक्ष हसदा, शा.उ.मा.वि.मेघा,मा.शा.सेमरा शामिल है।

3 माह में होने वाले कार्य 14 महीने बाद भी अधूरा

281 स्कूलों की होने थी मरम्मत, खतरों के बीच खुलेंगें स्कूल

खैरागढ़/नवप्रदेश। नए जिले में सालों बाद स्कूलों की मरम्मत और अतिरिक्त कक्ष का निर्माण कार्य राजनीति की भेंट चढ़ गया। पिछले शिक्षा सत्र से पहले पिछली सरकार ने जिले के 281 स्कूलों के मरम्मत और अतिरिक्त कक्ष निर्माण के लिए सालों बाद 14 करोड़ से अधिक की राशि स्वीकृत कर शिक्षा सत्र शुरू होने के पहले ही कार्य पूर्ण कराए जाने के निर्देश दिए थे । लेकिन विडंबना है कि पिछले साल जून में पूरा किया जाने वाला कार्य साल भर बाद 14 माह में भी अधूरा पड़ा है। स्कूलों में मरम्मत और अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य पहले नगरीय निकायों और पंचायतों के द्वारा कराए जाने की तैयारी थी। लेकिन इस आदेश को बदलवा कर इस कार्य को स्कूलों मे बनाए गए नए नवेले शाला प्रबंधन समिति को दे दिया। समिति की आड़ मे जिले के कई नेताओं ने यहाँ अपने लोगों को काम में लगवाया । लेकिन समय पर राशि और काम करने वाले नहीं मिलने के चलते पूरे जिले में स्कूलों में मरम्मत और अतिरिक्त कक्ष का निर्माण अब तक अटका पड़ा है । जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग केवल कागजी तैयारी में इसे पूरा होना और कार्य अंतिम चरण मे होने का दावा कर रहा है। लेकिन जमीनी स्तर पर स्थिति इसके उलट है। कई स्कूलों में मरम्मत के लिए तोड़े गए छतें और दीवारें अब तक टूटी पड़ी है। अतिरिक्त कक्ष निर्माण के काम मे नींव डालकर महीनों से अधूरा पड़ा है। कई स्कूलों में मरम्मत के काम शुरू ही नहीं हो पाए हैं। अब सप्ताह भर बाद नए शिक्षा सत्र की शुरूआत खतरों के बीच करने की तैयारी है। लेकिन जर्जर स्कूलों में अब तक छात्रों की बैठने तक की व्यवस्था का अता पता नहीं है। पिछले सत्र में भी निर्माण कार्य शुरू होने के दौरान जिले भर में कई स्कूलों के छात्रों को पढ़ाई कराने, मिडिल, हाईस्कूल, सामुदायिक भवन, पंचायत के भवनों में व्यवस्था बनाई गई थी।

जिले में सरकारी स्कूलों की संख्या

प्राथमिक शाला	- 456
माध्यमिक शाला	- 182
हाई स्कूल	- 33
हायर सेकेंडरी	- 44

आधे से ज्यादा स्कूलों में निर्माण अधूरे :

नये शिक्षा सत्र की शुरुआत को लेकर जोर शोर से तैयारी चल रही है, लेकिन जर्जर स्कूलों की मरम्मत को लेकर स्कूल शिक्षा विभाग गंभीर नजर नहीं आ रहा है। जिले में 281 स्कूलों मे मरम्मत और अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य किया जाना था जो 14 माह बीतने के बाद भी नहीं सुधर पाए है । अब तक की स्थिति में विभाग का दावा है कि 126 स्कूलों में मरम्मत कार्य पूर्ण किया जा चुका है । 14 स्कूलों में ही मरम्मत कार्य चल रहा है । जबकि 9 स्कूलों में मरम्मत काम 14 माह बाद भी शुरू नहीं हो पाया है । इसी तरह अतिरिक्त कक्ष निर्माण होने वाले स्कूलों में 130 स्कूलों मे से 4 में अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य पूर्ण किया गया है । 122 में कार्य जारी होने की जानकारी दी गई है । जबकि 6 स्कूलों में अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य अब तक प्रारंभ नहीं हो पाया है। इन निर्माण कार्यों के लिए शासन से आधे से ज्यादा लगभग साढ़े सात करोड़ की राशि भी भेजी जा चुकी है । इसके बाद भी प्रशासन और शिक्षा विभाग गहरी नींद में सोया है । अब भी 130 स्कूलों में मरम्मत कार्य, अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य पूर्ण नहीं हो पाया है। जिले के आधे से ज्यादा स्कूलों मे मरम्मत के नाम पर अब तक खाना पूर्ति ही हो रही है । अधूरे काम को पूरा कराने न प्रशासन और न शिक्षा विभाग गंभीर है । कार्यों की गति केवल कागजी दस्तावेजों तक सीमित नजर आ रही है । अगले सप्ताह से शुरू होने वाले शिक्षा सत्र से पहले इन अधूरे कार्यो के गंभीर परिणाम

> शासन स्तर से स्कूलों की मरम्मत की स्वीकृति मिली थी नई शिक्षा सत्र शुरू होने से पहले ज्यादातर स्कूलों की मरम्मत हो जाएगी। कुछ स्कूलों में मरम्मत कार्य शुरू नहीं हुआ है लेकिन वहीं अतिरिक्त कक्ष की व्यवस्था है।
>
> **लालजी द्विवेदी**
> जिला शिक्षा अधिकारी खैरागढ़ -छुईखदान-गंडई

चेम्बर भवन में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के पहले 'योग और ध्यान'

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफकॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव,राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि आज दिनांक 20 जून 2024 को चेम्बर कार्यालय में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के एक दिन पूर्व ''योग एवं ध्यान'' कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे योग, पोषण एवं फिटनेस विशेषज्ञ आभा सूद ने योग से जुड़ी साधनाओं, आसनों तथा योग की बारीकियों को विस्तार से बताया।

महिला चेम्बर अध्यक्ष श्रीमती मधु अरोरा ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर एक दिन पहले ''योग एवं ध्यान'' कार्यक्रम का आयोजन आज सुबह 7 से 9 बजे तक चेंबर भवन में महिला चेंबर अध्यक्ष मधु अरोरा एवं चेंबर सांस्कृतिक प्रभारी आलोक शर्मा के सानिध्य में संपन्न हुआ।

व्यापारियों में योग एवं स्वास्थ्य के प्रति नई ऊर्जा के संचार हेतु इस ''योग एवं ध्यान'' कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें चेम्बर पदाधिकारी और संघों के प्रतिनिधियों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। श्रीमती अरोरा जी ने आगे बताया कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को पूर्ण रूप से सफल बनाने समस्त व्यापारी एवं आमजन यह शपथ लें कि अपने जीवन में योग को अपनाकर एक स्वस्थ एवं खुशहाल जीवन का लाभ उठाएं। कार्यक्रम में योग, पोषण एवं फिटनेस विशेषज्ञ आभा सूद ने क्रमबद्ध तरीके से कार्यक्रम में उपस्थित व्यापारी एवं आमजनों को विभिन्न योग मुद्राएं विस्तार से बताई जैसे-सूर्य नमस्कार, पवनमुक्तासन करके कैसे शरीर को लचीला और गर्म रख सकें। सेतुबंध आसन एवं वृक्षासन से शरीर को संतुलित करना सिखाया। तत्पश्चात श्वांस से संबंधित प्राणायाम जैसे अनुलोम-विलोम, कपालभाति, भस्त्रिका की जानकारी दी।

चेंबर सांस्कृतिक प्रभारी श्री आलोक शर्मा ने आगे बताया कि कार्यक्रम में चेंबर प्रदेश अध्यक्ष श्री अमर परवानी ने योग गुरु आभा सूद जी को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया तथा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को सफल बनाने दिए गए योगदान एवं नई तकनीक को सीखने के लिए चेंबर टीम का धन्यवाद ज्ञापित किया। तत्पश्चात शांति पाठ के साथ ही ''योग एवं ध्यान'' कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर चेंबर प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, मंत्री-शंकर बजाज, लोकेश साहू, चेम्बर सांस्कृति प्रभारी आलोक शर्मा, युवा चेम्बर महामंत्री कांति पटेल, अविनाश खेतपाल,निखिल झवेरी, महिला चेम्बर अध्यक्ष श्रीमती मधु अरोरा, महामंत्री श्रीमती पिंकी अग्रवाल, कोषाध्यक्ष श्रीमती प्रेरणा भट्ट, हेमल शाह, सदस्य-रमेश ठक्कर, श्रीमती ईला ठक्कर, लेखराज अठवानी, विकास तिवारी, चेम्बर कर्मचारी रूचि सोनी, रिया सोनी ,छत्तीसगढ़ चाय व्यापारी संघ से दिलीप केवलानी,रायपुर बारदाना व्यापारी संघ के सचिव मनीष भानुशाली सहित अनेक व्यापारीगण प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

प्रथम पृष्ठ का शेष

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस : साइंस कॉलेज ..

छत्तीसगढ़, आर्ट ऑफ लिविंग संस्थान छत्तीसगढ़, अखिल भारतीय गायत्री परिवार संस्थान छत्तीसगढ़, हार्टफुलनेंस योग संस्थान छत्तीसगढ़, हास्य योग संस्थान छत्तीसगढ़ के योग साधक सहित लगभग 35 हजार जन सामान्य सम्मिलित होंगे।

राजधानी रायपुर..

गया है। हालांकि उमस अभी भी बरकरार है। आज गुरुवार को प्रदेश के कई जिलों में गरज चमक के साथ बारिश हुई। मौसम विभाग के अनुसार, प्रदेश में आगामी पांच दिनों तक गरज चमक के साथ बारिश और अंधड़ चलने की संभावना है। अगले पांच दिनों में प्रदेश की अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री तक गिरावट होने की संभावना है। मौसम विभाग का कहना है कि प्रदेश के कई हिस्सों में प्री मानसून का आगमन हो चुका है। इसके प्रभाव से पांचो संभाग में गरज चमक के साथ तेज हवाएं और बारिश हो रही है। आगामी दो दिनों तक गरज चमक के साथ बारिश और अंदर चलने की संभावना है।

इन जिलों में बरसेंगे बदरा

राजनांदगांव, बिलासपुर, रायपुर, बलौदाबाजार, रायगढ़, मुंगेली, जांजगीरचांपा, कोरबा, दुर्ग, धमतरी, बालोद, बेमेतरा, कबीरधाम और मुंगेली में बारिश के आसार हैं। वहीं सरगुजा और बस्तर संभाग के कोरिया, जशपुर, सूरजपुर, बलरामपुर, सरगुजा, कोंडागांव, दंतेवाड़ा, सुकमा, बस्तर, कांकेर, बीजापुर और नारायणपुर में हल्की बारिश होने की संभावना है। साथ ही इन जिलों के कई जगहों पर गरज चमक के साथ वज्रपात और तेज हवाएं चलने की भी संभावना है। इन दिनों प्रदेश में अधिकतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। डोंगरगढ़ में सर्वाधिक अधिकतम तापमान 39.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। रायपुर में सबसे कम न्यूनतम तापमान 23.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। अन्य दिनों की तुलना में तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। आज गुरुवार को प्रदेश में बारिश होने की वजह से तापमान में कमी आ सकती है। हालांकि दोपहर के समय इन दोनों उमस है।

पूरे देश में प्रचंड गर्मी,..

शहर हीट ट्रैप बन गए हैं।

दिल्ली में 11 की मौत

राजधानी समेत देश के कई राज्यों में इन दिनों भीषण गर्मी तांडव मचा रही है। दिल्ली में गर्मी जानलेवा होती जा रही है। लोग हीट स्ट्रोक का शिकार हो रहे हैं। सफदरजंग अस्पताल में बीते 24 घंटे में भीषण लू के कारण 33 मरीजों को भर्ती किया गया। वहीं, अस्पतालों में पहले से भर्ती और नए मरीजों में से करीब 13 मरीज ने भीषण लू के कारण दम तोड़ दिया। उधर, सेंटर फॉर होलिस्टिक डेवलपमेंट की एक रिपोर्ट में दावा किया जा रहा है कि 11 से 19 जून के दौरान दिल्ली में 192 बेघर लोगों की गर्मी के कारण मौत की हुई है।

एक दिन में 142 शवों का दाह संस्कार

दिल्ली में लोगों के मरने वालों मौतों का आंकड़ा डराने वाला है। दिल्ली निगमबोध घाट पर शवों की कतारें लगी हुई हैं। कोरोना महामारी के दौर के बाद इन दिनों दिल्ली में बुरा हाल है। बुधवार को निगम बोध घाट में कोरोना के बाद सबसे ज्यादा दाह संस्कार हुए। कल रात 12 बजे तक 142 शवों का दाह संस्कार किया गया। दिल्ली के निगम बोध घाट पर इस साल जून महीने में अभी तक 1101 शवों का अंतिम संस्कार किया गया है।

नीट को लेकर गरमाई ...

सरकार लाखों युवाओं के साथ कोई अन्याय नहीं होने देगी। जो भी इसके लिए जिम्मेदार हैं उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को लाखों छात्रों के भविष्य से कोई लेना-देना नहीं है और वह सिर्फ इस विषय पर अपनी राजनीति चमकाना चाहते हैं। सुधांशु त्रिवेदी ने आगे कहा कि राहुल गांधी ने राजस्थान में पेपर लीक पर कभी भी एक शब्द भी नहीं कहा।

शहजाद पूनावाला ने क्या कहा?

पीएम मोदी 'वार रूकवा' सकते..

रहेगा। पीएम मोदी इस लीक को रोक नहीं पाए। एक परीक्षा में गड़बड़ियों के बाद आप रद्द कर चुके हैं, पता नहीं दूसरे को रद्द किया जाएगा या नहीं। लेकिन कोई न कोई तो इसके लिए जिम्मेदार है और इसके लिए किसनी न किसी को तो पकड़ा जाना चाहिए। राहुल ने कहा, नीट पेपर और यूजीसी-नेट के पेपर लीक हुए हैं।

बिहार में पेपर लीक आरोपियों के पकड़े जाने को लेकर राहुल ने कहा कि हमने पहले ही कहा है कि जांच होनी चाहिए और जिन्होंने भी पेपर लीक कराया है उसके खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने आगामी संसद सत्र में इस मुद्दे को उठाने की बात भी कही।

भूपेश का तंज, बोले-योग दिवस ..

नहीं पता था और उन्होंने ट्वीट कर अनदेखी का तंज कस दिया।

इस बार रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल को दसवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम से भी दूर कर दिया गया है। कल साइंस कॉलेज में आयोजित इस कार्यक्रम में चीफगेस्ट ष्टरूविष्णुदेव साय समेत मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े और विधायक राजेश मूणत, पुरन्दर मिश्रा, अनुज शर्मा, मोतीलाल साहू, गुरु खुशवंत साहेब समेत अभनपुर विधायक इंद्र कुमार तक का नाम आमंत्रण पत्र में प्रकाशित किया गया है।

चर्चा आम है कि पहले पार्टी संगठन ने विधानसभा चुनाव लड़ाया, फिर जीतकर आने के बाद उन्हें मंत्री भी बनाया। रायपुर लोकसभा सीट का प्रत्याशी बनाकर मैदान में उतार दिया। हालांकि बीजेपी-कांग्रेस और रायपुर की जनता भी यह भलीभांति जानती थी कि पार्टी के संकट मोचक हारेंगे नहीं। इस अनदेखी के पीछे किसकी चूक है और क्या यह जानबूझकर बरती गई लापरवाही है या महज सियासत जवाब मिलना बाकि है। अब योग कार्यक्रम के सरकारी कार्ड में बृजमोहन अग्रवाल की अनदेखी पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पार्टी संगठन और साय सरकार पर भी तंज कसा है।

कांकेर लोकसभा के तीन ..

सीट की ईवीएम चेक करवाने का फैसला लिया है। बता दें कि चुनाव आयोग ने छत्तीसगढ़ की कांकेर लोकसभा सीट पर चुनाव में ईवीएम में गड़बड़ी की शिकायत को लेकर जांच के आदेश दिए हैं। अब यहां पर ईवीएम की जांच कराई जाएगी। कांकेर से भाजपा के भोजराज नाग ने जीत दर्ज की है। उन्होंने कांग्रेस के बीरेश ठाकुर को 1884 वोटों से हराया है।

इसके बाद कांग्रेस उम्मीदवार ने चुनाव के दौरान गड़बड़ी की आशंका जताई थी। इसे लेकर चुनाव आयोग में शिकायत भी की गई थी। इससे पहले भी मतगणना के दिन रिकाउंटिंग के चलते इस सीट का परिणाम सबसे देर से आया था। हालांकि परिणाम से संतुष्ट नहीं होने पर कांग्रेस उम्मीदवार ने चुनाव आयोग को पत्र लिखकर ईवीएम की जांच कराने की मांग की थी।

6 राज्यों की 8 लोस सीटों की ईवीएम...

तेलंगाना और आंध्र प्रदेश की एक-एक सीटें हैं। 8 सीटों में से भाजपा को 3 और कांग्रेस को 2 सीटों पर जीत मिली थी। वहीं, 3 सीटें अन्य पार्टियों के खाते में गईं।चुनाव आयोग की ओर से कहा गया है कि लोकसभा चुनाव 2024 में श्वङ्करूमें गड़बड़ी की शिकायत के 8 आवेदन आए थे। इनमें श्वङ्करूकी मेमोरी और माइक्रो कंट्रोलर की जांच की मांग की गई थी। आयोग अब इन 8 सीटों के 92 पोलिंग स्टेशनों पर इस्तेमाल हुई श्वङ्करूकी जांच करेगा। इसके अलावा आयोग ने आंध्र प्रदेश और ओडिशा की 3 विधानसभा सीटों की श्वङ्करूकी भी जांच के आदेश दिए हैं। आयोग यहां के 26 पोलिंग स्टेशन पर श्वङ्करूमें गड़बड़ी की जांच करेगा।

मनी लॉन्ड्रिंग: दिल्ली-एनसीआर मुंबई-नागपुर ..

इससे सरकारी खजाने को लगभग 10,000 से 15,000 करोड़ का नुकसान हुआ। सूत्रों ने बताया कि अधिक ऋण प्राप्त करने के लिए समूह ने फर्जी बिक्री, पूंजीगत संपत्ति, देनदार और लाभ दिखाया, ताकि उसे गैर निष्पादित संपत्ति का टैग न मिले। इसी के साथ आरोप लगाया गया कि सूचिबद्ध शेयरों में धांधली की गई थी। ईडी ने बताया कि शेल कंपनियों के नाम पर हजारों-करोड़ो की संपत्तियां बनाई गई और बेनामी निदेशकों और शेयरहोल्डरों के माध्यम से नए नामों के तहत अभी भी पैसा जमा किया जा रहा है।

पीएम ने कहा- जल्द जम्मू ...

चमकेगा। इससे यहां के पर्यटन कारोबार को भी लाभ होगा। शब्दों के साथ धन्यवाद करते हुए पीएम मोदी ने अपना स्वागत किया।

पीएम मोदी की बड़ी घोषणा

पीएम मोदी ने अपने संबोधन के दौरान बड़ी घोषणा की है। उन्होंने कहा कि वो दिन भी जल्द आएगा जम्मू कश्मीर राज्य के रूप में अपना भविष्य और उज्वल बनाएगा। जम्मू कश्मीर में विधानसभा चुनाव के लिए तैयारियां हो रही हैं। जल्द यहां के लोग अपनी सरकार चुनेंगे।

सबको बांटने वाली 370 की दीवार गिर चुकी

पीएम मोदी ने कहा कि सबको बांटने वाली अनुच्छेद 370 की दीवार गिर चुकी है। अब सही मायने में जम्मू कश्मीर में भारत का संविधान लागू हुआ है और जिन्होंने इसे अब तक लागू नहीं हुआ है, वो इसके दोषी हैं। आज लाल चौके में शाम तक रौनक रहती हैं। अब डल झील के किनारे स्पोर्ट्स कारों का शो हुआ, जिसे पूरी दुनिया ने देखा।

हमारी सरकार रिजल्ट लाकर दिखाती है। इस प्रदर्शन के आधार पर जनता ने तीसरी बार चुना है। साठ साल बाद इसी प्रदर्शन के चलते इसी भरोसे के चलते जनता ने हमारी सरकार को चुना है।

एएसपी और डीएसपी ..

पुलिस अधीक्षक, डॉयल 112, जिला रायपुर को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, बलौदाबाजार-भाटापारा के पद पर पदस्थ किया गया है। वहीं आशीष अरोरा, (निरी-2016) अनु. अधिकारी (पुलिस) भाटापारा को उप पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी के पद पर भेजा गया।

एश्वर्या चन्द्राकर बलौदाबाजार के नए एसडीओपी

एश्वर्या चन्द्राकर, (डीडी-2014) उप पुलिस अधीक्षक, नक्सल ऑप., जशपुर को अनु. अधिकारी (पुलिस), बलौदाबाजार-भाटापारा की जिम्मेदारी दी गई है। कौशल किशोर वासनिक, (निरी-2021) उप पुलिस अधीक्षक, मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी को उप पुलिस अधीक्षक, बलौदाबाजार-भाटापारा के पद पर पदस्थ किया गया है। ये अधिकारी वर्तमान पदस्थापना से तत्काल कार्यमुक्त होकर नवीन पदस्थापना स्थल पर कार्यभार ग्रहण करेंगे।

छत्तीसगढ़ के 20 हजार से अधिक गांवों मे..

नामांतरण, बटवारा संबंधी न्यायालयीन प्रकरणों में कमी आएगी। प्रधानमंत्री गति सक्ती योजना के क्रियान्वयन में भी तेजी आएगी। कृषि, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, स्कूल शिक्षा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, लोक निर्माण और जल संसाधन आदि विभागों की परि-सम्पत्तियां को आसानी से चिन्हांकित किया जा सकेगा।

मूल पटवारी नक्शों से मिलान किया जाएगा

पटवारियों द्वारा ऐसे 15-20 अनडिस्पियूड ग्राउंउ कंट्रोल प्वाइंटस को मिलान किया जाएगा जो खसरा मैप और सेटेलाईट इमेज में समान रूप से मिलते हैं। जियो-रिफेरेसिंग खसरा नक्शों में खसरा नंबर मूल पटवारी नक्शों से मिलान किया जाएगा, प्रत्येक खसरा के रिकॉर्ड एरिया एवं जीआईएस एरिया का मिलान किया जाएगा, ग्राम के सीमा से लगे अन्य ग्रामों की सीमा की ओवरलेपिंग एवं गेप की जांच एवं निराकरण किया जाएगा।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सरोरा रोड उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर प्रथम तल, अग्रदूत बिल्डिंग, रजबंधा मैदान, रायपुर से प्रकाशित, प्रबंध संपादक - चन्द्रशेखर धोटे, फोन : 0771-3526755,6262188999, डाक पंजीयन क्रमांक CG/RYP/DN/ 40/2019-2021

■ न्यूज गैलरी

आयुषी साहू का हिदायतुल्लाह नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी में प्रवेश

भाटापारा/नवप्रदेश। खमरिया भाटापारा स्थित दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल की मेधावी छात्रा आयुषी साहू ने लॉ यूनिवर्सिटी में प्रवेश पाने के लिए राष्ट्रीय स्तर की प्रवेश परीक्षा (सीएलएटी) को पास करके अपनी इस विशिष्ट योग्यता के दम पर रायपुर के हिदायतुल्लाह नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी (एचएनएलयू) में प्रवेश लेकर उन्होंने अपना, अपने विद्यालय एवं अपने माता-पिता का नाम रोशन किया। आयुषी साहू को हिदायतुल्लाह नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी रायपुर में (एचएनएलयू) में प्रवेश मिलने पर दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में हर्ष की लहर है। उनकी इस विशिष्ट उपलब्धि के लिए विद्यालय के प्रबंधक अश्विनी शर्मा, सह- प्रबंधक संदीप गोयल तथा प्रधानाचार्य योगेश पोपट सहित विद्यालय के सभी शिक्षकों द्वारा आयुषी साहू तथा उनके माता-पिता को बधाई एवम शुभकामनाएँ देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

गुम बच्ची को तलाश कर परिजनों को सौंपा

गंड़ई/नवप्रदेश। शिव महापुराण कथा के दौरान अपने परिवार से बिछड़ी नाबालिग बच्ची को मिलाया गया उनके परिजनों से। गंडई में चल रहे शिव महापुराण कथा में बुधवार 19 जून को कथा सुनने आये ग्राम देवपुरा के ग्रामीण ने थाना में सूचना दिया कि उसकी बच्ची कुमारी पल्लवी निषाद पिता राजाराम निषाद उम्र 06 साल साकिन देवपुरा जो साथ में कथा सुनने आयी हुई थी कही गुम हो गयी है नहीं मिल रही है। इस पर सायबर सेल प्रभारी सउनि टैलेश सिंह के नेतृत्व में थाना स्टॉफ एवं सायबर टीम के द्वारा गुम बच्ची के पता तलाश खोजबीन दस्तयाबी हेतु टीम तैयार किया गया और गुम बच्ची के मिलने संभावित स्थानों पर अलग-अलग टीम रवाना की गयी टीम के द्वारा उत्कृष्ट पुलिसिंग एवं कार्यशैली का परिचय देते हुये कथा पंडाल के आस पास एवं गंडई से पंडरिया रोड पर आने जाने वालों से पूछताछ कर नाबालिग बच्ची पल्लवी निषाद उम्र 06 साल साकिन देवपुरा का पता तलाश कर उसके पिता राजाराम निषाद ग्राम देवपुरा के सुपुर्द किया गया है।

बिलासपुर-अमृतसर के बीच 5 फेरे के लिए चलेगी स्पेशल ट्रेन

भाटापारा/नवप्रदेश। रेल यात्रियों की सुविधा की दृष्टि से रेलवे प्रशासन के द्वारा एक द्वि-साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन 08293/08294 बिलासपुर एवं अमृतसर के मध्य 05 फेरो के लिये 25 जून से चलाई जा रही है ,जिससे भाटापारा,रायपुर, दुर्ग, राजनांदगाँव, डोंगरगढ़ सहित सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ के रेल यात्री लाभान्वित होंगे । यह स्पेशल गाड़ी बिलासपुर से प्रत्येक मंगलवार एवं शनिवार को ट्रेन नंबर 08293 बिलासपुर-अमृतसर द्वि-साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन दिनांक 25, 29 जून, 02, 06 एवं 09 जुलाई, को बिलासपुर से दोपहर में 1 बजकर 30 मिनट को रवाना होगी और दोपहर 2 बजकर 16 मिनट को भाटापारा पहुंचेगी तथा रायपुर,नागपुर के रास्ते होते हुए तीसरे दिन प्रातः सवा 7 बजे अमृतसर पहुंचेगी।इसी प्रकार विपरीत दिशा में भी अमृतसर से प्रत्येक गुरुवार एवं सोमवार को ट्रेन नंबर 08294 अमृतसर-बिलासपुर द्वि-साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन दिनांक 27 जून, 01, 04, 08 एवं 11 जुलाई को अमृतसर से रात 8 बजकर 10 मिनट को रवाना होगी।

प्राथमिक शाला सरईटोला का भवन पूरी तरह से जर्जर

कभी भी हो सकती है बड़ी दुर्घटना

नगरी/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के तहत 66 भवन की स्वीकृति मिली थी। इसमें 50 भवन पूर्ण हो चुके हैं। 16 भवनों के कार्य प्रगति पर हैं। प्रथम जीर्णोंद्धार स्वीकृति 28 में 26 पूर्ण दो भवन डिस्मेंटल किया जाना है। द्वितीय चरण में अतिरिक्त कक्ष निर्माण पर 53 रोक लगा हुआ है। द्वितीय चरण पर जीर्णोंद्धार 62 भवनों में 49 पूर्ण हो चुके हैं। 13 भवनों के कार्य प्रगति पर हैं। समग्र शिक्षा योजना के तहत 31भवन में 30 भवन पूर्ण 1भवन निरस्त किया गया।

ब्लॉक शिक्षा अधिकारी साहू ने बताया कि अति जर्जर भवन के लिए शासन को अवगत करा चुके हैं पढ़ाई प्रारंभ हो जाएगी जहां भवन बैठने योग्य भवन नहीं है वहां क्लास नहीं लगाए जाएंगे शासकीय भवन एवं अन्य वैकल्पिक व्यवस्था किया जाएगा कहा गया वही प्राथमिक शाला सराईटोला के बारे में बताया कि कुछ 1 लाख राशि स्वीकृत हुई थी ग्राम वासियों ने रिपेयरिंग नहीं कराने की बात कही। ग्रामीणों ने नए भवन की मांग की ती। जिसके चलते भवन का रिपेयरिंग नहीं किया।

विकासखंड नगरी के ग्राम पंचायत गुहाननाला के आश्रित गांव के शासकीय प्राथमिक शाला सरईटोला संकुल केंद्र दुगली के अंतर्गत आते हैं। भवन का निर्माण सन 1995 में हुआ था 29 वर्ष हो चुके हैं वही छत के ऊपर पूरे सरिया दिखाई दे रहा है। सरिया से सीमेंट अलग होकर गिरते रहते हैं। कभी भी हो सकती है बच्चों के साथ बहुत बड़ी दुर्घटनाः ग्राम पंचायत गुहाननाला सरपंच घासीराम नेताम ने बताया कि जब से मैं सरपंच बना हूं करीब 4 पूर्ण हो गया वही स्कूल में बाउंड्री वॉल एवं नया भवन की निर्माण भवन की रिपेयरिंग की मांग कर चुके हैं। इस वर्ष 1 लाख राशि भवन रिपेयरिंग के आया था उसमें रिपेयरिंग नहीं किया जा सकता जिसमें ग्राम वासियों एवं सभी के द्वारा निर्णय लिया गया कि शाला भवन 29 वर्ष हो चुका है रिपेरिंग करने पर कुछ के बाद फिर ख़राब हो जायेगा। इसकी जगह नया भवन की मांग को लेकर शासन प्रशासन द्वारा कई बार अवगत करा चुके है मगर इस ओर ध्यान ही नहीं दिए जा रहे हैं।

विधायक ने साइकिल से नगर भ्रमण कर किया निरीक्षण

खरोरा/नवप्रदेश। धरसींवा विधायक अनुज शर्मा ने गुरुवार 20 जून की सुबह साइकिल से नगर भ्रमण कर निरीक्षण किया। सुबह साढ़े नौ बजे विधायक ने शुरुआत की। इस दौरान उनके साथ नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल सोनी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी होरी सिंह ठाकुर, नशा मुक्ति अभियान के प्रदेश संयोजक वेदराम मनहरे, मंडल अध्यक्ष नरेंद्र सिंह ठाकुर कार्यकर्ता सूरज सो आदि थे। पहले गार्डन पहुंचे। यहाँ की बदहाल स्थिति को देखकर नगर मुख्य कार्यपालन अधिकारी ठाकुर को निर्देश दिए। यहां से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। पूरे कर्मचारी नदारद मिले। उन्होंने अधिकारियों को व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए साथ ही अव्यवस्थाओं को पूर्ण रूप से ठीक करने को कहा। स्वस्थ केंद्र के रजिस्टर में नौ कर्मचारियों के नाम उस समय की ड्यूटी पर लिखा था लेकिन कर्मचारी केवल परमेश्वर साहू ही उपस्थित था। इस पर विधायक ने अधिकारियों से बात कर कार्यवाही करने कहा। पंडित दीनदयाल उपाध्याय चौक का सौंदर्यीकरण के लिए मौक़ा मुआयना किया। सड़क चौड़ीकरण पर भी चर्चा की। चौक में अतिक्रमण को भी हटाने की बात पर ज़ोर दिया!

नागरिकों के कार्यों का निराकरण रूटीन में होना चाहिए : कलेक्टर

■ **प्रत्येक माह में 2 बार किया जाएगा जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर**

सरसींवा/नवप्रदेश। कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू ने जिले के विकास कार्यों की समीक्षा समय सीमा की बैठक में गत दिवस किया। कलेक्टर श्री साहू ने आयुष्मान, आधार सीडिंग, भूमि सीडिंग (ई-केवायसी), सिकलसेल, कुष्ठरोग, खाद बीज वितरण, नगरीय निकायों में परिसीमन सहित लंबित प्रकरणों का समीक्षा किया गया।

कलेक्टर श्री साहू ने कहा कि जिले के वंचित नागरिक जिन्होंने आयुष्मान कार्ड नहीं बनाया है। वो नजदीकी च्वाईस सेंटर, अस्पताल जहां आयुष्मान कार्ड बनाने की सुविधा है, वहां जाकर अपना आयुष्मान कार्ड शीघ्र बना लें। कलेक्टर श्री साहू को कृषि अधिकारी ने बैठक में जानकारी दिया कि किसानों के ई-केवायसी 99 प्रतिशत हो चुका है, जिसमें 71 हजार 540 किसानों में से 70 हजार 886 किसानों का केवायसी हो चुका है। इसी प्रकार भूमि सीडिंग (रिकार्ड एंट्री) अंतर्गत 69 हजार 268 किसानों में से 68 हजार 530 किसानों का एन्ट्री हो चुका है। बरमकेला क्षेत्र के सहायक शिक्षक पंचायत के दिवंगत होने पर कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को अनुकंपा प्रकरण नियुक्ति शीघ्र करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने वन विभाग को निर्देश दिए कि विभागीय कार्यों में लापरवाही नहीं बरतें। इसी प्रकार श्री धर्मेश साहू ने समाज कल्याण अधिकारी को दिव्यांगों के लिए बस सुविधा पास शीघ्र बनाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री साहू ने कहा कि नागरिकों के कार्यों का निराकरण रूटीन में होना चाहिए। रूटीन कार्यों को छोड़कर जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन प्रत्येक माह में 2 बार किया जाएगा। इसके लिए सभी विभाग अपने विभाग से संबंधित सुविधाओं, योजनाओं का लाभ उस शिविर में प्रदान करें। जैसे मत्स्य, कृषि, समाज कल्याण विभाग द्वारा दिए जाने वाले सामग्री वितरण।

भाठीगढ़ और सिकासार जलाशय को जल्द मिलेगा पर्यटन स्थल का दर्जा

■ **विधायक जनक ध्रुव ने किया प्रयास, जल्द होंगे विकास कार्य**

गरियाबंद/नवप्रदेश। गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखंड मैनपुर क्षेत्र के अंतर्गत प्रमुख धार्मिक एवं पर्यटन स्थल पैरी उदगम भाठीगढ़ एवं गरियाबंद जिले के एकमात्र सबसे बड़े सिंचाई जलाशय सिकासार को पर्यटन स्थल के रूप मे विकसित करने की मांग वर्षो से किया जा रहा था। बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनक ध्रुव ने विधानसभा विभागीय बजट सत् के दौरान गरियाबंद जिले के बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के पैरी उदगम स्थल भाठीगढ़ एवं सिकासार जलाशय को पर्यटन स्थल घोषित करने की मांग प्रमुखता के साथ विधानसभा में उठाया था। पर्यटन स्थल घोषित करने की मांग किया जिस पर छत्तीसगढ़ सरकार की धार्मिक न्यास धर्मस्व एवं पर्यटन संस्कृति मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने सहृदय स्वीकार करते हुए पैरी उद्गम स्थल भाठीगढ़ एवं सिकासार जलाशय को पर्यटन स्थल सदन के भीतर ही घोषित करने की घोषणा किया और पर्यटन स्थल घोषित होने के बाद अब छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड के उपमहाप्रबंधक द्वारा गरियाबंद जिला कार्यालय को 13 जून 2024 को पत्र जारी कर पैरी उद्गम स्थल भाठीगढ़ एवं सिकासार जलाशय को पर्यटन स्थल हेतु सुविधाएं विकसित करने पत्र भेजा गया है जिसमें सात दिवस के भीतर पैरी उद्गम एवं सिकासार में आवश्यक बेसिक पर्यटन सुविधाओं का प्रांक्कल एवं तकनीकि स्वीकृति सहित प्रस्ताव जिला कलेक्टर से मांगा गया है। पैरी उद्गम स्थल राज्य के चिन्हांकित पर्यटन स्थलो की सूची में गरियाबंद जिला मे शामिल है सिकासार को पर्यटन स्थल की सूची मे शामिल करने जानकारी मांगी गई है। दोनों स्थानों में पर्यटन की दृष्टि से आवश्यक बुनियादी सुविधाएं जैसे पेयजल, सीटिंग बैंच, विद्युतिकरण, मार्ग, साईनेजेस, लैण्डरस्केपिंग धर्मशाला आदि का प्राक्कलन प्रस्ताव, तकनीकि स्वीकृति कार्यो का ड्राइंग डिजाईन एवं साइड प्लान सहित सभी जानकारी मंगाई गई जिससे जल्द से जल्द राशि स्वीकृत कर इन पर्यटन स्थलों में पहुंचने वाले पर्यटकों के लिए पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध कराया जा सके।

सद्गुरु कबीर प्राकट्य उत्सव आज से

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। सद्गुरु कबीर धनी धर्मदास सेवा आश्रम राजिम में 21 जून शुक्रवार से 22 जून शनिवार तक सद्गुरु कबीर प्राकट्य उत्सव का आयोजन किया गया है।

समिति के अध्यक्ष मेघनाथ साहू,सचिव प्रहलाद गंधर्व,कोषाध्यक्ष तुलाराम साहू ने बताया कि शुक्रवार को कलश शोभायात्रा सांय 4ः00 बजे पूर्व सांसद महासमुंद लोकसभा चंदूलाल साहू के मुख्य अतिथि एवं अध्यक्षता कालूराम ध्रुव पूर्व अध्यक्ष नगर पंचायत राजिम, एवं विशिष्ट अतिथि महंत दाऊदास वैष्णव (ग्राम गोजी) महंत रिखी दास साहू उपरवारा,महंत ननकू दास वैष्णव गोजी,महंत कुमार दास साहू घोट, महंत खगेश दास वैष्णव पारागांव, महंत भगवान दास मानिकपुरी नवागांव के पावन सानिध्य में कार्यक्रम की शुरुआत होगी।वही 22 जून शनिवार को दोपहर 12ः00 बजे आश्रम परिसर में अतिरिक्त भवन का भूमि पूजन नगर पंचायत अध्यक्ष निधि जिसके मुख्य अतिथि राजिम विधायक रोहित साहू,कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती रेखा जितेंद्र सोनकर अध्यक्ष नगर पंचायत राजिम,एवं विशिष्ट अतिथि श्रीमती रेखा कुलेश्वर साहू उपाध्यक्ष नगर पंचायत राजिम, चंद्रशेखर साहू जिला पंचायत सदस्य, महेश यादव पार्षद नगर पंचायत राजिम के पावन सानिध्य में कार्यक्रम संपन्न होगी।मेघनाथ साहू ने बताया कि प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी सदुरु कबीर साहब का 625 वां प्राकट्य उत्सव बड़े धूमधाम से मनाया जा रहा है,श्री साहू ने समस्त धर्म प्रेमी एवं कबीर पंथ के भक्तगणों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में उक्त कार्यक्रम में सम्मिलित होकर पुण्य लाभ ले।

सोशल मीडिया पर जिला और पुलिस प्रशासन की पैनी नजर

■ **55 प्रकरण, 3 पर अपराध दर्ज, अन्य 4 व्यक्तियों की हुई पहचान**

बलौदाबाजार - भाटापारा/नवप्रदेश। कलेक्टर दीपक सोनी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल के निर्देश में 10 जून आगजनी की घटना एवं शांति व्यवस्था बनाएं रखने सोशल मीडिया पर जिला एवं पुलिस प्रशासन पैनी नजर रखे हुएं है। जिसके तहत प्रशासन को बड़ी सफलता मिल रही है। जिला स्तरीय सोशल मीडिया निगरानी समिति ने अब तक 55 संदिग्ध प्रकरण (फेसबुक,इंस्टाग्राम,व्हाट्सप एवं ट्वीटर की आईडी) पहचान कर एसडीएम के माध्यम से एसडीओपी को लगातार भेजा जा रहा है। जिसमें सायबर पुलिस एवं थाना प्रभारियों की मदद से 3 पर अपराध दर्ज कर लिया गया है। इसके साथ ही आज अन्य 4 व्यक्तियों की पहचान कर कार्रवाई की जा रही है। उक्त प्रकरणों में अनुविभाग बलौदाबाजार 49, कसडोल 5 एवं सिमगा के1 प्रकरण शामिल है। सायबर सेल द्वारा लगातार संदिग्ध आईडी की पहचान हेतु गूगल, इंस्टाग्राम,फेसबुक, व्हाट्सप कंपनियों से संपर्क किया जा रहा है। कलेक्टर दीपक सोनी ने जिले वासियों से अपील करते हुए किसी भी व्यक्ति को सोशल मीडिया में भड़काऊ कंटेन पोस्ट करने बचने कहा है। यदि किसी भी व्यक्ति का पोस्ट भड़काऊ या सामजिक सौहार्द बिगाड़ने वाला होगा तो निश्चित ही सख्त कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है की कानून एवं व्यवस्था के संदर्भ में सोशल मीडिया के प्रभाव को ध्यान में रखते हुए सोशल मीडिया में जिले के सम्बन्ध में चल रहे गतिविधियों पर निगरानी रखने एवं नकारात्मक गतिविधियों सम्बन्धी लेखों पर त्वरित कार्यवाही करने हेतु जिला स्तरीय सोशल मीडिया निगरानी समिति का गठन किया गया है। जिसके माध्यम से सोशल मीडिया में नकारात्मक लेखों,तथ्यों पर 24 घंटे निगरानी रखी जा रही है।अवैधानिक एवं आपत्तिजनक पोस्ट,कमेंट्स आदि पाये जाने पर समिति प्रतिदिन जानकारी संबंधित अनुविभागीय दण्डाधिकारी एवं संबंधित अनुविभागीय अधिकारी पुलिस को त्वरित कार्रवाई हेतु प्रेषित किया जा रहा है।

Chhattisgarh State Electricity Regulatory Commission
Irrigation Colony, Shanti Nagar, Raipur - 492 001 (C.G.) Ph.0771-4073566, Fax: 4073553
Website: www.cserc.gov.in, E-mail: cserc.sec.cg@nic.in;

TENDER NOTICE-TENDER NO. T-04/2024

Bids are invited from consultancy firms for assisting the Commission in framing "Chhattisgarh State Electricity Regulatory Commission [Terms and conditions for determination of generation tariff and related matters for electricity generated by plants based on renewable energy sources] Regulations, 2024". The tender documents are available on the Commission's website- www.cserc.gov.in

Last date for submission of tender 16/07/2024, at 15:00 hrs.

"SAVE ELECTRICITY" S.- 40506/3 SECRETARY

आगामी धरना और प्रदर्शन की जगह को लेकर हुई बैठक

बेमेतरा/नवप्रदेश। कलेक्टर रणबीर शर्मा की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य भविष्य में आयोजित होने वाले धरना और प्रदर्शन के लिए उचित स्थान का चयन करना था। बैठक में कलेक्टर श्री शर्मा ने कहा कि धरना और प्रदर्शन लोकतंत्र का अभिन्न हिस्सा हैं, लेकिन इन्हें अनुशासन और कानून के दायरे में रहकर आयोजित किया जाना चाहिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि सही स्थान का चयन करने से न केवल प्रशासन को सुविधाजनक होगा, बल्कि आम जनता को भी कम असुविधा होगी। बैठक में भाजपा के ओम प्रकाश जोशी जिलाध्यक्ष, राजेंद्र शर्मा, मोंटी साहू, योगेश वर्मा तथा कांग्रेस के बंशीलाल पटेल, ऋषि वर्मा एवं अन्य में शशांक बारले, नीलेश साहू, सूरज कुमार, लुकेश वर्मा उपस्थित थे। प्रतिनिधियों ने भी अपनी राय और सुझाव प्रस्तुत किए। अंततः सर्वसम्मति से कुछ स्थानों का परीक्षण एवं निरीक्षण कर चयन किया किए जाने पर विचार हुआ। परीक्षण एवं निरीक्षण और आम जन को कोई असुविधा ना हो इन सब बातों को ध्यान में रख कर निर्णय लिया जायेगा। इसके बाद ही जहां भविष्य में धरना-प्रदर्शन आयोजित किए जाएंगे। बैठक में शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए सभी दलों से सहयोग की अपील की गई। प्रतिनिधियों ने प्रशासन के इस प्रयास की सराहना की और आश्वासन दिया कि वे नियमों का पालन करेंगे। इस निर्णय से बेमेतरा में आगामी आंदोलनों को व्यवस्थित और सुचारू रूप से संचालित करने में मदद मिलेगी।

नियमित योग को जीवन में शामिल करें : रंजना साहू

धमतरी/नवप्रदेश। प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज संस्थान धमतरी द्वारा 21 जून योगा दिवस के उपलक्ष्य में योग महोत्सव के अंतर्गत खास महिलाओं के लिए महिलाओं के सर्वांगीण स्वास्थ्य में राजयोग की भूमिका विषय को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गयाद्य इस अवसर पर अतिथि के रूप में श्रीमती रंजना साहू पूर्व विधायक, डॉक्टर नेहा साहू स्त्री रोग विशेषज्ञ, अंजलि मुलवानी सरिता दीदी उपस्थित रहे। श्रीमती रंजना साहू बहन ने कहा आज हम सभी के पास 24 घंटा पर्याप्त समय है द्य हमे उसमे समय का निर्धारण करके योग के लिए भी समय देना है, जिससे हम मानसिक और शारीरिक रूप से सक्षम हो।

डॉक्टर नेहा साहू ने कहा कि आज जीवन शैली गतीहीन हो गई है, जिसके कारण बहुत सी बीमारियाँ हो रही हैं द्य लाइफ स्टाइल सुधरेंगे तो ज्यादा दवाइयों की जरूरत नहीं पड़ेगी द्य सरिता दीदी ने कहा कि आज बहुत तेजी से मानसिक स्वास्थ्य बिगड़ते जा रहा है जिससे पूरा परिवार व्यथित हो जाते है, मानसिक तनाव मनुष्य के जीवन को, तन को नष्ट कर रहा है द्य कहते है महिला दो कुल का उद्धार करती हैं लेकिन बीमार पडे तो पूरा समाज, परिवार व्यथित होता है द्य महिलाएं स्वयं की सम्हालें, मन को स्वस्थ रखे, नियमित योगा और मेडिटेशन करे द्य योगा प्रशिक्षक अंजलि मुलवानी ने योगा के फायदे बताते हुए कहा डेली रूटीन में योग और योगा दोनों को फालो करे और अपना जीवन स्वस्थ बनाए द्य आज शारीरिक वर्क बहुत कम हो गया है ,मशीने आ गई है इसलिए फिर बीमारियाँ भी बहुत से हो रही हैं द्य अंत में सभी को प्रैक्टिकल में योग का अभ्यास कर के दिखाया और सभी ने योगा भी किया द्य गीत के माध्यम से सभी ने बहुत सुन्दर जुम्बा किया द्य नवनीता दीदी ने राजयोग का गीत प्रस्तुत किया और सभी को मेडिटेशन कराया कार्यक्रम का संचालन प्राजकता बहन ने किया।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बलौदाबाजार, जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

ईश्तहार

राजस्व प्रकरण क्र. 202406210200042
अ-2 वर्ष 2023-2024

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक राजविंदर सैनी पिता जसवंत सिंह उम्र 43 वर्ष निवासी ए-28 आम्रपाली वंचल नगर भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) द्वारा ग्राम परसाभदेर प.ह.नं. 18 तहसील बलौदाबाजार स्थित भूमि खसरा नंबर 491/73 रकबा 0.1910 हेक्टेयर भूमि राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन (पेट्रोल पम्प) के लिए छ.ग.भ.रा.संहिता की धारा 172/2 के तहत व्यपवर्तित कर धारा 59/2 के तहत पुर्न निर्धारण करने हेतु बी-1, खसरा, नक्शा तथा अन्य दस्तावेज सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त आवेदित भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु परिवर्तित करने में जिस किसी व्यक्ति या कोई संस्था को आपत्ति/दावा हो तो प्रकरण नियत दिनांक 21/06/2024 तक न्यायालय में स्वतः उपस्थित होकर या अपने वैध प्रतिनिधि के माध्यम से आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं होगी।

आज दिनांक 21/05/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

सील

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
बलौदाबाजार (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)

//ईश्तहार//

रा.प्र.क्र./ /अ-6/वर्ष 2023-2024
रायपुर, दिनांक 13.06.2024
ग्राम-डूण्डा, प.ह.नं. - 72

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है अति. मुख्य कार्यपालन अधिकारी रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर द्वारा वेलिडेशन एक्ट के तहत न्यायालय में ज्ञापन प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम डूण्डा प.ह.नं. 72 तह. व जिला रायपुर स्थित खसरा नंबर 118/15, 139/7, 139/8, 143/6, 143/7 एवं 143/8 रकबा क्रमशः 930, 440, 430, 1800, 260 एवं 870 वर्गमीटर भूमि लेखराज पाल वगैरह के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। जो कि कौशल्या माता विहार (कमल विहार) सेक्टर 04 में भूखण्ड क्रमांक डी-12, डी-13, डी-14 एवं डी-21, डी-22, डी-23 भूखण्ड का आवंटन प्रस्तावित किया गया है। जो वेलिडेशन अंतर्गत नामांतरण बाबत् आवेदन पत्र पेश कर लेख किया है।

अतएव जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभावक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 23/06/2024 को इस न्यायालय में पेश करें। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 13/06/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

अतिरिक्त तहसीलदार
रायपुर (छ.ग.)

संयुक्त संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश, क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर (छ.ग.)

धारा-30 (ख) के अधीन भू-खण्डों के विलियन हेतु सार्वजनिक सूचना

जनसामान्य की जानकारी हेतु एतद् द्वारा, यह अधिसूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती कबिता जैन पति श्री धिरेन्द्र कुमार जैन, सी-73 , सेक्टर-02, देवेन्द्र नगर रायपुर छ.ग. द्वारा ग्राम-आमासिवनी स्थित भूमि खसरा क्रमांक 96/1, 97/1, 99/1, एवं अन्य (संविलियन खसरा नंबर 15004/1) कुल रकबा 8.117 हेक्टेयर हेतु आदेश क्रमांक 6548/धारा-30-क/पीएल. 32/2020 रायपुर दिनांक 01.04.2021 द्वारा स्वीकृत संशोधित अभिन्यास में स्थित आवासीय योजना के भूखंड क्रमांक ए-99 एवं ए-100 के विलियन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

कोई भी हितबद्ध व्यक्ति उक्त विलय के बारे में अपनी आपत्ति या सुझाव इस सूचना के प्रकाशन के पन्द्रह दिन के भीतर कार्यालय में प्रस्तुत कर सकेगा। पूर्व स्वीकृत अनुज्ञा के ब्यौरे तथा विलियन किए जा रहे भूखंड का हितबद्ध व्यक्तियों द्वारा निरीक्षण संयुक्त संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश, क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर (छ.ग.) आर.डी.ए. बिल्डिंग द्वितीय तल, शास्त्री चौक, जिला रायपुर (छ.ग.) में कार्यालयीन समय के दौरान किया जा सकता है।

जी-242500431/1

संयुक्त संचालक
नगर तथा ग्राम निवेश
क्षेत्रीय कार्यालय, रायपुर छ.ग.

कार्यालय कार्यकालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग राजनांदगांव (छ.ग.)
निविदा आमंत्रण सूचना (प्रथम आमंत्रण)

निविदा विज्ञप्ति क्र. 3329/02/नि.वि./लोनिवि/2024-2025 दिनांक 18/06/2024

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है :-

1. निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि : 08/07/2024 अपरान्ह 5.30 बजे तक
2. ठेकेदार द्वारा प्रस्तुत निविदाएं प्राप्त करने की अंतिम तिथि : 16/07/2024 अपरान्ह 5.30 बजे तक
3. निविदा खोलने की तिथि : 18/07/2024 अपरान्ह 11.30 बजे

क्रमांक	कार्य का विवरण	कार्य की अनुमानित लागत (लाख में)	अमानती राशि
01	02	03	04
2 T0002	मोतीपुर सुकुलदैहान डोंगरगढ़ मुख्य जिला मार्ग के कि.मी. 2/6 में पुलिया का विशेष मरम्मत कार्य	4.12	5000.00

उपरोक्त निविदा की जानकारी विभागीय वेब पोर्टल www.cg.nic.in/pwdraipur से भी अवलोकन किया जा सकता है।

टीप :- आनलाईन से डाउनलोड किया गया निविदा फार्म को प्रेषित करने पर मान्य नहीं किया जावेगा, इस कार्यालय में उपस्थित होकर निविदा फार्म हेतु आवेदन प्रस्तुत करने पर ही निविदा फार्म प्रदाय किया जावेगा।

जी- 242500425/1

कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग
राजनांदगांव (छ.ग.)

■ न्यूज गैलरी

तीन दिनी प्लेसमेंट कैंप 24 से

कवर्धा/नवप्रदेश। कबीरधाम जिले के ऐसे इच्छुक अभ्यर्थी जो, निजी क्षेत्रों में रोजगार करना चाहते है, उन्हें अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, कबीरधाम कार्यालय परिसर में 24, 25 एवं 26 जून 2024 को प्रातः 11 बजे से दोपहर 03.00 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें 24 जून को अर्ल्ट एसजीएस प्राईवेट लिमिटेड, लालपुर रायपुर द्वारा वर्क पार्टनर, मार्केटिंग, एजेंट, सिक्यूरिटी गार्ड के कुल 239 पद, 25 जून को नव किशान बायो प्लॉटेक लिमिटेड अशोक नगर, बिलासपुर द्वारा सेल्स एक्जीक्यूटिव व एग्रीकल्चर आफिसर के कुल 30 पद एवं 26 जून को शिवशक्ति एग्रीटेक लिमिटेड, तेलीबांधा, रायपुर द्वारा सेल्स रिप्रेसेन्टेटिव व एग्रीकल्चर आफिसर के कुल 34 पद पर भर्ती किया जाना है। उक्त पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता पद अनुसार अलग-अलग है यथा कक्षा 08वीं से स्नातकोत्तर तक तथा अनुभव पदानुसार। वेतनमान न्यूनतम 7,000 से 30,000 तक है। आयुसीमा न्यूनतम 18 से 55 वर्ष है। कार्यस्थल संपूर्ण छत्तीसगढ़ है।

पीपीटी प्रवेश परीक्षा 23 को

बेमेतरा/नवप्रदेश। छग व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा 23 जून रविवार को प्रातः 9 बजे से 12:15 बजे तक पीपीटी भर्ती परीक्षा 2024 आयोजित है। जिसमें बेमेतरा जिला अंतर्गत कुल 737 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। उक्त परीक्षा के सफल संचालन एवं परीक्षार्थियों के सुविधा की दृष्टि से जिला बेमेतरा अंतर्गत कुल 5 परीक्षा केन्द्र बनाये गये हैं, जिसमें शास.उच्च माध्य विद्यालय कठिया रांका, प्रेरणा विद्यालय कठिया (बेमेतरा) शास. हाई स्कूल लोलेसरा, शास. माध्यमिक स्कूल पिकरी (बेमेतरा), सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्य. विद्यालय बेमेतरा सम्मिलित हैं। परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थी प्रवेश पत्र एवं पहचान पत्र की मूल प्रति अपने साथ अनिवार्य रूप से रखें तथा व्यापम से प्राप्त निर्देशानुसार परीक्षा के दौरान परीक्षा कक्ष में मोबाइल, कैलकुलेटर, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण आदि पर पूर्ण प्रतिबंध होगा। परीक्षा के दौरान असामाजिक तत्वों एवं नकल आदि को रोकने हेतु सक्षम अधिकारियों के नेतृत्व में उडनदस्ता दल गठित किया गया है।

पाकेटमार गिरोह के 4 गिरफ्तार

गंड़ई/नवप्रदेश। गंडई नगर में चल रहे शिव महापुराण कथा पंडाल के आस पास घूम रहे पाकेटमार गिरोह के 1 पुरूष एवं 3 महिला आरोपी को पुलिस ने रंगे हाथों पकड़ा। चारों आरोपीगण के विरूद्ध किया गया प्रतिबंधात्मक धारा के तहत् कार्यवाही। पुलिस विभाग द्वारा निर्धारित वाहन पार्किंग स्थल पर वाहन खडी ना कर कथा पंडाल के आस पास वाहन खडी करने वाले 30 वाहन चालकों के विरूद्ध किया गया एम.व्ही एक्ट की कार्यवाही। मुखबीर से सूचना प्राप्त हुआ कि आदतन बदमाश पाकेटमार गिरोह के सदस्य गंडई नगर में चल रहे शिव महापुराण कथा के पंडाल के आस पास पाकेटमारी की घटना कारित करने के लिये घुम रहे है कि सूचना पर सायबर टीम के द्वारा श्रद्धालुओं का पाकेट मारी करने की कोशिश करने वाले (01) अजीत सौरा पिता भुरवा सौरा उम्र 19 साल साकिन वार्ड नं. 11 पंडरिया थाना पंडरिया जिला कबीरधाम (02) .वनिता मोरे पति शौर्य मोरे उम्र 35 साल (03) सनिता सोनटेके पति रूद्र सोनटेके उम्र 40 साल (04) प्रियांशी कामले पति रितेश कामले उम्र 45 साल सभी साकिनान खेड़ागांव (बायपास के पास हनुमान मंदिर के पास थाना कल्मेशवर जिला नागपुर (महाराष्ट्र) को पकडकर थाना लाकर चारो व्यक्तियों के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत् कार्यवाही कर माननीय न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है।

तार की चपेट में आया मासूम, मौत

राजनांदगांव/नवप्रदेश। विद्युत विभाग की एक बड़ी लापरवाही से एक परिवार के मासूम की मौत होने का मामला सामने आया है। विद्युत अमले ने तेज अंधड़ के बाद खेत में करंट दौड़ रही तार की मरम्मत नहीं की। नतीजतन 5 साल के मासूम की करंट से मौत हो गई। इस मामले को लेकर ग्रामीणों में काफी आक्रोश है। बांकल के रहने वाले दिलेश्वर साहू का 5 साल का बेटा दानेश्वर साहू आज खेत में गिरे एक बिजली तार के संपर्क में आ गया। तार में दौड़ रहे करंट ने मासूम को अपने चपेट में ले लिया। बताया जा रहा है कि सप्ताहभर पहले तेज अंधड़ के चलते विद्युत पोल से तार टूटकर खेत में गिर गया था। इसकी सूचना तुमड़ीबोड़ विद्युत विभाग के अधिकारियों को दी गई थी, लेकिन विद्युत अमले ने तार को खंभे से नहीं जोड़ा। तकरीबन 6 दिन तक तार खेत में पड़ा रहा और आज खेत में खेलते हुए 5 साल के मासूम की करंट से जान चली गई। इस मामले को लेकर जिला पंचायत सदस्य महेन्द्र यादव ने दोषी अफसरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। साथ ही परिजनों को मुआवजा देने की भी मांग की है। ग्रामीणों ने पूरे मामले के लिए विद्युत विभाग को जिम्मेदार ठहराया है।

बेकाबू होकर बस पलटी, कंडक्टर की मौत, 8 घायल

■ यात्री बसों की फिटनेस पर उठे सवाल

नवागढ़/नवप्रदेश। चंदनु थाना क्षेत्र के भदराली गांव के पास सड़क में अनियंत्रित होकर निजी बस पलट गई। इस हादसे में कंडक्टर की मौत एवं 8 यात्री घायल हो गए। घायलों को नवागढ़ के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहाँ एक गंभीर मरीज को जिला अस्पताल रिफर कर दिया गया। फिलहाल चालक फरार है एवं हादसे के कारणों का पता नहीं चल पाया है। जानकारी के अनुसार गुरुवार 20 जून की सुबह गुरुकृपा ट्रेवल्स की मिनी बस भाठापारा से यात्रियों को लेकर नवागढ़ आ रही थी। इस दौरान सुबह करीब 08.30 बजे ग्राम भदराली और पिरैया के बीच मेन रोड से बस अनियंत्रित होकर खेत में जाकर पलट गई। चूंकि बस साइड में पलटी थी, इसलिए बस में दब कर कंडक्टर संतोष यादव पिता फत्ते यादव (30)निवासी सुकुल पारा नवागढ़ की मौके पर ही मौत हो गई एवं 08 यात्री घायल हो गए।

इस दुर्घटना से यात्रियों में हड़कंप मच गया। घटना के बाद वहां ग्रामीणों की भीड़ लग गई। बस में फंसे यात्रियों को ग्रामीणों की मदद से खिड़कियों की ओर से किसी तरह बाहर निकाला गया। हादसे की सूचना पर चंदनु पुलिस मौके पर पहुँच घायलों को 108 एम्बुलेंस के माध्यम से नवागढ़ अस्पताल में भर्ती कराया गया।

घायलों में यह लोग शामिल

घायलों में शिवकली पति उत्तरा उम्र 29 साल, शिवम पिता उत्तरा उम्र 06 साल, गोपाल पिता उत्तरा उम्र डेढ़ साल तीनो निवासी ग्राम कोलिहा भाठापारा से हैं। जगत निषाद पिता रामरतन उम्र 70 साल निवासी ग्राम मऊ, रेखा भारती पति नंदकुमार उम्र 33 साल निवासी ग्राम बाराडेरा, मनमोहन सिंह पिता रामकमल उम्र 16 साल निवासी ग्राम चरगंवा, शुकवारो पति जैतलाल उम्र 60 साल निवासी ग्राम अड़बंधा एवं अमरजीत पति दिनेश उम्र 35 साल निवासी ग्राम नांदघाट हैं। इसमें दिनेश का हाथ की हड्डी टूटी है जिसके चलते उसे जिला अस्पताल रिफर किया गया है। वहीं अस्पताल में पोस्टमार्टम उपरांत मृतक संतोष का शव परिजनों को अंतिम संस्कार के लिए सौंप दिया गया। फिलहाल बस के अनियंत्रित होने का स्पष्ट कारण का पता नहीं चल पाया है पुलिस मामले की में जुटी हुई है।

> हादसे में एक की मृत्यु तथा 08 घायल हुए है। फ़िलहाल घायलों की हालत स्थिर है, प्रशासन पल-पल की अपडेट ले रहा है। हादसे के शिकार लोगो को प्रशासन के द्वारा नियमानुसार मुआवजा दिया जाएगा। साथ ही अनफिट बसों की जांच के लिए यातायात विभाग को निर्देशित किया जाएगा।
> **-मुकेश गोड़**
> एसडीएम नवागढ़

अचानक बेकाबू हुई बस

घायल दिनेश ने संवाददाता से बातचीत में बताया कि बस लगभग 60 से 70 की रफ्तार में आ रही थी। तभी अचानक सड़क में गड्ढा आया वहां से बस बेकाबू हो गया, वाहन चालक बस को रोकने प्रयास किया, लेकिन बस खेत मे जाकर पलट गई। कुछ लोग स्टेरिंग फेल होने की बात कह रहे हैं लेकिन अभी वास्तविकता सामने नहीं आई है।

प्रशासन की नजर

घटना की जानकारी होते ही नवागढ़ एसडीएम मुकेश गोड़, नांदघाट तहसीलदार जयंत पटले, बीएमओ डॉ एमएम रज़ा, नवागढ़ नायब तहसीलदार सुमित देवांगन, पटवारी दिनेश ठाकुर सहित प्रशासनिक अमला नवागढ़ अस्पताल पहुंचा। जहां एसडीएम गोड़ ने घायलों की जानकारी ली और चिकित्सकों को यथासंभव बेहतर इलाज हेतु निर्देशित किया। दिनभर प्रशासन की टीम अस्पताल में बनी रही और अपडेट जिला प्रशासन तक पहुंचाते रहे।

योजनाओं का लाभ हर वर्ग को मिले : डिप्टी सीएम शर्मा

■ किसानों को खाद, बीज की परेशानी ना हो

■ केंद्र तथा राज्य सरकार की योजनाओं की समीक्षा की

कवर्धा/नवप्रदेश। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने गुरुवार 20जून को जिला कलेक्टोरेट कार्यालय के सभाकक्ष में राज्य तथा केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, कार्यक्रम एवं कबीरधाम जिले के समग्र विकास के लिए विभिन्न विभागों के कामकाज की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों की बैठक लेकर पूर्व में दिए गए निर्देशों के प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने बैठक में जिले के विभिन्न विभाग के अधिकारियों को दिए गए निर्देशों पर प्रगति लाने के निर्देश दिए। उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने कहा कि सभी अधिकारी सुनिश्चित करें कि राज्य और केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएँ पूरी पारदर्शिता और दक्षता के साथ क्रियान्वयन हों।

उन्होंने जोर देकर कहा कि इन योजनाओं का लाभ समाज के हर वर्ग तक पहुँचना चाहिए और विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुशीला भट्ट, जिला पंचायत सदस्य रामकुमार भट्ट, कलेक्टर जनमेजय महोबे, वन मंडलाधिकारी शशिकुमार सिंह, जिला पंचायत सीईओ श्री संदीप कुमार अग्रवाल सहित जिला अधिकारी उपस्थित थे। उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने कहा कि खरीफ मौसम में किसानों को खाद, बीज पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध होना चाहिए। किसानों को किसी भी प्रकार की कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए। इस दौरान प्रति माह लक्ष्य के अनरूप खाद, बीजों का संग्रहण करें और किसानों को समय पर खाद, बीज की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए, ताकि खेती का कार्य बिना किसी बाधा के सुचारू रूप से चल सके। उन्होंने जिले में निर्मित गोदाम में सभी व्यवस्था करके इसका उपयोग खाद, बीज भंडारण के लिए करने के निर्देश दिए। बैठक में कृषि विभाग के उपसंचालक ने बताया कि ओलावृष्टि और बेमौसम बारिश से प्रभावित फसलों की क्षति पूर्ति के लिए उनके संबंधित किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत शीघ्रता से लाभ दिलाया गया। छूटे हुए किसानों को जल्द ही राशि का भुगतान किया जाएगा। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के संबंध में कहा कि जिले के एक भी पात्र किसान योजना से वंचित नहीं होना चाहिए। बैठक में कृषि विभाग के उपसंचालक ने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत रबी वर्ष 2023-24 में जिले के कृषकों द्वारा चना, गेहू सिंचित एवं गेहू असिंचित फसल के लिए फसल बीमा कराया गया था। जिसमे इस वर्ष रबी 2023-24 में अतिवृष्टि, ओलावृष्टि अंतर्गत 18 हजार 725 कृषकों को 34 करोड़ 84 लाख 19 हजार 2 सौ 32 रूपए एवं इसी प्रकार उपज में कमी के आधार पर 19 हजार 792 कृषकां को 27 करोड़ 73 लाख 19 हजार 4 सौ 71 रूपए आदि।

योग दिवस के सांसद बघेल होंगे मुख्य अतिथि

बेमेतरा/नवप्रदेश। शुक्रवार 21 जून को जिला स्तरीय अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम का आयोजन कलेक्टर रणबीर शर्मा के मार्गदर्शन में किया जायेगा। कृषि उपज मंडी परिसर में कार्यक्रम का आयोजना प्रातः 7 बजे से 8 बजे तक होगा। जिला स्तरीय सामूहिक योग कार्यक्रम में दुर्ग लोकसभा के सांसद विजय बघेल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में स्थानीय विधायक दिपेश साहू तथा साजा विधायक ईश्वर साहू सहित जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुनीता साहू के आतिथ्य में कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा हैं। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने योग दिवस के सफल आयोजन के लिए समाज कल्याण विभाग सहित विभिन्न विभागों को दायित्व सौंपे है। इस वर्ष का थीम ''एक विश्व एक स्वास्थ्य÷ रखा गया हैं। कलेक्टर ने सभी विभाग प्रमुखों जिला स्तर के अलावा जनपद पंचायत, नगर पंचायत के साथ साथ ग्राम पंचायतों में भी योग दिवस कार्यक्रम का आयोजन करने निर्देशित किया हैं।

कलेक्टर सीआरसी में योग कार्यक्रम में हुए शामिल

राजनांदगांव/नवप्रदेश। कलेक्टर संजय अग्रवाल गुरुवार 20 जून को सीआरसी राजनांदगांव में योग दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। कलेक्टर ने उपस्थित प्रतिभागियों को नियमित योग से होने वाले लाभ के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि नियमित योगाभ्यास से मानसिक एवं शारीरिक लाभ मिलता है। योगाभ्यास से मांसपेशियों को ताकत मिलती है, रक्तचाप सामान्य रहता है और योग से तनाव दूर होते हैं। कलेक्टर ने सभी को नियमित योगाभ्यास करने प्रेरित किया। कार्यक्रम में योग प्रशिक्षक द्वारा सभी को योगाभ्यास कराया गया। कलेक्टर ने 10 दिव्यांगजन को वॉकिंग स्टिक, श्रवण यंत्र, व्हील चेयर, गले एवं कमर के पट्टा का निश्शुल्क सहायक उपकरण का वितरण किया। उन्होंने सीआरसी में दिव्यांगजनों के लिए प्रदान की जाने वाली सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर ने सुनाई जांच, स्पीच थेरेपी, फिजियोथेरेपी, व्यावसायिक चिकित्सा, मनोविज्ञान, विशेष शिक्षा, प्रास्थेटिक ऑर्थोटिक्स, व्यावसायिक प्रशिक्षण, डिप्लोमा ईन स्पेशल एजुकेशन आईडीडी एवं निश्शुल्क सहायक उपकरण की सुविधाओं की जानकारी ली। कलेक्टर ने सीआरसी के ठाकुरटोला में नवनिर्मित भवन का भी निरीक्षण किया।

भारत इस बार रचेगा नया इतिहास : संतोष पांडे

■ उत्साहित लोगों और कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

राजनांदगांव/नवप्रदेश। संसदीय क्षेत्र के नवनिर्वाचित सांसद संतोष पांडे राजनांदगांव विधानसभा से मिली ऐतिहासिक जीत पर आभार प्रकट करने हेतु बालाजी मंदिर पुराने गंज के पास से विशाल आभार रैली निकाली, जिसमें बड़ी संख्या में युवा, महिला व आम नागरिक उपस्थित थे। रैली में गाजे-बाजे एवं डीजे की धुन के साथ थिरकते हुए युवाओं ने जोरदार नारेबाजी की। स्थान-स्थान पर रैली का भव्य स्वागत हुआ। लोग छत्तो एवं छज्जों पर खड़े होकर सांसद संतोष पांडे के विनम्रता पूर्वक किए गए अभिवादन के प्रतिउत्तर में फूल बरसा रहे थे। चौक-चौराहों पर जोरदार आतिशबाजी भी लोगों का आकर्षण का केंद्र बनी।

पुराने गंज चौक में हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना के पश्चात जब रैली गंज चौक, भारत माता चौक, हलवाई लाइन, आजाद चौक से सिनेमा लाइन पहुंची, तो बारिश के रूप में इंद्र देवता ने भी रैली को आशीर्वाद दिया। भारी बारिश के बावजूद रैली रुकी नहीं और संतोष पांडे, अभिषेक सिंह एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता भीगते हुए गंतव्य की ओर बढ़े। आभार रैली अपने निर्धारित स्थल गुरुद्वारे के पास पहुंचकर सभा के रूप में परिवर्तित हो गई।

भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार सभा को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय सांसद संतोष पांडेय ने कहा कि आज का नया भारत अबकी बार नया इतिहास रचने जा रहा है, भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में लगातार केंद्र में तीसरी बार गैर कांग्रेसी सरकार सत्तारूढ़ हुई है, जिसके कारण कई प्रकार के विघ्नसंतोषी तत्वों के पेट में मरोड़ हो रहा है, भारत की प्रगति सारी दुनिया देख रही है, हम विश्व की पांचवी बड़ी अर्थव्यवस्था में शामिल हुए हैं, वहीं दूसरी ओर हमारे पड़ोसी देशों की हालत बद से बदतर हो गई है।

4 दिनी हॉकी स्पर्धा आज से

राजनांदगांव/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ हॉकी व जिला हॉकी संघ राजनांदगांव के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार 21 जून से सब जूनियर वर्ग की राज्यस्तरीय हॉकी स्पर्धा की होगी शुरुआत। जिला हॉकी संघ के अध्यक्ष फ़िरोज़ अंसारी ने बताया कि राजनांदगांव के अंतर्राष्ट्रीय हॉकी एस्ट्रोटर्फ मैदान में 5 वीं सब जूनियर बालक/बालिकाओं की हॉकी प्रतियोगिता 21 से 24 जून तक आयोजित किया जा रहा है। उक्त प्रतियोगिता से ही आगामी जुलाई माह में आयोजित दूसरी हॉकी इंडिया जूनियर बालक-बालिका वेस्ट हॉकी प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। समिति के सचिव विरेन्द्र सिंह भाटिया ने बताया कि इस प्रतियोगिता के बालिका वर्ग में हॉकी

कबीर प्राकट्य उत्सव पर माता साहिब को भेंट

राजनांदगांव/टेड़ेसरा/नवप्रदेश। कबीर आश्रम लखोली में 20 जून को सदगुरु कबीर साहेब के प्रकट उत्सव का आयोजन रखा गया था । जिसमें सदगुरु कबीर धर्मनगर दामाखेड़ा से पधारी सुलक्षणा माता साहिबा का आगमन कबीर आश्रम लखोली (राजनांदगांव) में कबीर साहेब के प्रकट उत्सव के अवसर पर आगमन हुआ। कार्यक्रम के अवसर पर राजू दास साहेब के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया । साथ में महिलाओं के द्वारा कलश शोभायात्रा निकला गया। जिसमें शहर एवं गांव की गलियों में शोभा यात्रा का भ्रमण कराया गया । तत्पश्चात दामाखेड़ा से पधारे सुलक्षणा माता साहिबा के कर कमलों से कबीर आश्रम में निशांत पूजा करते हुए सभा स्थल पर आगमन हुआ । मंच आसीन में बैठे हुए संत जनों के द्वारा भजन सत्संग करते हुए ।

500 हाईवा जप्त रेत गायब, एसडीएम को नोटिस

राजनांदगांव/नवप्रदेश। डोंगरगढ़ ब्लॉक के मुड़पार इलाके में एक गांव में सैकड़ों हाईवा जब्त रेत को एकाएक मौके से गायब कर दिया गया है। डोंगरगढ़ एसडीएम ने पहले रेत को अवैध बताकर जब्त किया, फिर उसके बाद रेत मालिकों के सामने नहीं आने पर एसडीएम ने निजी हाथों को सैकड़ों हाईवा रेत को सौंप दिया। एसडीएम के इस फरमान से प्रशासन भी हैरान है। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने लाखों रुपए के रेत को निजी हाथों में सौंपने के मामले में कड़ा रूख अख्तियार किया है। उन्होंने एसडीएम उमेश पटेल को नोटिस जारी कर पूरे मामले में स्पष्टीकरण मांगा है। कलेक्टर अग्रवाल ने कहा कि मामले की जानकारी मिलने के बाद एसडीएम को नोटिस दिया गया है। बताया जा रहा है कि बिना रॉयल्टी जमा किए राजनांदगांव शहर के रहने वाले एक कारोबारी ने रेत को उठा लिया है।

एसडीएम ने बकायदा आदेश जारी कर रेत के उठाव के लिए राजनांदगांव के प्रतीक अग्रवाल और बेलगांव के रहने वाले लेखराम साहू को रेत उठाव के आदेश दिए। बताया जा रहा है कि डोंगरगढ़ ब्लॉक के मुड़पार में गर्मी के दौरान रेत डंप करने का काम किया गया था। तकरीबन 7 से 8 सौ ट्रिप हाईवा रेत डंप होने की जानकारी के बाद एसडीएम ने छापामार कार्रवाई कर रेत को पहले जब्त किया। उसके बाद रेत मालिकों की पतासाजी की गई। इस प्रशासनिक प्रक्रिया के बाद एकाएक एसडीएम ने विधिवत आदेश कर प्रतीक अग्रवाल और सत्ता से जुड़े लेखराम साहू को रेत सौंपने की जिम्मेदारी सौंप दी। बताया जा रहा है कि एसडीएम ने रेत उठाव के दौरान दो गांव के कोटवारों को भी तैनात रखा। डोंगरगढ़ ब्लॉक में अवैध रेत को जब्त करने के बाद निजी हाथों में सौंपने के मामले को लेकर जांच की मांग उठ रही है। सवाल यह उठ रहा है कि 7 से 8 सौ ट्रिप हाईवा रेत अचानक कहां गायब हो गई।

उपलब्धि | आज संगीत दिवस पर विशेष, आजादी के बाद से लगातार संगीत का हुआ यहां संरक्षण

सात समुंदर पार तक है इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय की धमक

खैरागढ़/नवप्रदेश। विश्व को कला के साथ साथ ललित कला और संगीत की विभिन्न विधाओं का ज्ञान देने 1956 में स्थापित की गई इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय पिछले कई वर्षों से एक धरोहर के रूप में कार्य कर रहा है।

तत्कालीन खैरागढ़ राजा स्व वीरेन्द्र बहादुर सिंह रानी स्व पदमावती सिंह द्वारा अपनी पुत्री इंदिरा की याद मे संगीत अकादमी खोलने अपना महल दान किया गया था। समय के साथ इस संगीत विवि ने धीरे धीरे अपनी पहचान बनाई और अब इंदिरा कला संगीत विवि के रूप में संगीत कला और ललित कला को समेट कर विश्व में इसको विशेष पहचान दिलाने में सफल हो रहा है। संगीत विवि में संगीत की विभिन्न विधाओं, नृत्यकला, दृश्य कला, ग्राफिक्स, मूर्तिकला, गायन, वादन,लोकसंगीत सहित कई ऐसी विधाओं की तालीम दी जा रही है जो समय के साथ ओझल हो चुकी है ।

संगीत विवि में फिलहाल 17 सौ से अधिक छात्र संगीत, ललित कला की बारीकियां सीख रहे हैं। पिछले सात-आठ वर्षों में संगीत विवि की छटा विदेशों में भी बिखरी है।

इसका परिणाम है कि संगीत विवि में मारीशस, श्रीलंका के दो दर्जन से अधिक छात्र यहाँ अध्ययन कर संगीत कला की शिक्षा ले रहे हैं।

नेशनल लोक अदालत, तैयारी में हुई बैठक

बेमेतरा/नवप्रदेश। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के आदेशानुसार एवं बृजेन्द्र कुमार शास्त्री प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बेमेतरा की अध्यक्षता में व श्रीमती निधि शर्मा व्यवहार न्यायाधीश वर्ग 1/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बेमेतरा की उपस्थिति में बैंक अधिकारी, विद्युत विभाग अधिकारी, बीएसएनएल अधिकारी तथा नगर पालिका परिषद अधिकारी के अधिकारीगण के साथ आगामी नेशनल लोक अदालत के संबंध में बैठक प्रधान न्यायाधीश के विश्राम कक्ष में आयोजित किया गया। उक्त बैठक में संबंधित विभाग से अधिक से अधिक प्री-लिटिगेशन प्रकरणों के निराकरण के लिए उनके समय सीमा पर प्रस्तुतिकरण पंजीयन एवं नोटिस तामिली पर चर्चा की गई। अधिकारीगण से प्री-लिटिगेशन प्रकरणों के पक्षकारों पर नोटिस की तामिली एवं उनके साथ सौहार्दपूर्ण रूप से राजीनामा करने पर चर्चा की गई। बैठक में मुख्य नगर पालिका अधिकारी भूपेन्द्र उपाध्याय, कार्यपालन यंत्री विद्युत विभाग जयशंकर भटनागर, कनिष्ठ दूरसंचार अधिकारी सुरेन्द्र कुमार साहू, लीड बैंक प्रभारी गजेन्द्र उइके, बीमा अधिवक्ता विजय पाण्डेय, विवेक पाल और सोहन लाल निषाद उपस्थित थे।

न्यूज गैलरी

युवा धड़ल्ले से कर रहे हैं सुलेशन का नशा

सक्ती/नवप्रदेश। इन दिनों युवा वर्ग नशीली पदार्थो का धडल्ले से सेवन कर रहे हैं। युवा वर्ग जो नशीली पदार्थो का सेवन कर रहे है गांजा ही नहीं गांजा जैसी कई चीजों का सेवन करने से नही चूक रहे है । सायकल पंचर जोड़ने वाला सुलेशन तथा दवाई दुकानों में नशीली गोलीयॉ भी धडल्ले से बिक रही है। सायकल जोड़ने वाला सुलेषन का तो यह हाल है नशा करने वाले सुलेशन प्लास्टिक में निकालकर सुघने के साथ खाने भी लगे है नशा करने वालों को यह भी पता नही कि इससे शरीर को कितना नुकसान होता है इसी प्रकार गाजा पीने वाले गांजा, बीड़ी और सिगरेट के आलावा रद्दी बाटल में पानी भरकर गाजा मिलाकर मुंह से खीचते है तथा धुऑ उड़ाते है इसका एक उदाहरण एक गजेड़ी पान ठेले के पीछे यह हरकत कर रहा था नशा करने वाले तालाबों के पचरी में भी बैठकर शराब के साथ चखना लेकर बैठे देखे जा सकते है साथ ही पीने के बाद वही पर सारी सामाग्री शराब से संबंधित छोड़कर चले जाते है तालाब में निस्तारी करने वालों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। नशा करने वालों को घर से पैसा नही मिलने पर चोरी चकारी करने से नही चूकते।

लकड़ी तस्करों के खिलाफ कार्रवाई

मनेंद्रगढ़/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य के एमसीबी मनेंद्रगढ़ के वनमंडलाधिकारी मनीष कश्यप के द्वारा सिद्द बाबा मंदिर से अतिक्रमण हटाने के बाद अब लकड़ी तस्करों पर भी लगातार ताबड़तोड़ कार्यवाही जारी है, कई दिनों से अवैध लकड़ी कटाई और लकड़ी तस्करी की सूचना मिल रही थी, आज सुबह ही डीएफ़ओ मनीष कश्यप को ग्राम उजियारपुर के कुछ स्थानीय घरों में बड़ी मात्रा में अवैध रूप से लकड़ी होने की सूचना मिली, मामले की गंभीरता को तत्काल संज्ञान में लेते हुए बिहारपुर और मनेंद्रगढ़ रेंज के स्टाफ की जॉइंट टीम तत्काल बनायी गई और संबंधित घरों में छापामार कार्यवाही हुई, जिसमें भारी मात्रा में लकड़ी बरामद हुई जप्त लकड़ी सागौन लगभग 2 घनमीटर है व सभी लकड़ी फर्नीचर मार्ट में उपयोग के लिए था ग्राम पंचायत उजियारपुर के फर्नीचर कांट्रेक्टर के घर पर छापा मारी कर तत्काल कार्यवाही की गई इस पूरे मामले में तीन से चार घरों में ताबड़तोड़ कार्यवाही हुई जिसमे कई इमारती लकड़ी समेत सागौन के बल्ली भी भरी मात्रा में मिली और लकड़ी काटने वाला आरा भी मिला आगे की कार्यवाही जारी है और जल्द ही आरोपियों को सलाखों के पीछे भेजा जाएगा और कई फर्नीचर मार्ट भी सील किया जाएगा जिले में एक बड़ा रैकेट का भांडाफोड़ हुआ है, काग़ज़ी कार्यवाही और जाँच के बाद और भी आरोपियों की पहचान होंगी। वन मंडल अधिकारी मनीष कश्यप एमसीबी ने कहा कि उक्त कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी।

पीड़ित को 4 लाख की सहायता

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। जिले के कलेक्टर ने तहसील मैनपाट के हर्रामार निवासी विकास माझी की बांध के पानी में डूबने से मृत्यु होने पर उनके निकटतम वारिस जगनन्दन को 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। इस राशि की मंजूरी राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 6-4 संशोधित के प्रावधानों के तहत प्राकृतिक आपदा राहत के अंतर्गत दी गई।

विश्व ओलम्पिक दिवस 23 को, होगी दौड़

जांजगीर/नवप्रदेश। ओलम्पिक संघ जांजगीर चाम्पा की बैठक 17 जून को नेताजी चौक स्थित सुलतानियाँ चेम्बर में आयोजित की गई। जिसमें सर्वसम्मति से आगामी 23 जून को विश्व ओलम्पिक दिवस के अवसर पर नेताजी सुभाष चन्द्र चोक जांजगीर से केरा रोड हॉकी चर्च मैदान तक मैराथन दौड़ का आयोजन किया जाएगा। जिसमे प्रथम स्थान से दसवे स्थान अर्जित करने वाले महिला/पुरूष धावकों को प्रमाण पत्र एवं स्पेशल गिफ्ट प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा, साथ ही सभी खेलो के वरिष्ठ एवं वर्तमान में उत्कृष्ट सेवा करने वाले कोच एवं खिलाड़ियों का भी सम्मान किए जाने का निर्णय लिया गया। बैठक में प्रमुख रूप से युवा समाजसेवी कार्यकारिणी अध्यक्ष जिला ओलंपिक संघ अमर सुलतानियाँ, संयोजक गोपेश्वर कहरा, अध्यक्ष हितेश यादव, सचिव जितेंद्र तिवारी, संयुक्त सचिव वरुण पाण्डेय, कोषाध्यक्ष नरेन्द्र राठौर सहित नेटबॉल संघ के राजेश राठौर, कराटे संघ के रूखमणी रानू, फेंसिंग संघ के खोलबहरा बरेठ, हैमरबॉल से अखिलेश आदित्य,राजीव सिंह, रमेश सोनवानी, बैडमिंटन संघ बृजेश अग्रवाल, फुटबॉल अमितेश राठौर, एथलेटिक्स धर्मेंद्र यादव, बास्केटबॉल सुनील साहू, हैंडबॉल गौरव कुमार, बॉलीबाल भीम प्रसाद श्रीवास,दीपक यादव, हैंडबाल अशोक साहू, एन सी सी दिनेश चतुर्वेदी, विक्की सिंह,राम कुमार सहित विभिन्न खेल संघो के पदाधिकारि एवं कोच उपस्थित थे।

10 लाख का नशीला इंजेक्शन जप्त

मेडिकल दुकान की आड़ में नशे का कारोबार कर रहा था, सरगुजा पुलिस की कार्रवाई

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। बीते दिनों करीब 10 लाख रुपए का अवैध नशीली इंजेक्शन के जखीरे के साथ गिरफ्तार हुए आरोपी द्वारा पुलिस टीम को पूछताछ में अपने साथी के बारे में जानकारी दी तो त्वरित हरकत में आई टीम द्वारा मामले में सह आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त किया है।

उक्ताशय पर बताया गया है कि मामले में पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार आरोपी पंकजधर दुबे से जप्त प्रतिबंधित नशीला इंजेक्शन के सम्बन्ध मे विस्तृत पूछताछ एवं माल सप्लाईकर्ता के बारे मे पूछताछ किया गया, जो आरोपी द्वारा बताया गया कि पिछले वर्ष आरोपी का भाई नवलेशधर दुबे थाना गांधीनगर से नशीले इंजेक्शन के परिवहन के प्रकरण में गिरफ्तार हुआ था जो उक्त प्रकरण में माल सप्लाईकर्ता संतोष कुमार ज्योति मेडिकल दुकान संचालक चंदवा लातेहार झारखण्ड से उसका परिचय उक्त प्रकरण में अम्बिकापुर आने जाने के दौरान हुआ, जिसके बाद वह अम्बिकापुर में नशीले इंजेक्शन की बिक्री हेतु सह आरोपी माल सप्लाईकर्ता संतोष कुमार के खाता में अपने खाता से रूपये ट्रांसफर कर नशीले इंजेक्शन को अम्बिकापुर लाकर खपाता था। आरोपी पंकजघर दुबे के मोबाइल का अवलोकन करने पर उसके मोबाइल में आरोपी संतोष कुमार से नशे के इंजेक्शन के संबंध में व्हॉटसप पर बातचीत होने संबंधी साक्ष्य प्राप्त हुए तथा आरोपी पंकजधर दुबे के खाता से लाखों रूपये आरोपी संतोष कुमार के खाता में ट्रांसफर होना पाया गया। प्रकरण सदर मे शामिल आरोपी संतोष कुमार पूर्व में थाना गांधीनगर के अपराध क्रमांक 01/2023 धारा 22 सी एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत गिरफ्तार किया गया था जो वर्तमान में जमानत पर था, जमानत पश्चात् पुनःआरोपी द्वारा नशीले इंजेक्शन को मेडिकल दुकान की आड़ मे बिक्री कर अवैध लाभ अर्जित किये जाने का साक्ष्य प्राप्त होने पर आरोपी संतोष कुमार के सम्बन्ध मे तकनिकी जानकारी प्राप्त कर मामले के आरोपी की घेराबंदी कर पकड़कर पूछताछ किया गया जो आरोपी द्वारा अपना नाम संतोष कुमार आत्मज कैलाश महतो उम्र 49 वर्ष निवासी रजडेरवा ड़ाल्टेनगंज जिला पलामु झारखण्ड का होना बताया आरोपी का मेडिकल दुकान ज्योति मेडिकल हाल चंदवा लातेहार का संचालक होना बताया, आरोपी से घटना के सम्बन्ध मे पूछताछ किये जाने पर मेडिकल दुकान की आड़ मे नशीला इंजेक्शन सप्लाई कर तस्करी मे शामिल होकर अपराध घटित किया जाना स्वीकार किया गया, आरोपी के विरुद्ध अपराध सबूत पाये जाने से थाना गांधीनगर मे अपराध क्रमांक 364/24 धारा 22 (सी) एन.डी.पी.एस. एक्ट के तहत आरोपी कों गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा मे भेजा गया हैं। सम्पूर्ण कार्यवाही मे थाना प्रभारी गांधीनगर निरीक्षक प्रदीप जायसवाल, आरक्षक अतुल सिंह, मनीष सिंह, उमाशंकर साहू, ऋषभ सिंह

अधेड़ महिला की गला रेतकर हत्या

- **पुलिया किनारे मिली खून से सनी लाश**

पेण्ड्रा/नवप्रदेश। गौरेला में 55 साल की महिला की धारदार हथियार से गला काटकर हत्या कर दी गई। घटना गौरेला थाना क्षेत्र के भस्कुरा गांव की है। महिला का नाम मुन्नी बाई बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार महिला बुधवार की शाम घर से कोटवार से मिलने के लिए निकली थी।

गांव में पुलिया के किनारे महिला की खून से लथपथ लाश मिलने से सनसनी फैल गई। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। किसी धारदार हथियार से महिला का गला काटा गया है। फिलहाल, पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। महिला गौरेला थाना क्षेत्र के भस्कुरा गांव के चिकनीटोला में रहती थी। 55 साल की विधवा मुन्नी बाई बुधवार (19 जून) की शाम को करीब पांच बजे गांव के कोटवार से किसी काम से मिलने के लिए निकली थी। इसके बाद वह वापस नहीं लौटी। उधर गांव वालों ने सड़क किनारे पुलिया के पास एक महिला की लाश मिलने की सूचना पुलिस को दी। गौरेला पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और महिला की शिनाख्त मुन्नी बाई के रूप में की गई। एसडीओपी श्याम सिदार ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि महिला के गले और शरीर के अन्य जगहों पर धारदार हथियार से चोट के निशान हैं। महिला की कॉल डिटेल निकाली जा रही है। आरोपियों की तलाश में पुलिस जुटी हुई है। जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी कर ली जाएगी।

अमृत सरोवर स्थलों पर होगा सामूहिक योगाभ्यास : सीईओ

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। कल 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिले के 119 ग्राम पंचायतों में बनाए गए सभी अमृत सरोवर पर ग्रामीणों द्वारा योगाभ्यास किया जाएगा। विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी अमृत सरोवरों पर योग दिवस मनाया जाएगा जिसमें सभी की भागीदारी होगी, योग एक प्रकार व्यायाम है जिसके नियमित अभ्यास से सभी शारीरिक तथा मानसिक रूप से स्वस्थ्य रहते हैं।

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी नूतन कुमार कंवर ने बताया कि अमृत सरोवरों पर योग दिवस आयोजित किए जाने हेतु शासन से विस्तृत दिशा निर्देश प्राप्त हुए हैं जिसके पालन हेतु सभी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायतों को निर्देश जारी किए गए हैं। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, शासकीय कर्मचारी, ग्रामीणों और मनरेगा के पंजीकृत श्रमिकों के साथ अमृत सरोवरों पर योग के सामान्य आसन, प्राणायम एवं ध्यान आदि क्रियाओं का अभ्यास किया जाएगा। योग को अपनाने हेतु तथा उसके लाभ से शरीर को निरोगी बनाने के लिए लोगों को जागरूक किया जाएगा। योग का मूल उद्देश्य आमजनों को योग अपने जीवन में अपनाने एवं स्वस्थ्य जीवन शैली के लिए प्रेरित करना हैं जिससे सभी मानसिक एवं

शैक्षिक समन्वयकों को 3 घंटे खड़े रहने की सजा, शिक्षकों में आक्रोश

जांजगीर/नवप्रदेश। अक्सर स्कूलों में छात्र-छात्राओं द्वारा गलती किए जाने पर क्लास रूम में कुछ घंटे खड़ा कर सजा देने की खबर आपने जरूर सुनी होगी, मगर यदि यह सजा बच्चो के बजाए उनके भविष्य गढ़ने वाले शिक्षक को दी जाए तो इसे आप इसे क्या कहेंगे। प्रशिक्षण के दौरान एक शिक्षक को अपने दूसरे साथी को बैठने के लिए जगह देना इतना महंगा पड़ गया कि उसे अपने शिक्षक साथियों के सामने सभाकक्ष में 3 से 4 घंटों तक खड़ा रहना पड़ गया। उसे कलेक्टर ने पुरे प्रशिक्षण के दौरान पीछे खड़े रहने की सजा दे डाली, कलेक्टर की इस कार्रवाई से शिक्षक स्वयं को लज्जित महसूस करते हुए अपने शिक्षक साथियों के सामने सभाकक्ष में 3 से 4 घंटो तक खड़ा रहा। इतना ही नहीं प्रशिक्षण खत्म होते ही विभाग के जिम्मेदार अधिकारियो ने उसे पद से पृथक भी कर दिया। कलेक्टर द्वारा इस तरह की गई कार्रवाई को लेकर शिक्षकों में आक्रोश है और उन्होंने अब आगे उग्र आंदोलन की चेतावनी भी दी है। दरअसल 7 जून कलेक्टर आकाश छिकारा नेनवागढ़ विकासखंड के सभाकक्ष में विकासखंड शिक्षा अधिकारी, प्राचार्यो तथा सहायक विकासखण्ड शिक्षा अधिकारियों, विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयकों की बैठक ली। प्रशिक्षण में कचंदा के शैक्षिक संकुल समन्वयक शिव कुमार साहू भी शामिल हुए। प्रशिक्षण में अधिकारी उपस्थित शिक्षकों को सम्बोधित कर रहे थे, इसी बीच पामगढ़ ब्लॉक के एक शिक्षक शिव कुमार के पहुँचे और उनसे बैठने के लिए जगह मांगी, दोनों के बीच चल रही बातचीत पर प्रशिक्षण में उपस्थित कलेक्टर आकाश छिकारा की नजर पड़ी और कलेक्टर ने शैक्षिक संकुल समन्वयक को प्रशिक्षण के दौरान बातचीत करने व अनुशासनहीनता का आरोप लगाते हुए जमकर फटकार लगाई। साथ ही सजा के तौर पर उसे अपने पीछे प्रशिक्षण खत्म होने तक खड़े रहने की सजा भी दी। कलेक्टर के निर्देश के बाद शैक्षिक संकुल समन्वयक शिव कुमार साहू प्रशिक्षण में उपस्थित अधिकारियो व सभाकक्ष में उपस्थित सभी शिक्षकों के सामने 3-4 घंटो तक खड़े रहे।

तीर्थयात्रियों को हरी झंडी दिखाकर विधायक पोर्ते ने किया रवाना

सूरजपपुर/नवप्रदेश। प्रतापपुर विधायक शकुंतला पोर्ते क्षेत्र में लगातार सक्रिय भूमिका में नजर आ रही है।इसी कड़ी में आज उन्होंने प्रतापपुर से अयोध्या रामलला दर्शन हेतु दर्शनार्थियों के बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दरम्यान उन्होंने सभी को मंगलमय यात्रा के लिए शुभकामनाएं दीं। इसके उपरांत स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लेने के लिए औचक निरीक्षण पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रतापपुर पहुंची। यहां पर सभी सुविधाओं का जायजा लेकर उपचार कराने पहुंचे लोगों से संवाद कर उनसे व्यवस्था को लेकर चर्चा किया। इसके उपरांत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रेवटी का भी औचक निरक्षण किया और अधिकारियों व कर्मचारियों से चर्चा कर गतिविधियों पर जानकारी लिया।

डांडकरवा में संचालित तहसील न्यायालय विवाद के निराकरण के निर्देश

बीते दिनों डांडकरवा में विद्यालय भवन में संचालित तहसील न्यायलय से परेशानी को लेकर स्थानीय ग्रामीणों व छात्रों ने आक्रोश जाहिर किया था। इस अहम मसले को त्वरित संज्ञान में लेकर प्रतापपुर विधायक शकुंतला पोर्ते ने आज डांड़करवा पहुंच कर गतिविधियों से अवगत होकर अन्यत्र भवन में स्थांतरित करने का निर्देश अधिकारियों को निर्देश दिया है।

निर्माण कार्य का लिया जाएजा

क्षेत्र निरीक्षण के क्रम में प्रतापपुर विधायक शकुंतला पोर्ते ने आज सुखनईया स्टॉप डेम के निर्माण कार्य स्थल पर पहुंचकर निर्माण कार्य का जायजा लिया और संबंधित अधिकारी एवं पदाधिकारीगण से निर्माण कार्य की प्रगति से संबंधित गतिविधियों की जानकारी लेकर गुणवत्ता पूर्ण कार्य को पूर्ण करने का निर्देश दिया है।

नारी निकेतन ने कराई महिला की घर वापसी

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। महिला बाल विकास विभाग सरगुजा के द्वारा संचालित नारी निकेतन अम्बिकापुर में विगत चार वर्षो से निवासरत महिला सुमेलिया को ग्राम भण्डारदेई, खड़गवां जिला-एमसीबी में पुनर्वास किया गया। उक्त महिला मानसिक रूप से बीमार होने के कारण घर से बिना किसी को बताए 6 वर्ष पूर्व निकल गई थी, जिन्हें उज्जवला गृह जिला कोरिया द्वारा 2021 में नारी निकेतन लाया गया। संस्था द्वारा उक्त महिला के राज्य मानसिक चिकित्सालय सेंदरी से 1 वर्ष उपचार कराया गया, उपचार उपरान्त वह अपना घर का पता बताने में सक्षम हो पाई। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के सहयोग से उक्त महिला के घर का पता चल पाया। उनके माता-पिता से संपर्क करने पर उन्होने स्वयं नारी निकेतन आकर अपनी बेटी को ले जाने की मंशा व्यक्त की। 19 जून 2024 को सुमेलिया के घर वाले 6 वर्ष बाद अपनी बेटी से मिलकर भावुक हो गये। उन्होंने बताया कि वे काफी समय से इसकी तलाश कर रहे थे।इस प्रकार नारी निकेतन के माध्यम से सुमेलिया को फिर से उसका घर मिल पाया।

रेत खनन व परिवहन धड़ल्ले से

इधर प्रशासनिक अमला उदासीन

सूरजपुर/नवप्रदेश। एक तरफ मत्स्याखेट सहित नदियों से रेत उत्खनन पर सख्त पाबंदी के निर्देश शासन द्वारा जारी किया गया है। वहीं दूसरी तरफ अवैध रेत उत्खनन पर रोक लगाने में जिम्मेदार विभाग के अधिकारी नाकाम साबित हो रहे हैं। हर दिन जिला मुख्यालय से लेकर प्रमुख मार्गो से जिले से अम्बिकापुर शहर में हर दिन धड़ल्ले से वाहनों में लोड रेत भर कर सैकड़ों ट्रिप आवाजाही करते हुए देखकर सहज ही कहा जा सकता है कि रेत माफिया अधिकारियों को खुली चुनौती देते हुए अवैध उत्खनन और परिवहन कर रहे हैं। इससे शासन को लाखों रुपए के राजस्व का नुकसान उठाना पड़ रहा है। जिम्मेदार विभाग के अधिकारी केवल रेत माफियाओ पर कार्रवाई करने की बात करते हैं और छोटी मोटी कारवाई कर अपना पल्ला झाड़ लेते हैं। अधिकारियों की कार्रवाई केवल दिखावे के लिए होती है। खनिज विभाग और राजस्व विभाग के अधिकारी अपनी पीठ थपथपाने के लिए कभी कभार जप्ती की कार्रवाई करते हैं। रेत उत्खनन में लगे वाहनों पर सख्त कार्रवाई नही होने से रेत माफियाओं के हौसले बुलंद हैं। अधिकारियों की उदासीनता के कारण रेत का अवैध कारोबार फल फूल रहा है। जब तक रेत माफियाओं पर लगातार कार्रवाई नही होगी तब तक रेत के अवैध उत्खनन पर रोक नहीं लग पाएगी। नगर के भोगहापारा रेत घाट में हो रही रेत चोरी को रोकने के लिए खनिज विभाग और राजस्व विभाग के पास कोई पुख्ता इंतजाम नहीं है। जिसका फायदा उठा कर रेत चोरी में लगे रेत माफिया शासन को लाखों रुपए राजस्व की क्षति पहुंचा रहे हैं। यदि समय रहते रेत माफियाओं पर अंकुश नहीं लगाया गया तो बड़े बड़े गड्ढे बन जाएंगे और नदियों के पारिस्थिति की तंत्र भी प्रभावित हो जाएगा।

जागरूकता | सिकलसेल की स्क्रीनिंग व जागरूकता के लिए कलेक्टर और जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में कार्यक्रम का आयोजन

सिकलसेल से पीड़ित लोगों को पहचान कार्ड वितरित

सक्ती/नवप्रदेश। विश्व सिकल सेल दिवस पर कलेक्टर अमृत विकास तोपनो और विभिन्न जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में आज कलेक्ट्रेट परिसर सभाकक्ष में सिकल सेल की स्क्रीनिंग एवं जागरूकता हेतु जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। जनप्रतिनिधियों एवं कलेक्टर श्री तोपनो ने सिकल सेल रोग के पहचान, निदान एवं रोकथाम के लिए जन जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर कलेक्ट्रेट परिसर से रवाना किया। जिला स्तरीय कार्यक्रम में रैनखोल निवासी आदिवासी अमित राय, धनी राय, जय सिंह और बीरबल सहित अन्य विभिन्न हितग्राहियों को सिकल सेल पहचान कार्ड वितरित किया गया द्य कार्यक्रम का आयोजन जिला स्वास्थ्य विभाग और आदिवासी विकास विभाग द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

विश्व सिकल सेल दिवस पर कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री तोपनो ने कहा कि सिकल सेल रोग के लक्षण, जांच एवं उपचार के लिए भारत सरकार के निर्देशानुसार सिकल सेल दिवस मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सिकल सेल की जांच के लिए जिले में ज्यादा से ज्यादा लोगों को प्रेरित करें। उन्होने सिकल सेल के रोग के लक्षण के बारे में जानकारी दी और लक्षण होने की स्थिति में स्वास्थ्य केंद्र में निःशुल्क जांच कराने जिलेवासियों से आग्रह किया। इसी प्रकार कार्यक्रम में जनपद पंचायत अध्यक्ष राजेश राठौर ने सभी लोंगों को सिकल सेल से बचाव और रोकथाम के लिए जाँच कराने और दूसरों को भी प्रेरित करने कहा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सूरज सिंह राठौर ने बताया की सक्ती जिले में अब सिकल सेल की दवाए उपलब्ध है। उन्होंने बताया की सिकल सेल एनीमिया एक अनुवांशिक बीमारी है, जो की पीढ़ी दर पीढ़ी विस्तारित होती है। उन्होंने बताया की सिकल सेल का अर्थ है हंसिया कार रेड ब्लड सेल द्य हंसियाकार रेड ब्लड सेल महीन रक्त कोशिकाओं को बाधित कर देता है, जिससे सिकल सेल मरीज के तिल्ली में सुजन, तेज दर्द, कोहनी घुटने में दर्द, तेज बुखार के लक्षण आते है। इस बीमारी के रोकथाम हेतु आवश्यक है- जेनेटिक सलाह इसकी मदद से इस बीमारी विस्तार पर अंकुश लगाया जा सकता है द्य विवाह पूर्व अपना सिकल सेल जेनेटिक सलाह नजदीकी सिकल सेल जांच एवं परामर्श केंद्र में अवश्य कराए द्य उन्होंने बताया कि सीएचसी सक्ती में सिकल सेल जांच एवं परामर्श केंद्र के साथ-साथ रक्त संग्रहण केंद्र संचालित है। जिसका लाभ जिले के नागरिक ले सकते है द्य इसके साथ ही आज कलेक्ट्रेट परिसर में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा सिकल सेल का जाँच भी किया गया। विश्व सिकल सेल दिवस पर लोगों को बताया गया कि हीमोग्लोबिन हमारे शरीर में सभी कोशिकाओं तक पर्याप्त ऑक्सीजन पहुंचाने का काम करता है लेकिन सिकल रोग में यह काम बाधित हो जाता है। यह एक अनुवांसिक रोग है। भूख न लगना, हल्का एवं दीर्घ कालीन बुखार रहना, थकावट, त्वचा एवं आंखों मे पीलापन (पीलिया), बार बार पेशाब आना व मूत्र में गाढ़ापन, तिल्ली में सूजन, चिड़चिड़ापन और व्यवहार में बदलाव, वजन और उंचाई सामान्य से कम, हांथ-पैरों में सूजन, सांस लेने में तकलीफ, हड्डियों और पसलियों में दर्द होना इस रोग का लक्षण है। यदि उक्त लक्षण है तो स्वास्थ्य केंदों में निःशुल्क जांच कराएं, इसके साथ ही पानी अधिक मात्रा में पिए, दैनिक आहार कि आदतों में संशोधन करे, शांत चित्त रहे एवं आराम करें, अत्यधिक तापमान से बचे, संक्रमण से बचें, नियमित जांच कराएं, नियमित योग करें, विवाह पूर्व सिकल सेल जांच कराएं।

■ न्यूज गैलरी

आपदा पीड़ित परिवार को मिली 4 लाख की आर्थिक मदद

बलौदाबाजार-भाटापारा/नवप्रदेश। प्राकृतिक आपदा से पीड़ित एक परिवार के लिए 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। कलेक्टर दीपक सोनी ने राजस्व पुस्तक परिपत्र की धारा 6-4 के तहत 18 जून 2024 को ये स्वीकृतियां प्रदान की हैं। जिला कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार लाभान्वित हितग्राही में कमला बाई पति रमेश कुमार भोजवानी, निवासी 126 बिहाईड रेल्वे स्टेशन वार्ड भाटापारा, तहसील भाटापारा शामिल है। हितग्राही के निकट परिजन के नदी के पानी मे डूबने से मौत हो गई थी। कलेक्टर ने संबंधित तहसीलदारों को आरटीजीएस के जरिये पीड़ित लोगों के खाते में राशि जमा करने के निर्देश दिये हैं।

योग दिवस के प्रभारी कैबिनेट मंत्री लखन लाल देवांगन होंगे मुख्य अतिथि

कवर्धा/नवप्रदेश। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर पीजी कॉलेज मैदान के डोम में होने वाले जिला स्तरीय कार्यक्रम की तैयारियां शुरू हो गई है। कलेक्टर जनमेजय महोबे ने सम्बंधित जिला अधिकारियों के साथ बैठक कर तैयारी को शत-तिशत सुनिश्चित करनें के निर्देश दिए है। कलेक्टर श्री महोबे ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जिले के प्रभारी मंत्री एवं कैबिनेट मंत्री लखन लाल देवांगन मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कलेक्टर जनमेजय महोबे ने पेयजल, मेडिकल, जनरेटर, विघुत, पार्किंग, गद्दा, टाट पट्टी जैसे व्यवस्था को सुनिश्चित करने के निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दिए है। इसके लिए विभागवार जिम्मेदारी तय कर दी है। जिसमे मुख्य रूप से मंच एवं साउंड सिस्टम, पेयजल एवं साफ सफाई, पानी, योग प्रशिक्षण आयुष सहित समस्त व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है।

सांसद ने सिकल सेल जागरूकता रथ को दिखाई हरी झंडी

कवर्धा/नवप्रदेश। सांसद संतोष पाण्डेय ने पीजी कॉलेज के ऑडिटोरियम में आयोजित विश्व सिकल सेल दिवस पर सिकल सेल की स्क्रीनिंग और जागरूकता कार्यक्रम में शामिल होकर सिकल सेल जागरूकता रथ को रवाना किया और सिकल सेल से संबंधित प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुशीला भट्ट, जिला पंचायत सदस्य रामकुमार भट्ट, नितेश अग्रवाल, चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी सहित कलेक्टर जनमेजय महोबे, जिला पंचायत सीईओ संदीप कुमार अग्रवाल उपस्थित थे।

कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी समस्याएं

कवर्धा/नवप्रदेश। कलेक्टर जनमेजय महोबे ने बुधवार 19 जून को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित जनदर्शन कार्यक्रम में जिले के विभिन्न गांवों से पहुंचे नागरिकों, आमजनों से मुलाकात किया। उन्होंने मुलाकात कर उनकी मांगो एवं समस्याओं और शिकायत संबंधी आवेदनों का निराकरण करने संबंधित विभाग के अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिये। आज जनदर्शन में ग्राम बिपतरा के ग्रामीणों ने शासकीय भूमि पर अतिक्रमण हटाने आवेदन किया। कलेक्टर ने पिपरिया तहसीलदार को मौके पर जांच कर त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत रेंगाखार खुर्द के ग्रामीणों ने नलजल योजना से बने टंकी पाईप लाईन को चालू कराने के लिए आवेदन दिया। कलेक्टर ने पीएचई विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया। नगर पंचायत पांडातराई निवासी श्रीमती अनिता गुप्ता ने धोखाधड़ी से नक्शा काटने संबंधी आवेदन दिया। कलेक्टर ने संबंधित तहसीलदार को जांच कर आवश्यक कार्यवाही के लिए निर्देशित किया। इस प्रकार जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों पर कलेक्टर जनमेजय महोबे ने गंभीरतापूर्वक शीघ्र कार्यवाही करने के लिए ग्रामीणों को भरोसा दिलाया।

शिव साहू सहित 8 लोग रकम दोगुना और क्रिप्टो करंसी के नाम पर करते थे धोखाधड़ी

■ सरसींवा पुलिस ने पुलिस पर उठ रहे सवालों पर लगाया लगाम

सरसींवा/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक सारंगढ़-बिलाईगढ़ पुष्कर शर्मा ने सरसींवा थाना मे प्रेस कॉफ्रेंस कर बताया कि थाना सरसीवां के अपराध क्रमांक 131 / 2024 एवं 208 / 2024 के आरोपी शिवा साहू सहित 8 आरोपियों को सरसीवां पुलिस ने किया है। उनको क्रिप्टो करेंसी में निवेश कर रकम दोगुना करने के नाम पर लोगों से धोखाधड़ी की। आरोपियों से अब तक कुल 13,57,61,000 रुपए की संपत्ति को जप्त किया गया है। दोनों अपराध में अब तक 13 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इस संबंध प्रार्थी सौरभ अग्रवाल ने 9 मार्च 24 को थाना सरसीवां में शिवा साहू निवासी रायकोना एवं अन्य आरोपियों के विरूद्ध शेयर मार्केट एवं क्रिप्टो करेंसी में पैसा लगाने पर प्रति माह 30 प्रतिशत देने एवं 8 माह पूर्ण होने पर रकम दोगुना करने का लालच देकर 2 करोड़ की धोखाधड़ी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसी प्रकार प्रार्थी गिरवर निराला ने 10 मई 24 को शिवा साहू एवं अन्य आरोपियों के विरूद्ध रकम दोगुना करने का लालच देकर 26 लाख की धोखाधड़ी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इस पर थाना सरसीवां के द्वारा अपराध दर्ज कर विवेचना की जा रही थी। इसी तारतम्य में पूर्व में 5 आरोपियों वृन्दा साहू, टीकाराम साहू, मिथलेश साहू, संजय साहू और महेन्द्र कुमार साहू को गिरफ्तार किया था। बुधवार 19जून को उक्त दोनों प्रकरणों के 8 आरोपियों शिवा साहू, लक्ष्मीनारायण साहू, सूर्यकांत साहू, रमेश साहू, दिनेश उर्फ दीपक साहू, झगेश साहू, भागवत साहू और कृष्णकुमार निराला को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों से पूछताछ में उनके द्वारा क्रिप्टो करेंसी के नाम पर लोगों से पैसा लेकर रकम दोगुना करने का लालच देकर लोगों से मिले पैसे को ही रोटेट कर धोखाधड़ी की जा रही थी और लोगों से प्राप्त राशि से स्वयं के लिए संपत्ति का अर्जन किया जा रहा था । विवेचना के दौरान आरोपियों द्वारा विभिन्न बैंकों के अकाउंट में जमा किए गए। कुल राशि 6 करोड़ 40 लाख को फ्रीज/ होल्ड कराया गया है। इसके अतिरिक्त 30 एकड़ जमीन राशि 2 करोड़ 40 लाख एक मकान कुल कीमत 64 लाख वाहन 25 नग कुल कीमत करीबन 4 करोड़ 3 लाख नगद 01 लाख रुपए, सोने के आभूषण कीमत 7 लाख रूपये मोबाईल 10 नग कीमत 02 लाख 61 हजार रूपये इस प्रकार अब तक कुल 13,57,61000 की संपत्ति जप्त की गई है। आरोपियों के विरूद्ध कुल 15000 रुपए इनाम की घोषणा की थी। अब तक 24 आवेदनकर्ताओं द्वारा करीबन 4 करोड़ की धोखाधड़ी का आवेदन दिया है। आरोपियों की गिरफ्तारी में थाना प्रभारी सउनि टीकाराम खटकर , प्र 0 आर 0 फागू निराला , सुमत डहरिया , धनेश्वर उरांव , सायबर प्रभारी विक्कू ठाकुर , रायपुर की एसीसीयू की टीम एवं थाना सरसीवा सभी स्टॉफ का विशेष योगदान रहा। प्रेस कॉफ्रेंस के दौरान सरसींवा और सारंगढ़- बिलाईगढ़ जिला के पत्रकार उपस्थित थे।

टीआई की उपेक्षा

शिवा साहू का मामला सरसींवा पुलिस ने दर्ज किया गया था। उसे पकड़ने मे थाना प्रभारी टीकाराम खटकर का योगदान रहा। उनकी पूरी टीम का सहयोग रहा। प्रेस कान्फ्रेंस के दौरान एसपी और एसडीओपी प्रेस के सामने बात रख रहे थे, पर टीआई खटकर को जानबूझकर या अनजाने में उनकी उपेक्षा की गई। उसी के थाने में उन्हें चेयर नहीं दिया गया।

शराब पीकर आने वाला शिक्षक निलंबित

■ कलेक्टर ने की थी अनुशंसा

बलौदाबाजार-भाटापारा/नवप्रदेश। कल विभिन्न मीडिया एवं समाचार पत्रों के माध्यम से मिली जानकारी अनुसार वि.खं. बलौदाबाजार अंतर्गत ग्राम गिंदोला के शा.उ.मा.वि.में प्रभारी प्राचार्य के रूप पदस्थ परमेश्वर सिंह सेन (मूल पद व्याख्याता) को कलेक्टर दीपक सोनी की अनुशंसा पर तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबन की अवधि के दौरान इनका मुख्यालय कार्यालय डीईओ जिला बलौदाबाजार-भाटापारा निर्धारित किया गया है। साथ ही निलंबन अवधि में संबंधित को नियमानुसार केवल जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी। जिला शिक्षा अधिकारी जिला बलौदाबाजार- भाटापारा के पत्र क्रमांक/ शिकायत/ जांच/ निल. प्रस्ताव/4039, मंगलवार 18 जून के द्वारा प्राप्त प्रतिवेदन अनुसार परमेश्वर सिंह सेन, प्रभारी प्राचार्य (मूल पद व्याख्याता), शासकीय उच्चतर माध्यमकि विद्यालय, गिंदोला, वि.खं. बलौदाबाजार, जिला बलौदाबाजार- भाटापारा के विरूद्ध 18.जून 2024 को विद्यालय में शराब पीकर पड़े होने संबंधी वीडियो सहित प्राप्त शिकायत की विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, वि.खं. बलौदाबाजार द्वारा विद्यालय पहुंच कर जांच की गई।

विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, बलौदाबाजार के विद्यालय पहुंचने से पूर्व श्री सेन बिना किसी को सूचित किए अपनी बाइक एवं मोबाइल विद्यालय में छोड़कर ही चले गये। विद्यालय में उपस्थित ग्राम पंचायत गिंदोला के सरपंच, ग्रामवासियों सकुल शैक्षिक समन्वयक, विद्यालय में पदस्थ शिक्षकों, लिपिकों एवं सफाई कर्मचारी ने अपने लिखित बयान में परमेश्वर सिंह के द्वारा विद्यालय में अधिकांशतः शराब पीकर आने एवं अध्यापन कार्य नहीं करने का उल्लेख किया गया है। जिस आधार पर श्री सेन निलंबित करने की अनुशंसा की गई थी।

गौरतलब है की उक्त कार्रवाई छ.ग.सिविल सेवा (आचरण) नियम,1965 के नियम-3 के विपरीत है। अपील) नियम 1966 के नियम 9 के उपनियम (1) के तहत की गई है।

8 जुआरियों से 18870 नगद जप्त

बेमेतरा/नवप्रदेश। सायबर सेल बेमेतरा एवं पुलिस चौकी कंडरका की संयुक्त टीम को 16 जून को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम बेरलाकला के खारून नदी के पास में कुछ व्यक्तियो के द्वारा रूपये पैसे की दाव लगाकर ताश पत्ती से हार जीत का दाव लगाकर जुआ खेल रहें हैं। उक्त सूचना से वरिष्ट अधिकारी पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू, अति0पुलिस अधीक्षक बेमेतरा श्रीमति ज्योति सिंह, एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की को अवगत कराकर चौकी स्टाफ एवं सायबर सेल की संयुक्त टीम रवाना होकर ग्राम बेरलाकला खारून नदी के पास जाकर मौके पर घेराबंदी कर रेड कार्यवाही कर जुआड़ीयो अरूण कुमार साहू पिता पुनु राम साहू उम्र 36 वर्ष साकिन बाना थाना उरला जिला रायपुर, समद खान पिता जुबैर खान उम्र 25 वर्ष साकिन बेरलाकला चौकी कंडरका, जितेन्द्र निषाद पिता बिशेषर निषाद उम्र 32 वर्ष साकिन आमदी थाना अभनपुर जिला रायपुर हाल साकिन कारा थाना उरला जिला रायपुर, ललित कुमार साहू पिता नेहरू लाल साहू उम्र 21 वर्ष साकिन उरला थाना भिलाई 03 जिला दुर्ग, ठाकुर राम निषाद पिता अवध निषाद उम्र 28 वर्ष साकिन बेरलाकला चौकी कंडरका थाना बेरला, फिरोज खान पिता सैय्यद अख्तर उम्र 45 वर्ष साकिन संजय नगर रायपुर थाना टीकरापारा जिला रायपुर, राजकुमार निषाद पिता दुकलहा निषाद उम्र 30 वर्ष साकिन कारा थाना उरला जिला रायपुर, खिलेश निषाद पिता बोधी राम निषाद उम्र 33 वर्ष साकिन बेरलाकला चौकी कंडरका थाना बेरला को जुआ खेलते हुये रंगे हाथ पकड़ा गया, जिनके फड़ एवं पास से कुल नगदी रकम 18870 रूपये एवं 52 पत्ती ताश मुताबिक जप्ती पत्रक के गवाहो के समक्ष जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया।

नव निर्वाचित सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने निकाली खरोरा में आभार रैली

खरोरा/नवप्रदेश। रायपुर लोकसभा क्षेत्र के नव निर्वाचित सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने बुधवार 19 जून को नगर पंचायत खरोरा में आभार रैली किया।

राजधानी रायपुर के दक्षिण विधानसभा से विधायक व कैबिनेट मंत्री बृजमोहन अग्रवाल को रायपुर लोकसभा से प्रत्याशी बनाया था। इस सीट से बृजमोहन अग्रवाल ने 5 लाख 75 हजार वोटों से जीत दर्ज की। चुनाव जीतने के बाद बृजमोहन अग्रवाल मतदाताओं का आभार व्यक्त करने आभार रैली निकाली। रैली पंडित दिनदयाल उपाध्याय चौक, करियादामा चौक, कृष्णा चौक, नगर पंचायत कार्यालय, सोमवारी बाज़ार चौक, सुभाषचंद्र बोस चौक, केसला आदी कई जगहों पर भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान सांसद बृजमोहन अग्रवाल उनके साथ धरसीवा विधायक अनुज शर्मा, पूर्व विधायक देवजी भाई पटेल, भाजपा के वरिष्ठ नेता अशोक बजाज, लक्ष्मी वर्मा, भाजपा ज़िला अध्यक्ष श्याम नारंग, भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश मंत्री वेदराम मनहरे, नपं अध्यक्ष अनिल सोनी, ज़िला महामंत्री छोटे लाल सोनकर आदि मौजूद थे। रैली में तिल्दा जनपद पंचायत के उपाध्यक्ष टिकेश्वर मनहरे, राजीव अग्रवाल, भाजपा मंडल अध्यक्ष नरेन्द्र ठाकुर, शिवशंकर वर्मा, सुरज सोनी, अमीन खान, एकनाथ पाटिल, नवीन अग्रवाल, भरत पंसारी, विकास ठाकुर, दुलेश साहू, रमेश वर्मा, विनोद देवांगन, मिथलेश साहू, पुर्णेन्द्र नायक, पार्षद तोरण ठाकुर, रश्मि वर्मा, कांती सेन, पुर्णेन्द्र पाध्याय, पंचराम यादव, राहूल मरकाम, पुर्णिमा धनकर, घनश्याम चंद्राकर, सुनील नायक, योगेश चंद्राकर, भूपेन्द्र सेन, भूपिन्दर छाबड़ा, जितेंद्र वर्मा, दिपक धनकर, सुनील नायक, छगन यादव, गजेंद्र वर्मा, बिज्जू गुप्ता, परस नायक, सीटू भाटिया, लक्ष्मण देवांगन, शिवलाल देवांगन, मुलचंद देवांगन, मुकेश वर्मा, सुबोध सेन, दिलराज छाबड़ा, सुमीत सेन, हेमन्त देवांगन, मुकेश साहू, निहाल देवांगन, नोबेल देवांगन आदि उपस्थित थे।

बृजमोहन अग्रवाल को सब्ज़ियों से तौला गयाःआभार रैली के दौरान सांसद बृजमोहन अग्रावल का कई स्थानों पर लड्डुओं एवं फलों से तौलकर स्वागत किया। नगर पंचायत कार्यालय के पास नपं अध्यक्ष अनिल सोनी की अगुवाई में भाजपा कार्यकर्ताओं ने नव निर्वाचित सांसद बृजमोहन अग्रवाल को सब्ज़ियों से तौला गया। वहीं सब्ज़ियों को लोगों में बाँट दिया गया।

भाजपा नेता व्यवसायिक परिसर का ताला खुलवा कर दिलाएं हक

छुरिया(राजनांदगांव)/नवप्रदेश। सड़क चौड़ीकरण की चपेट में आनेवाले दुकानदारों को नगर पंचायत छुरिया ने व्यवसायिक परिसर का निर्माण कर प्रभावितों को उचित मूल्य पर दुकानें उपलब्ध कराई। पूर्व सांसद मधुसूदन की पहल पर सांसद अभिषेक सिंह ने छुरिया बंजारी रोड चौड़ीकरण में आए व्यापारियो के व्यस्थापन के लिए व्यवसायिक परिसर स्वीकृत कराया था। बाद में छत्तीसगढ़ में सरकार बदल गई। यहाँ सत्ता में कांग्रेस आ गई। जिले के कांग्रेस नेता नवाज खान पूर्व विधायक के प्रयास से नगर पंचायत ने व्यवसायिक परिसर का निर्माण कराया। इस निर्माण पर भ्रष्टाचार व गड़बड़ी का आरोप लगता रहा है। इसमें प्रभावितों की उपेक्षा कर रसूखदार लोगों को मुंह मांगी कीमत पर नियम विरुद्ध दुकान दी गई। उसके बाद लोगों के विरोध करने पर दुकानों में ताला लगा दिया गया। बंजारी रोड स्थित निर्मित 100 दुकानों का गलत आबंटन के खिलाफ न्यायालय का दरवाजा खटखटाया गया। जहां न्यायालय ने दुकान आबंटन को गलत पाया तत्काल गलत आंबटन पर रोक लगा कर मूल रुप से प्रभावित दूकानदारों को परीक्षण कराकर उन्हें दूकान आंबटन करने का आदेश दिया।

आईजी दीपक कुमार ने ली रेलवे सुरक्षा समिति की समीक्षा बैठक

राजनांदगांव/नवप्रदेश. राजनांदगांव रेंज आईजी दीपक कुमार झा द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय, राजनांदगांव के सभागार में रेलवे सुरक्षा समिति का समीक्षा बैठक लिया गया। जिसमें पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, आरपीएफ डोंगरगढ़ निरीक्षक प्रशांत अन्डक, जीआरपीएफ डोंगरगढ़ उप निरीक्षक हरिश शर्मा, सहायक उप निरीक्षक पुलिस चौकी प्रभारी (जीआरपी) राजनांदगांव मनोहर राव ठाकरे एवं थाना प्रभारी डोंगरगढ़ निरीक्षक सीआर चंद्रा, उप निरीक्षक थाना कोतवाली राजनांदगांव धनीराम नारंगे मौजूद रहें। राजनांदगांव रेंज आईजी दीपक कुमार झा ने कहा कि पटरी पर शव मिलने की स्थिति में किसी भी तरह के सीमा विवाद को समाप्त करने के लिए पुलिस को अहम निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा है कि पटरी पर शव की सूचना पर तैनात पुलिसकर्मी तत्काल आवश्यक बंदोबस्त करें। साथ ही जीआरपी व आरपीएफ के समन्वय से आगे की विधिक प्रक्रिया को पूरा कराया जाये। यह

सुनिश्चित किया जाये कि ऐसी किसी भी स्थिति में रेल का आवागमन बाधित न हो। सुरक्षा-व्यवस्था को लेकर अधिक सतर्कता बरते जाने की बात कही गई। रेल्वे स्टेशनों में मादक पदार्थो एवं मानव तस्करी रोकथाम हेतु जीआरपी, आरपीएफ एवं जिला बल के साथ संयुक्त टीम बनाकर कार्यवाही करें तथा रेल्वे कॉलोनियों एवं स्टेशन के आसपास असामाजिक तत्वों का जमावड़ा रहता हैं, जिससे अपराध घटित होने की प्रबल संभावना रहता है ऐसे क्षेत्र चिन्हांकित कर जिला पुलिस बल एवं रेल्वे पुलिस बल द्वारा संयुक्त रूप से असामाजिक तत्वों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जाये। प्लेसमेंट एजेंसियों द्वारा युवक-युवतियों को रेल्वे के माध्यम से नौकरी दिलाने मजदूरी के नाम से एवं अन्य कार्य हेतु बाहर ले जाते है।

कार से 45 लीटर शराब जप्त, दो आरोपी गिरफ्तार

बलौदाबाजार-भाटापारा/नवप्रदेश। बुधवार 19 जून को गस्त के दौरान बलौदाबाजार क्षेत्र के ग्राम नयापारा तिराहा में आरोपियों के टाटा नैनो कार क्रमांक सीजी 09 1029 की तलाशी लेने पर 5 खाकी रंग की पेटियों में रखे 50-50 नग प्रत्येक क्षमता 180 एम.एल. कुल मात्रा 45.00 लीटर विदेशी मदिरा व्हिस्की (मध्यप्रदेश निर्मित) आरोपियों से जप्त कर आबकारी विभाग द्वारा जब्त किया गया है। आरोपी रितेश कुमार वर्मा निवासी ग्राम लटुवा एवं सुशील कसेर निवासी लोहियानगर बलौदाबाजार के विरूद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 36, 34(2),59(क) का प्रकरण आबकारी वृत बलौदाबाजार में कायम कर विवेचना में लिया गया। कार्रवाई के दौरान आबकारी उपनिरीक्षक जलेश कुमार सिंह, आबकारी मुख्य आरक्षक सूर्यकांत वर्मा, लेखराम देशमुख, नगर सैनिक शीतल यादव, दुर्गा ध्रुव की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उक्त जानकारी जिला आबकारी अधिकारी एल.के.गायकवाड़ के द्वारा दी गई है। उन्होंने साथ ही कहा की आगे भी अवैध मदिरा परिवहन,धारण चौर्यनयन के विरूद्ध सख्त जारी रहेगी साथ आबकारी विभाग द्वारा अलग-अलग क्षेत्रों में लगातार गस्त एवं कार्यवाही की जा रही है।

जागरूकता | विधायक, कलेक्टर व एसपी की उपस्थिति में सिकल सेल की स्क्रीनिंग सहित अन्य कार्यक्रम हुए

विधायक की हरी झंडी के बाद सिकल सेल प्रचार वाहन रवाना

बेमेतरा/नवप्रदेश। जिला चिकित्सालय परिसर स्थित स्व. चेतन सिंह वर्मा 100 बिस्तर मातृ एवं शिशु अस्पताल में स्थानीय विधायक दिपेश साहू, कलेक्टर रणबीर शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू की उपस्थिति में जिला स्वास्थ्य समिति, महिला एवं बाल विकास और आदिवासी विकास विभाग द्वारा संयुक्त रूप से विश्व सिकल सेल की स्क्रीनिंग एवं जागरूकता हेतु कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर लोगों को सिकल सेल रोग के लक्षण, परामर्श, आहार प्रबंधन, क्या करें-क्या न करें से संबंधित पाम्पलेट वितरित किया गया। इस अवसर पर विधायक दीपेश साहू, कलेक्टर श्री शर्मा द्वारा भी सिकल सेल जांच करवाया जो की नेगेटिव निकला इसके साथ साथ सभी जनप्रतिनिधि, आये हुये नागरिक और अधिकारियों कर्मचारियों ने भी अपना अपना टेस्ट करवाया। कार्यक्रम के अंत में विधायक श्री दीपेश साहू, कलेक्टर रणबीर एवं पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने सिकल सेल रोग के पहचान, निदान एवं रोकथाम के लिए जन जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर जिला चिकित्सालय परिसर से रवाना किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ

टेकचंद अग्रवाल, अपर कलेक्टर डा.अनिल वाजपेयी सीएमएचओ सीएस चुरेंद्र, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक बसोड, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, लता बंजारे, सहित जिला स्तर के अधिकारी उपस्थित थे।

कार्यक्रम में विधायक दिपेश साहू ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए सिकल सेल बीमारी की गंभीरता से लेते हुए शतप्रतिशत जांच कराने के लिए क्षेत्र वासियों को संबोधित करते हुए अपील किया गया इसके साथ ही विकासखण्ड बेमेतरा एवं बेरला में सिकल सेल की धनात्मक मरीजों की संख्या पर चिंता व्यक्त किया गया।राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन के तहत वर्ष 2023 से 2026 तक शून्य से 40 वर्ष आयुवर्ग के सभी व्यक्तियों की सिकल सेल स्क्रीनिंग की जा रही है। उन्होंने कहा की इस पहचान पत्र से उन्हे सिकल सेल रोग का समुचित इलाज और विभिन्न योजनाओं का लाभ मिलेगा।

प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार वर्ष 2025 के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

कवर्धा/नवप्रदेश। देश के मेधावी बच्चों को सम्मानित करने के लिए भारत सरकार महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरुस्कार (पीएमआरबीपी) अंतर्गत युवा बहादुरो को उचित प्रोत्साहन देने के लिए उनके द्वारा बहादुरी, खेल, सामाजिक सेवा और विज्ञान व प्राद्यौगिकी, पर्यावरण, कला व संस्कृति व नवाचार के क्षेत्रों में असाधारण उपलब्धि हासिल करने वाले बच्चों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित करने के लिए आनलाईन आवेदन 31 जुलाई 2024 तक आमंत्रित किया है। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार वर्ष 2025 के लिए उक्त क्षेत्रों में असाधारण उपलब्धि हासिल करने वाले बच्चों का आनलाईन वेबसाइट ेजजचेरूध्ध्ूूूंतकेण्हवअण्पद पर 31 जुलाई 2024 तक आवेदन किया जाना है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार आवेदन करने के लिए पात्रता निर्धारित की गई है। जिसके अंतर्गत आवेदक को भारतीय नागरिक व भारत का निवासी होना अनिवार्य है। इसके अलावा संबंधित वर्ष के 31 जुलाई तक बच्चे की आयु 05 से 18 वर्ष तक होनी चाहिए। इसके साथ ही बच्चे के असाधारण उत्कृष्ट कार्य, घटना, उपलब्धि आवेदन की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2024 से विगत 02 वर्ष के अंतर्गत होना अनिवार्य है।

प्री. इंजीनियरिंग व प्री मेडिकल की कोचिंग के लिए आवेदन आमंत्रित

कवर्धा/नवप्रदेश। आदिमजाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा वर्ष 2024-25 में प्री. इंजीनियरिंग एवं प्री मेडिकल प्रवेश के लिए अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति वर्ग के कक्षा 12 वीं उत्तीर्ण, 100 अभ्यर्थी (64 अनुसूचित जनजाति, 36 अनुसूचित जाति), जो ड्राप लेकर इंजीनियरिंग एवं मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी करना चाहते हैं, ऐसे इच्छुक पात्र अभ्यर्थी 1 जुलाई को शाम 04 बजे तक जिला आदिवासी विकास विभाग कार्यालय कबीरधाम में आवेदन जमा कर सकते है।

भीषण गर्मी से तीन माह में ही एसी उद्योग में 50 प्रतिशत की वृद्धि

हवाई मार्ग से मंगाने पड़ रहे पुर्जे

नई दिल्ली। मजबूत मांग के बीच तांबे व एल्युमीनियम जैसी धातुओं की कीमतों में बढ़ोतरी के कारण कुछ कंपनियों ने एसी के दाम चार-पांच फीसदी तक बढ़ा दिए हैं। गोदरेज अप्लायंसेस बिजनेस के प्रमुख एवं कार्यकारी उपाध्यक्ष कमल नंदी ने कहा, तांबे और एल्युमीनियम की कीमतों में 20 फीसदी की तेजी आई है।

देश के अधिकांश हिस्सों में भीषण गर्मी के कारण एयर कंडीशनर (एसी) की बिक्री रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई है। मांग में आई तेजी को पूरा करने के लिए एसी निर्माता कंपनियों को कम्प्रेसर, क्रॉस फ्लो पंखे/मोटर और पीसीबी सर्किट जैसे कलपुर्जे विदेश से हवाई मार्ग से मंगाने पड़ रहे हैं।डाइकिन एयरकंडिशनिंग इंडिया के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) कंवलजीत जावा ने कहा, भीषण गर्मी के कारण पिछले तीन महीनों में घरेलू एसी उद्योग में करीब 50 फीसदी की वृद्धि देखी गई है। यह उम्मीद से कहीं अधिक है। यह उद्योग के लिए निश्चित रूप से बहुत ही उत्साहपूर्ण स्थिति है। हालांकि, एसी की बढ़ी मांग की तुलना में कंपनियों को कलपुर्जों की कमी का सामना करना पड़ रहा है।जावा ने कहा, इस कमी को पूरा करने के साथ अपनी उत्पादन और आपूर्ति श्रृंखला को बरकरार रखने के लिए एसी निर्माता कंपनियों को चीन, ताइवान, थाईलैंड, जापान और मलयेशिया जैसे देशों के वैश्विक आपूर्तिकर्ताओं से कलपुर्जों को आपातकालीन स्थिति में हवाई मार्ग से मंगाना पड़ रहा है।?पारंपरिक समुद्री मार्ग से माल ढुलाई में आमतौर पर अधिक समय लगता है। कन्ज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स एवं एप्लायंसेज मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (सीईएएमए) का अनुमान है कि भीषण गर्मी के कारण इस साल एसी की बिक्री 1.4 करोड़ इकाई के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच सकती है। संगठन के अध्यक्ष सुनील वाचानी ने कहा, बढ़ते तापमान और गर्म हवाओं ने अब शहरी क्षेत्रों में घरेलू एसी

को अनिवार्य जरूरत बना दिया है। भारतीय रिहायशी एयर कंडीशनर की बिक्री बढ़कर करीब एक से 1.11 करोड़ इकाई तक पहुंचने की उम्मीद है। ब्लू स्टार के प्रबंध निदेशक बी त्यागराजन ने कहा, उद्योग 25-30 फीसदी तक की वृद्धि के लिए तैयार है। किसी ने भी मांग में 70-80 फीसदी वृद्धि की उम्मीद नहीं की थी। उन्होंने कहा, जितना एसी एक साल में बिकता है, इस सीजन में उतनी बिक्री तीन महीने में ही हो गई। एसी की बिक्री में मार्च में 40 फीसदी, अप्रैल में 80 फीसदी और मई में 70 फीसदी की वृद्धि रही।

पांच फीसदी तक बढ़े दाम

मजबूत मांग के बीच तांबे व एल्युमीनियम जैसी धातुओं की कीमतों में बढ़ोतरी के कारण कुछ कंपनियों ने एसी के दाम चार-पांच फीसदी तक बढ़ा दिए हैं। गोदरेज अप्लायंसेस बिजनेस के प्रमुख एवं कार्यकारी उपाध्यक्ष कमल नंदी ने कहा, तांबे और एल्युमीनियम की कीमतों में 20 फीसदी की तेजी आई है।

इंस्टॉलेशन में अधिक समय

एसी कंपनियों ने कहा, उद्योग के पास ऐसे कलपुर्जों का पर्याप्त भंडार नहीं है क्योंकि भारत में उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के तहत एक पारिस्थितिकी तंत्र अब भी बनने की प्रक्रिया में है। इसका असर एसी उत्पादन पर पड़ रहा है। मांग के अनुरूप स्टॉक नहीं होने के कारण कई स्थानों पर एसी इंस्टॉलेशन में एक सप्ताह या उससे अधिक समय लग रहा है।

इनकम टैक्स छूट की सीमा बढ़ा सकती है मोदी सरकार

10 लाख तक की आय पर टैक्स छूट की उम्मीद

नई दिल्ली। चुनावी साल होने के चलते वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 1 फरवरी को FY 2025 के लिए अंतरिम बजट पेश किया था। नरेंद्र मोदी सरकार वित्त वर्ष 2024-25 का पूर्ण बजट जुलाई के तीसरे सप्ताह में पेश कर सकती है। ऐसे में मिडिल क्लास और टैक्सपेयर्स को राहत मिलने की उम्मीद है। रॉयटर्स के मुताबिक, मोदी 3.0 अपने पहले बजट में ?10 लाख सालाना कमाने वाले लोगों के लिए इनकम टैक्स की दरों में कटौती करने पर विचार कर रही है।इसके अलावा सरकार इनकम टैक्स स्लैब में बदलाव करने की प्लानिंग कर रही है। चुनावी साल होने के चलते वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 1 फरवरी को स्न्ड्ड 2025 के लिए अंतरिम बजट पेश किया था। तब

वित्त मंत्री ने इनकम टैक्स से जुड़ी कोई बड़ी घोषणा नहीं की था।बजट में सरकार यह राहत एक खास सैलरी वर्ग और मिडिल क्लास को दे सकती है। वहीं, मनीकंट्रोल ने सरकारी सूत्रों के हवाले से बताया कि सरकार बजट में इनकम टैक्स छूट की सीमा को ?3 लाख से बढ़ाकर ?5 लाख कर सकती है। यह बदलाव केवल नई टैक्स रिजीम के तहत रिटर्न फाइल करने वालों पर लागू होगा।

मान लीजिए, किसी की सालाना इनकम 5 लाख रुपए है। नई टैक्स रिजीम में 3 लाख रुपए तक की आय टैक्स फ्री है। ऐसे में बचे हुए 2 लाख रुपए पर उस व्यक्ति पर 5त्न के हिसाब से टैक्स की देनदारी बनेगी। यानी, उसे 10,000 रुपए टैक्स चुकाना होगा। हालांकि, इस रिजीम में सरकार 7.5 लाख तक की इनकम पर टैक्स को सेक्शन 87 के तहत माफ कर देती है। इसमें भी एक पेंच है। अगर आप सैलरीड है और आपकी कमाई 7.5 लाख रुपए से एक रुपए भी ज्यादा हुई तो आपको एक रुपए पर नहीं बल्कि 4,50,001 रुपए पर टैक्स चुकाना होगा।

ईएसआईसी से अप्रैल में जुड़े 16.47 लाख नए कर्मी, 7.84 लाख युवाओं को मिला अवसर

नई दिल्ली। देश में हाल ही में 16 लाख से अधिक लोगों को रोजगार मिला है। रोजगार पाने वालों में बड़ी संख्या में युवा शामिल हैं। इसमें महिलाओं की भागीदारी भी अच्छी खासी है। केंद्रीय श्रम और रोजगार मंत्रालय के मुताबिक इसी साल अप्रैल में 16 लाख से ज्यादा नए कर्मचारी जुड़े हैं। यह जानकारी कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) के अनंतिम पे-रोल डेटा से पता चला है।

मंत्रालय के मुताबिक ईएसआईसी का पे-रोल का डेटा बताता है कि अप्रैल 2024 में कुल 16.47 लाख नए कर्मचारी जोड़े गए हैं। केंद्रीय श्रम और रोजगार मंत्रालय ने बुधवार को जानकारी देते हुए बताया कि अप्रैल 2024 में कर्मचारी राज्य बीमा योजना के सामाजिक सुरक्षा दायरे में लगभग 18,490 नए प्रतिष्ठान लाए गए हैं। मंत्रालय के मुताबिक इससे अधिक श्रमिकों की सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित हुई है।

उल्लेखनीय है कि आंकड़ों के माध्यम से पता चलता है कि राष्ट्र के युवाओं के लिए अधिक नौकरियां पैदा हुई हैं। उपलब्ध आंकड़े बताते हैं कि अप्रैल में जोड़े गए कुल 16.47 लाख कर्मचारियों में से 7.84 लाख कर्मचारी 25 वर्ष तक की आयु वर्ग के हैं। ये कुल पंजीकरण का

लगभग 47.60 प्रतिशत हैं। केंद्र सरकार द्वारा जारी इन आंकड़ों और पेरोल डेटा का लैंगिकवार विश्लेषण बताता है कि अप्रैल 2024 में महिला कर्मचारियों की संख्या भी अच्छी खासी रही है। महिला कर्मचारियों का शुद्ध नामांकन 3.38 लाख रहा है।

केंद्रीय श्रम और रोजगार मंत्रालय का कहना है कि महिला कर्मचारियों के अलावा, अप्रैल 2024 में ईएसआई योजना के तहत कुल 53 ट्रांसजेंडर कर्मचारियों ने भी पंजीकरण कराया है। यह हमारे समाज के हर वर्ग तक बीमा लाभ पहुंचाने के लिए ईएसआईसी की प्रतिबद्धता का परिचायक है। हालांकि, मंत्रालय ने यह भी बताया कि पे-रोल डेटा अनंतिम है, क्योंकि आंकड़ों के संकलन की प्रक्रिया लगातार चलती रहती है।

मिराए एसेट म्यूचुअल फंड ने लॉन्च किया भारत का पहला ईवी ईटीएफ

मुंबई। मिराए एसेट इन्वेस्टमेंट मैनेजर्स (इंडिया) की ओर से गुरुवार को भारत का पहला इलेक्ट्रिक व्हीकल (ईवी) एक्सचेंज-ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) लॉन्च किया गया। इस फंड का पूरा फोकस ईवी और नए जमाने की ऑटो कंपनियों पर होगा।मिराए द्वारा ये फंड ऐसे समय पर लॉन्च किया गया है, जब पिछले महीने नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ने ईवी कंपनियों पर फोकस करते हुए एक नया इंडेक्स लॉन्च किया है। मिराए एसेट निफ्टी ईवी और न्यू एज ऑटोमोटिव ईटीएफ का सब्सक्रिप्शन 24 जून को खुलेगा और 5 जुलाई को बंद होगा।इस एनएफओ में न्यूनतम 5,000 रुपये का निवेश करना होगा। इसके बाद एक रुपये के गुणज में निवेश किया जा सकता है। मिराए एसेट इन्वेस्टमेंट मैनेजर्स (इंडिया) के वाइस प्रेसिडेंट और सीईओ स्वरूप आनंद मोहंती ने कहा कि इस ईटीएफ के जरिए हमारा उद्देश्य निवेशकों को मोबिलिटी के भविष्य में निवेश करने का एक यूनिक अवसर देना है।उन्होंने आगे कहा कि इस ईटीएफ के जरिए हमारा लक्ष्य निवेशकों की पूंजी बढ़ाना और ऑटोमोटिव सेक्टर में हो रहे बदलावों को समर्थन देना है।इस फंड के जरिए सेक्टर की सभी मार्केट कैप वाली इलेक्ट्रिक व्हीकल, हाइब्रिड व्हीकल और बैटरी मैन्युफैक्चरिंग कंपनियों में निवेश किया जाएगा। साथ ही फ्यूचर की ऑटोमोबाइल टेक्नोलॉजी जैसे फ्यूल सेल और ऑटोनोमस व्हीकल कंपनियों में भी निवेश किया जाएगा।मिराए एसेट इन्वेस्टमेंट मैनेजर्स (इंडिया) के ईटीएफ प्रोडक्ट्स हेड ने बताया कि इस ईटीएफ में ईवी और नई ऑटोमोटिव टेक्नोलॉजी की उन सभी कंपनियों में निवेश किया जाएगा, जो सेक्टर में बदलाव लेकर आ रही हैं। यह ईटीएफ निवेशकों को तेजी से बदल रहे ऑटोमोबाइल सेक्टर में निवेश का एक अवसर प्रदान करता है। हाल ही में एनएसई द्वारा निफ्टी ईवी एंड न्यू एज ऑटोमोटिव इंडेक्स लॉन्च किया था।

मिश्रित वैश्विक संकेतों के बीच बढ़त के साथ खुले शेयर बाजार

मुंबई। भारतीय शेयर बाजार गुरुवार सुबह सीमित दायरे में थे। बाजार के बड़े सूचकांकों में करीब सपाट कारोबार हो रहा है। सुबह 9ः19 बजे तक निफ्टी पांच अंक की मामूली बढ़त के साथ 23,511 अंक पर और सेंसेक्स 48 अंक ऊपर 77,342 अंक पर था। बैंकिंग शेयरों में शुरुआती कारोबार में तेजी देखी जा रही है। निफ्टी बैंक 212 अंक या 0.41 प्रतिशत की बढ़त के साथ 51,618 अंक पर था।सेंसेक्स में कोटक महिंद्रा बैंक, एचडीएफसी बैंक, टाटा मोटर्स, टाटा स्टील, टाइटन, अल्ट्राटेक सीमेंट, भारती एयरटेल और महिंद्रा एंड महिंद्रा में सबसे ज्यादा बढ़त रही। सन फार्मा, बजाज फाइनेंस, बजाज फिनसर्व, नेस्ले और एचसीएल टेक पर सबसे ज्यादा दबाव देखा गया।छोटी और मझौली कंपनियों के शेयरों में भी सीमित दायरे में कारोबार हो रहा है। निफ्टी मिडकैप 100 सूचकांक 30 अंक या 0.06 प्रतिशत की तेजी के साथ 54,984 अंक पर और निफ्टी स्मॉलकैप 100 सूचकांक 17 अंक या 0.9 प्रतिशत की बढ़त के साथ 18,171 अंक पर है। सेक्टर के हिसाब से देखें तो पीएसयू बैंक, धातु, रियल्टी और निजी बैंक सूचकांक हरे निशान में हैं। वहीं, ऑटो, आईटी, फार्मा और एफएमसीजी में गिरावट है।

जानकारों का कहना है कि बाजार में सेक्टरोल बदलाव देखने को मिल रहा है। सही वैल्यूएशन वाले लार्जकैप बैंकिंग शेयरों में खरीदारी हो रही है। वहीं, पूंजीगत वस्तुओं, धातु, एफएमसीजी और टेलीकॉम में मुनाफावसूली हो रही है। बाजार के लिए अच्छी बात यह है कि विदेशी और घरेलू दोनों निवेशक खरीदारी कर रहे हैं।

खेल, मनोरंजन

ओलिंपिक से पहले नीरज ने जीता गोल्ड

पावो नूरमी गेम्स में 85.97 मीटर थ्रो किया

मसल्स में खिंचाव के कारण एक टूर्नामेंट छोड़ा

पानीपत। टोक्यो ओलिंपिक में जेवलिन थ्रो के गोल्ड मेडलिस्ट नीरज चोपड़ा ने फिनलैंड के टुर्कु में आयोजित पावो नूरमी गेम्स में जेवलिन में गोल्ड मेडल जीता है। उन्होंने 85.97 थ्रो करके पहला स्थान प्राप्त किया।

नीरज के अलावा फिनलैंड के टोनी केरानेन ने 84.19 मीटर के थ्रो के साथ दूसरे स्थान पर रहकर सिल्वर मेडल और ओलिवियर हेलांडर ने 83.96 मीटर के अपने सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ बॉन्ज मेडल जीता है। इस प्रतियोगिता में नीरज दूसरे थ्रो में पिछड़ गए थे। लेकिन इसके बाद उन्होंने न केवल अच्छी वापसी की, बल्कि अपना बेस्ट थ्रो भी किया।नीरज का गोल्ड जीतना भारत के लिए इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि 26 जुलाई से 11 अगस्त तक पेरिस ओलिंपिक गेम्स है। नीरज को पिछले महीने प्रैक्टिस के दौरान मांसपेशियों में खिंचाव आ गया था। इस वजह से उन्होंने 28 मई को चेक गणराज्य में आयोजित ओस्ट्रावा गोल्डन स्पाइक टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं लिया था। इसकी जानकारी नीरज ने सोशल मीडिया पर दी थी।नीरज चोपड़ा ने लिखा था, ÷मुझे ये समस्या पहले भी रही है। इस स्टेज पर अगर मैं खुद को पुश करता हूं तो ये चोट में बदल सकती है। मैं साफ कर दे रहा हूं कि मैं चोटिल नहीं हूं, पर मैं ओलिंपिक्स से पहले कोई खतरा नहीं लेना चाहता।नीरज चोपड़ा

सबसे पहले थ्रो करने आए और उन्होंने पहली ही बार में 83.62 मीटर का थ्रो किया। हालांकि यह उनकी खराब शुरुआत नहीं थी। वे एंडरसन पीटर्स से आगे रहे, जिन्होंने पहली बार में 82.58 मीटर का थ्रो किया।दूसरे प्रयास में नीरज ने 83.45 मीटर का थ्रो किया जो उनके शुरुआती प्रयास से बेहतर नहीं था। दूसरे प्रयास के बाद नीरज पिछड़ गए थे और ओलिवियर हेलांडर ने बढ़त बना ली थी। ओलिवियर ने दूसरे प्रयास में 83.96 मीटर का थ्रो किया था। इससे नीरज दूसरे स्थान पर खिसक गए थे।दूसरे प्रयास में पिछड़ने के बाद नीरज ने तीसरे प्रयास में शानदार वापसी की। उन्होंने 85.97 मीटर का थ्रो कर बढ़त हासिल कर ली। नीरज का यह सर्वश्रेष्ठ थ्रो रहा। नीरज 8 भाला फेंक एथलीट में एकमात्र खिलाड़ी रहे जिन्होंने 85 मीटर के थ्रो को पार किया।

वहीं, ओलिवियर अपने तीसरे प्रयास में 83 मीटर के पार भी नहीं जा सके और उन्होंने 82.60 मीटर का थ्रो किया। तीसरा प्रयास समाप्त होने के बाद नीरज ने अपनी बढ़त बनाए रखी। चौथे प्रयास में 82.21 मीटर का थ्रो किया।नीरज का यह इस मुकाबले का सबसे कमजोर थ्रो रहा, लेकिन इससे उनकी बढ़त पर कोई फर्क नहीं पड़ा क्योंकि अन्य कोई एथलीट उनके सर्वश्रेष्ठ थ्रो के करीब भी नहीं पहुंच सका।

आगामी फिल्म सूबेदार की तैयारी में जुटे अनिल कपूर

बॉलीवुड अभिनेता अनिल कपूर ने घोषणा की है कि उन्होंने अपनी अगली फिल्म पर काम शुरू कर दिया है। अभिनेता सुबेदार पर काम कर रहे हैं। उन्होंने इस फिल्म पर काम रियलिटी शो बिग बॉस ओटीटी सीजन 3 के प्रीमियर से कुछ दिन पहले शुरू किया है। बिग बॉस ओटीटी 3 से अनिल बतौर होस्ट डेब्यू कर रहे हैं। अब अगले कुछ महीनों तक अनिल अपने दोनों परियोजनाओं पर काम करते रहेंगे।अनिल कपूर ने सुबेदार की तैयारी करते हुए इंस्टाग्राम पर अपनी एक तस्वीर साझा की और इसकी इसकी घोषणा की। अभिनेता आत्मरक्षा का प्रशिक्षण लेते हुए नजर आ रहे हैं। तस्वीर में वे अपने ट्रेनर की गर्दन पकड़े हुए इंटेंस लुक में नजर आ रहे हैं। तस्वीर के साथ अभिनेता ने लिखा, अभी तो हाथ उठा ही कहां है, यह तो बस तैयारी है। उन्होंने यह भी बताया कि यह उनकी आगामी फिल्म सूबेदार की तैयारी के लिए है।वहीं फिल्म की कहानी के बारे में बात करें तो सुरेश त्रिवेणी द्वारा निर्देशित सूबेदार एक ऐसे व्यक्ति के बारे में है, जो कभी देश के लिए लड़ा था। अब उसका सामना दुश्मनों से है, जो उसके घर और परिवार को नष्ट करना चाहते हैं। अभी तक फिल्म के लिए अनिल कपूर के अलावा किसी अन्य अभिनेता की पुष्टि नहीं हुई है। यह फिल्म अबुंदंतिया एंटरटेनमेंट, ओपनिंग इमेज और

अनिल कपूर फिल्म एंड कम्युनिकेशन नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड द्वारा निर्मित है। सूबेदार के निर्माता विक्रम मल्होत्रा, सुरेश त्रिवेणी और अनिल कपूर हैं। वहीं त्रिवेणी ने निर्देशक के रूप में कमान संभाली है। पटकथा त्रिवेणी और प्रज्वल चन्द्रशेखर ने मिलकर लिखी है। फिल्म की रिलीज डेट की घोषणा होनी अभी बाकी है।वहीं बात करें बिग बॉस ओटीटी 3 के तो अनिल इसके जरिए होस्ट के तौर पर काम करने के लिए उत्साहित हैं। बिग बॉस ओटीटी 3 शो 21 जून से जियो सिनेमा पर स्ट्रीम होगा। यह शो हर रोज रात 9 बजे सिर्फ प्रीमियम यूजर्स के लिए उपलब्ध होगा। हालांकि प्रतियोगियों की पूरी सूची अभी तक पुष्टि नहीं की गई है।

वेस्टइंडीज को 8 विकेट से हराकर इंग्लैंड ने मैच जीता

स्पोर्ट्स डेस्क। टी-20 वर्ल्ड कप में सुपर-8 के मुकाबले शुरू हो गए हैं। दूसरे मैच में इंग्लैंड की ओर से ताबड़तोड़ बल्लेबाजी देखने को मिली। 181 का टागरेट चेज करने उतरी इंग्लैंड ने 8 विकेट रहते मैच जीत लिया। फिल सॉल्ट ने नाबाद 87 रन की पारी खेली। वेस्टइंडीज के रोमारियो शेफर्ड ने एक ओवर में 30 रन दिए और टी-20 वर्ल्ड कप में पांचवें सबसे महंगे ओवर के रिकॉर्ड की बराबरी की। वेस्टइंडीज की पारी में ब्रैंडन किंग पीठ में खिंचाव के चलते 23 रन पर रिटायर्ड हर्ट हो गए।

वेस्टइंडीज की पारी का तीसरा ओवर रीस टॉप्ली ने किया। पहली दो गेंदों पर कोई रन न आने के बाद ब्रैंडन किंग ने बैट बदला। ओवर की तीसरी गेंद उन्होंने नए बैट से खेली। टॉप्ली ने किंग को पैर के पास गेंद फेंकी। किंग ने मिड विकेट की दिशा में 101 मीटर का छक्का लगाया। इसके बाद अंपायर को नई बॉल मंगवानी पड़ी। तीसरे ओवर की तीसरी गेंद पर ब्रैंडन किंग ने रीस टॉप्ली की गेंद पर 101 मीटर का सिक्स लगाया। इंग्लैंड के लिए चौथा ओवर सैम करन लेकर आए। पहली गेंद पर चौका खाने के बाद दूसरी गेंद उन्होंने ऑफ स्टंप के बाहर फेंकी। वेस्टइंडीज के ब्रैंडन किंग ने बॉल तक पहुंचने के लिए स्ट्रेच किया और उनकी कमर में खिंचाव आ गया। शॉट मारने के साथ ही वह पिच पर पीठ के बल लेट गए। ग्राउंड पर फिजियो आए और जांच के बाद ब्रैंडन किंग को चोट के चलते मैदान छोड़ना पड़ा। वह 23 रन पर रिटायर्ड हर्ट हो गए। फिजियो की जांच के बाद वेस्टइंडीज के ब्रैंडन किंग रिटायर्ड हर्ट होकर मैदान के बाद बाहर चले गए। वेस्टइंडीज की पारी का 15वां ओवर लियाम लिविंगस्टन ने किया।

नबी को पछाड़ नंबर एक टी20 ऑलराउंडर बने स्टोइनिस

दुबई। स्टोइनिस एक स्थान के फायदे से नंबर एक ऑलराउंडर बने, जबकि नबी को तीन स्थान का नुकसान हुआ। श्रीलंका के कप्तान वानिंदु हसरंगा ऑलराउंडर्स में दूसरे और बांग्लादेश के अनुभवी शाकिब अल हसन तीसरे स्थान पर हैं।

टी20 विश्व कप 2024 के बीच आईसीसी ने ताजा टी20 रैंकिंग जारी की है। ऑस्ट्रेलिया के मार्कस स्टोइनिस अफगानिस्तान के मोहम्मद नबी को पछाड़कर ताजा आईसीसी टी20 रैंकिंग में नंबर एक ऑलराउंडर बन गए। मौजूदा संस्करण में स्टोइनिस ने छह विकेट चटकाने के अलावा बल्ले से भी उपयोगी योगदान दिया और ऑस्ट्रेलिया को सुपर आठ में जगह दिलाने में मदद की। स्टोइनिस एक स्थान के फायदे से नंबर एक ऑलराउंडर बने, जबकि नबी को तीन स्थान का नुकसान हुआ। श्रीलंका के कप्तान वानिंदु हसरंगा ऑलराउंडर्स में दूसरे और बांग्लादेश के अनुभवी शाकिब अल हसन तीसरे स्थान पर हैं। नबी चौथे, जिम्बाब्वे के सिकंदर रजा छठे और भारत के हार्दिक पांड्या सातवें स्थान पर हैं। पांड्या को तीन मैचों में शानदार गेंदबाजी की वजह से एक स्थान का फायदा हुआ। शीर्ष 10 टी20 ऑलराउंडर्स में पांड्या एकमात्र भारतीय खिलाड़ी हैं। वेस्टइंडीज के गेंदबाजों ने अब तक टी20 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन किया है जो उनकी रैंकिंग में भी नजर आता है। बाएं हाथ के स्पिनर अकील हुसैन गेंदबाजी रैंकिंग में छह स्थान के फायदे से दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। इंग्लैंड के स्पिनर आदिल रशीद शीर्ष पर बने हुए हैं। तेज गेंदबाज अल्जारी जोसेफ भी छह स्थान के फायदे से 11वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

क्रू ने बनाया रिकॉर्ड, बनी 2024 में नेटफ्लिक्स पर सबसे ज्यादा देखी गई भारतीय फिल्म

इस साल कई फिल्में दर्शकों के बीच आईं, लेकिन क्रू ने बॉक्स ऑफिस पर खूब धमाका किया। न सिर्फ भारत में, बल्कि विदेशों में भी फिल्म ने जमकर कमाई की।उधर करीना कपूर, कृति सैनन और तब्बू की तिकड़ी ने भी दर्शकों का दिल जीत लिया।सिनेमाघरों के बाद फिल्म ने ओटीटी पर भी तहलका मचाया और अब यह नेटफ्लिक्स पर 2024 में सबसे ज्यादा देखी गई फिल्म बनकर उभरी है। क्रू ने नेटफ्लिक्स पर फिल्म लापता लेडीज को भी पीछे छोड़ दिया है।इसे 10 जून से 16 जून तक 12 लाख लोगों ने देखा, जिससे 24 दिनों में इसके कुल व्यूज 1 करोड़ 79 लाख हो गए।उधर लापता लेडीज के नेटफ्लिक्स पर शीर्ष 10 में रहने के दौरान 1 करोड़ 71 लाख व्यूज थे। लिहाजा क्रू साल की सबसे ज्यादा देखी जाने वाली भारतीय फिल्म बन चुकी है, वहीं लापता लेड़ीज

अब दूसरे पायदान पर आ गई है। क्रू ने दुनियाभर के बॉक्स ऑफिस पर 150 करोड़ से अधिक की कमाई की थी और 8 हफ्ते सिनेमाघरों में शानदार प्रदर्शन पूरा करने के बाद 24 मई को इसका नेटफ्लिक्स पर प्रीमियर हुआ।अपने प्रीमियर के पहले हफ्ते में फिल्म 54 लाख व्यूज बटोर चुकी थी।कुल मिलाकर क्रू ने न सिर्फ सिनेमाघरों में दर्शकों के बीच अपना जादू चलाया, बल्कि ओटीटी पर भी यह दर्शकों को लुभाने में कामयाब रही।

गर्मी का धान खरीदने रणनीति तैयार

■ मंत्री मंडलीय उप समिति की बैठक में खाद्य मंत्री दयालदास बघेल मौजूद रहे

रायपुर/नवप्रदेश। आगामी विपणन वर्ष 2024-25 में धान उपार्जन की प्रारंभिक तैयारी के संबंध में यहां मंत्रालय महानदी भवन में खाद्य मंत्री दयालदास बघेल की अध्यक्षता में मंत्री मंडलीय उप समिति की बैठक सम्पन्न हुई। इस अवसर पर कृषि मंत्री रामविचार नेताम, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा शामिल हुए। बैठक में खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में धान उपार्जन की आरंभिक तैयारी की समीक्षा की गई।

मंत्री मंडलीय उप समिति की बैठक में धान उपार्जन हेतु बारदाने की व्यवस्था और किसान पंजीयन खरीदी केन्द्रों की व्यवस्था के संबंध में व्यापक विचार-विमर्श किया गया।

महिलाओं से छेड़खानी युवक गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। पिछले कुछ समय से रायपुर के पॉस कालोनी और इलाकों में एक शख्स बाइक पर पहुँचता था और महिलाओं और युवतियों के साथ छेड़छाड़ की घटना को अंजाम देता था। आरोपी स्थानीय आदित्य हाइट्स में रहने वाला साकेत जैन हैं। इस सूचना के बाद पंडरी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए फौरन आरोपी को धरदबोचा।

कृषक कल्याण को समर्पित किसान हितैषी मोदी सरकार: विष्णुदेव साय

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने 14 फसलों पर एमएसपी मंजूर करने पर केंद्र सरकार के प्रति आभार जताया है। सीएम ने कहा कि देश के किसानों को एक बड़ी खुशखबरी देते हुए मोदी सरकार द्वारा धान की एमएसपी में 117 रूपये की वृद्धि कर प्रति क्विंटल 2300 रुपए किया जाना अन्नदाताओं की समृद्धि के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक कदम है।

आसमान छूने लगे सब्जियों के दाम

■ रायपुर में टमाटर 70-100 रुपये प्रति किलो

रायपुर/नवप्रदेश। आमदनी कम होने के कारण इन दिनों सब्जियों के दाम आसमान छू रहे हैं. पिछले सप्ताह लगातार बढ़ रहे टमाटर के दाम सप्ताह के पहले दिन सोमवार को 70 रुपये प्रति किलो तक पहुंच गए। एक पखवाड़े में सब्जियों के दाम दोगुने से ढाई गुने तक हो गये हैं. इन दिनों सब्जियों से होने वाली आय भी 30 फीसदी तक कम हो गयी है. पहली बार बाजार में बरबट्टी 100 रुपए प्रति किलो उपलब्ध है, वहीं शिमला मिर्च भी शतक पार कर गई है। व्यापारियों का कहना है कि दाम बढ़ने का मुख्य कारण यह है कि बाजार से स्थानीय आय नगण्य हो गई है और सब्जियों के लिए पूरी तरह से विदेशी आय पर निर्भरता हो गई है. ऊपरी बाजार से आने वाली इन सब्जियों की कीमत वहां काफी ज्यादा है, जिसका असर यहां भी

जानिए गोभी, करेला और अन्य सब्जियों के दाम

शास्त्री बाजार, गोलबाजार, अमपारा, संतोषीनगर समेत अन्य बाजारों में टमाटर 70 रुपये प्रति किलो, पत्तागोभी 70 रुपये प्रति किलो, बैगन 60 रुपये प्रति किलो, भिंडी 60 रुपये प्रति किलो, करेला 60 रुपये प्रति किलो है. . , गोभी रु. 60 प्रति किलो, बर्बादी रु. शिमला मिर्च 110 रुपये प्रति किलो. 60 रुपये किलो बिक रहा है. इसके साथ ही आलू और प्याज की कीमतों में भी जबरदस्त इजाफा हुआ है और दोनों की कीमतें इन दिनों 40 रुपये प्रति किलो तकपहुंच गई हैं. टमाटर, पत्तागोभी, हरा चना कर्नाटक से आयात किया जाता है और हाल ही में कर्नाटक में पेट्रोल और डीजल की कीमतें भी बढ़ी हैं। ऐसे में वहां से आने वाली सब्जियां महंगी हो गई हैं।

टमाटर हो सकते हैं और महंगे

व्यापारियों के मुताबिक इस सप्ताह के अंत या अगले सप्ताह की शुरुआत में टमाटर की कीमतें और बढ़ सकती हैं. वर्तमान समय में इसकी मांग गरीबों की आय से कहीं अधिक है। टमाटर के साथ-साथ आलू और प्याज की कीमतें भी बढ़ने की संभावना है।

जैसे-जैसे आवक में सुधार होगा, कीमतें घटेंगी

थोक सब्जी व्यापारी संघ के अध्यक्ष टी श्रीनिवास रेड्डी ने कहा कि इन दिनों सब्जियों से आय बहुत कम है. साथ ही उपरोक्त बाजार से सब्जियों के दाम भी बढ़ रहे हैं. आमदनी सुधरेगी तो सब्जियों के दाम घटेंगे।

15 जुलाई तक कीमतों में कोई संशोधन होने की उम्मीद नहीं है

सब्जी व्यापारियों का कहना है कि हाल ही में हुई बारिश के कारण सब्जी की फसल भी बर्बाद हो गई है. जिससे आय कम हो गई है। महंगाई का सबसे बड़ा कारण घरेलू राजस्व की कमी है. अगले पखवाड़े में स्थानीय लोगों का भी आना शुरू हो सकता है। ऐसे में कीमत में भी सुधार होगा।

दैनिक नवप्रदेश

आवश्यक सूचना

दैनिक नवप्रदेश के जिन पाठकों को नवप्रदेश अखबार नहीं मिल रहा है। कृपया निम्नलिखित नंबरों पर संपर्क या वॉट्सऐप या मेल भी कर सकते है।

9893402169, 9827485202

Navpradesh@gmail.com